स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, सोमवार
7 जुलाई, 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष 12
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 315 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

# स्वतंत्र भारत

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net

# एकता-अखंडता के लिए समर्पित रहे श्यामा प्रसाद मुखर्जी

## सीएम योगी ने जनसंघ के संस्थापक को अर्पित की श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने मुखर्जी को श्रद्धांजलि देने के बाद अपने संबोधन में कहा कि मुखर्जी एक प्रखर वक्ता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान शिक्षाविद थे। उनका पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित रहा।


उन्होंने दावा किया कि पंडित जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में बनी देश की पहली सरकार में खाद्य एवं उद्योग मंत्री रहे मुखर्जी ने नेहरू सरकार की तुष्टिकरण के नीति के विरोध में मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था। योगी ने कहा कि जब नेहरू सरकार ने संविधान में कश्मीर को अनुच्छेद 370 के जरिये अलग दर्जा देने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सबसे पहले मुखर्जी ने ही आवाज उठाई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुखर्जी ने उस समय एक देश में 'दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे' का नारा दिया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करके कश्मीर को भारत के संविधान के अनुरूप शेष भारत के साथ जोड़ते हुए 'एक विधान, एक प्रधान और एक निशान' के साथ देश लोकतांत्रिक धारा के साथ जोड़ने का अभिनव प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जम्मू-कश्मीर तेजी के साथ विकास कर रहा है और यह डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संकल्पों की विजय है। बताते चलें कि संस्कृति मंत्रालय की ओर से 6 जुलाई 2025 से 6 जुलाई 2027 तक 125वीं जयंती स्मृति वर्ष के तहत प्रदेश भर में दो वर्षीय विशेष आयोजनों की श्रृंखला चलाई जाएगी। इसका शुभारंभ रविवार से किया गया। इन आयोजनों के माध्यम से युवापीढ़ी को डॉ. मुखर्जी के आदर्शों, उनके जीवन और भारत की अखंडता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से अवगत कराया जाएगा।



## कश्मीर की एकता के लिए उन्होंने खुद को किया बलिदान : अमित

**अहमदाबाद।** देश की राजनीति और कश्मीर के मुद्दे पर बड़ा बयान देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया। गुजरात के आणंद में आयोजित कार्यक्रम में अमित शाह ने कहा कि अगर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी न होते तो आज कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा न बन पाता। उन्होंने मुखर्जी के बलिदान और राष्ट्र के लिए उनके योगदान को याद किया।



अमित शाह ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अनुच्छेद 370 और जम्मू-कश्मीर को दी गई विशेष स्थिति का जोरदार विरोध किया था। उन्होंने एक देश में दो प्रधान, दो निशान और दो विधान नहीं चलेंगे का नारा दिया। शाह ने कहा कि मुखर्जी ने कश्मीर की एकता के लिए खुद को बलिदान कर दिया, तभी जाकर आज जम्मू-कश्मीर भारत का पूरा हिस्सा है। गृह मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल को भारत का हिस्सा बनाए रखने में भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी की बड़ी भूमिका रही। उन्होंने स्वामी प्रणवानंद के साथ मिलकर बंगाल को भारत में एकता सुनिश्चित की। शाह ने कहा कि जिस पार्टी की शुरुआत मुखर्जी ने सिर्फ 10 लोगों के साथ की थी, आज वही भारतीय

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कारण ही कश्मीर बना भारत का हिस्सा

जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आजादी के बाद नेहरू मंत्रिमंडल में शामिल होकर देश की औद्योगिक नीति बनाने में अहम योगदान दिया। उन्होंने चित्तरंजन लोकोमोटिव फैक्ट्री, सिंदरी फर्टिलाइज़र और हिंदुस्तान जैसी कई संस्थाओं की नींव रखी। लेकिन बाद में नेहरू सरकार की तुष्टीकरण नीति से असहमति जताते हुए उन्होंने इस्तीफा दे दिया और 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की।

अमित शाह ने कहा कि मुखर्जी केवल राजनीतिक नेता नहीं थे, बल्कि एक शिक्षाविद्, देशभक्त और दूरदर्शी भी थे। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी ने कलकत्ता विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर और हाई कोर्ट के जज रहते देश की शिक्षा और न्याय व्यवस्था को मजबूत किया। मुखर्जी ने भी शिक्षा, उद्योग और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी।



## 58 साल बाद टूटा इंग्लैंड का गुरूर

### भारत ने 336 रनों से दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को बर्मिंघम के एजबेस्टन ग्राउंड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 336 रन से हरा दिया। इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है। 608 रन के टारगेट का पीछा कर रही इंग्लैंड की टीम मैच के आखिरी दिन 271 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत ने 1986 में लीड्स में अंग्रेजों को इस अंतर से हराया था। भारत ने बर्मिंघम में 58 साल में पहली जीत हासिल की है। बारिश के कारण पांचवें दिन का खेल देरी से शुरू हुआ, आकाश दीप ने इंग्लैंड को शुरुआत में ही दो झटके दिए। इसके बाद बेन स्टोक्स ने जैमी स्मिथ के साथ 70 रनों की साझेदारी कर डाली। वॉशिंगटन सुंदर ने स्टोक्स को आउट किया। भारत ने शेष चार विकेट लिए और मैच समाप्त कर दिया। आकाश दीप ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया पारी में छह विकेट लिए। आकाश ने पहली पारी में चार विकेट लिए थे। मो सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर को एक-एक विकेट मिला। इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में क्रिस वोक्स (7), जैमी स्मिथ (88), जोश टंग (2) और ब्रायडन कार्स (38) के विकेट गंवाए। शोएब बशीर 12 रन बनाकर नाबाद लौटे।

## भारत में रोका गया रॉयटर्स का एक्स अकाउंट

**नई दिल्ली।** भारत में अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी रॉयटर्स का एक्स अकाउंट रोक दिया गया है। जब लोग रॉयटर्स का एक्स अकाउंट खोलने की कोशिश कर रहे हैं, तो उन्हें मैसेज

### सरकार ने कहा- हम कंपनी के संपर्क में, जल्द ही मामला सुलझेगा

दिख रहा है कि यह अकाउंट भारत में कानूनी मांग के तहत रोका गया है। इस मामले पर सरकार ने साफ कहा है कि उसकी तरफ से ऐसा कोई नया आदेश नहीं दिया गया है। केंद्र सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सरकार ने रॉयटर्स का अकाउंट रोकने के लिए कोई नया आदेश नहीं दिया है। उन्होंने कहा, कि भारत सरकार ने रॉयटर्स का अकाउंट रोकने की कोई मांग नहीं की है। हम एक्स कंपनी के संपर्क में हैं और उम्मीद है कि जल्द ही यह मामला सुलझ जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, मई महीने में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स को भारत में रोकने का आदेश दिया गया था। उस समय कई अकाउंट्स पर रोक लगी थी, लेकिन रॉयटर्स का अकाउंट तब नहीं रोका गया। अब माना जा रहा है कि एक्स कंपनी ने उसी पुराने आदेश को लागू कर दिया है।

सरकारी सूत्रों का कहना है कि 7 मई 2024 को जो आदेश दिया गया था, एक्स कंपनी ने उसे अब लागू कर दिया है, जबकि अब उसकी कोई जरूरत नहीं है। सरकार ने एक्स से इसका कारण पूछा है और कहा है कि जल्द से जल्द रॉयटर्स का अकाउंट वापस चालू किया जाए।

## मणिपुर में महिला समेत दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल और इंफाल वेस्ट जिलों में सुरक्षाबलों ने एक प्रतिबंधित संगठन से जुड़े दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें एक महिला भी शामिल है। चंदेल जिले के विभिन्न हिस्सों में तलाशी अभियान के दौरान हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन प्रेपक (प्रो) की एक महिला कैडर को शनिवार को थौबल जिले के सलुंगफम इलाके से गिरफ्तार किया गया, जबकि संगठन के एक अन्य सदस्य को इम्फाल वेस्ट जिले के नगमापाल इलाके से पकड़ा गया। अधिकारी के मुताबिक राज्य में फिरौती और आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए खुफिया सूचनाओं के आधार पर तलाशी अभियान और घेराबंदी की जा रही है।

## निपाह से 18 वर्षीय लड़की की मौत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मलप्पुरम में एक 18 वर्षीय लड़की की हाल ही में निपाह वायरस से मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने शनिवार को बताया कि लड़की चेट्टियारंगडी की रहने वाली थी। उसने कोझिकोड जिले के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार, शुरुआती जांच में निपाह संक्रमण की पुष्टि हुई। बाद में पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) ने नमूनों की जांच की और संक्रमण की पुष्टि की। इसके अलावा, पलक्कड़ जिले के थाचनट्टुकारा में एक 38 वर्षीय महिला भी निपाह वायरस से संक्रमित पाई गई है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने स्थिति की समीक्षा के लिए तिरुवनंतपुरम में एक उच्च स्तरीय बैठक की।

## चिराग के ऐलान से मुश्किल में एनडीए

**छपरा।** साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से पहले, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में अंदरूनी घमासान मचा हुआ है। अब इस में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के एक बयान ने बीजेपी और जेडीयू दोनों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। छपरा के राजेंद्र स्टेडियम से चिराग पासवान ने ऐलान किया है कि उनकी पार्टी बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चिराग पासवान रविवार को छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में पार्टी द्वारा आयोजित नव-संकल्प महासभा कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए चिराग ने हुंकार भरते हुए कहा, आज सारण की इस पावन धरती से, आप सबके सामने मैं यह कहकर जा रहा हूं कि हां, मैं चुनाव लड़ूंगा।

## वेटिंग टिकट से छुटकारा दिलाएगी वंदे भारत

**नई दिल्ली।** हर साल गर्मियों में रेलवे में टिकट वेटिंग की बढ़ने वाली समस्या 4-5 साल में कम या खत्म हो सकती है। सरकार कुछ नई ट्रेनें के साथ वंदे भारत का जबरदस्त

### अगले पांच साल में रेलवे सुविधाओं पर 1.20 लाख करोड़ निवेश!

विस्तार करने वाली है। इससे काफी हद तक वेटिंग की समस्या से छुटकारा मिलेगा। इन सभी सुविधाओं पर 1.20 लाख करोड़ रुपये तक खर्च किया जा सकता है। टीटागढ़ रेलवे सिस्टम के मुताबिक, इस समय सरकार वंदे भारत पर जोर दे रही है। अगले चार से पांच साल में 400-500 वंदे भारत ट्रेनों को विभिन्न शहरों में उतारा जाएगा। इसमें स्लीपर भी होंगे।




कंपनी के डिप्टी एमडी पृथ्वीश चौधरी ने बताया, 3,000 नई ट्रेनें भी आ रही हैं। इसके साथ अगले दो से तीन साल में 100 अमृत भारत ट्रेनें और 17,500 जनरल एवं गैर एसी कोच भी बनने वाले हैं। उन्होंने कहा, मेट्रो रेल का विस्तार 1,700 किलोमीटर तक होने वाला है। इससे कोच बनाने वाली कंपनियों को भी अपनी क्षमता का विस्तार करना पड़ रहा है। 80 वंदेभारत स्लीपर ट्रेन बनाई जाएंगी। सरकारी कंपनी भारत हैवी इंजीनियरिंग लि टीटागढ़ के साथ मिलकर 80 वंदेभारत स्लीपर ट्रेन बनाएंगी। चौधरी के मुताबिक, कोलकाता के उत्तरपाड़ा प्लांट में मेट्रो रेल के ट्रेन सेट का निर्माण शुरू हो गया है। कंपनी बंगलुरू, अहमदाबाद, सूरत और पुणे मेट्रो के लिए कोच बना रही है। इस समय कंपनी के पास कुल 24,500 करोड़ रुपये के ऑर्डर हैं।

## दलाई लामा के जन्मदिन पर पीएम मोदी ने दी बधाई

**शिमला।** तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा आज 90 साल के हो गए हैं। इस खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जन्मदिन

### कहा- वह प्यार, करुणा और धैर्य का प्रतीक हैं





की शुभकामनाएं दी हैं। मोदी ने दलाई लामा को 'प्यार, करुणा, धैर्य और नैतिक अनुशासन' का प्रतीक बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। पीएम मोदी ने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों की तरफ से वह दलाई लामा को शुभकामनाएं देते हैं। दलाई लामा का जन्मदिन भारत में भी बड़े धूमधाम से मनाया गया। रविवार सुबह हिमाचल प्रदेश के शिमला के पास स्थित डोरजिडक मठ में तिब्बती बौद्ध भिक्षुओं ने उनके लिए विशेष प्रार्थना की। इससे एक दिन पहले धर्मशाला में एक बड़ा कार्यक्रम हुआ, जिसमें बीजेपी नेता विजय जॉली और जेडीयू नेता राजीव रंजन (ललन) सिंह सहित कई प्रमुख भारतीय नेताओं ने हिस्सा लिया। धर्मशाला में ही दलाई लामा का मुख्य निवास भी है।

दलाई लामा का असली नाम तेनजिन ग्यात्सो है। उनका जन्म छह जुलाई 1935 को तिब्बत के तक्सर गांव में हुआ था। महज दो साल की उम्र में ही उन्हें तिब्बत के 13वें दलाई लामा का पुनर्जन्म माना गया। इसके बाद 1939 में उन्हें ल्हासा लाया गया और 22 फरवरी 1940 को उन्हें तिब्बत के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापित किया गया। छह साल की उम्र में उन्होंने बौद्ध शिक्षा ग्रहण करनी शुरू कर दी थी।

## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने खाली नहीं किया बंगला

**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का सरकारी बंगले में ज्यादा दिन तक रुकना अब विवाद का कारण बन गया है। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि 5, कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला तुरंत खाली करवाया जाए। यह बंगला देश के मुख्य न्यायाधीश का आधिकारिक निवास है। चंद्रचूड़ नवंबर 2024 में रिटायर हुए थे, लेकिन अब तक वहीं रह रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक जुलाई को केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा है कि देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ तय समय से ज्यादा दिन बंगले में रह रहे हैं। नियम के मुताबिक रिटायरमेंट के बाद पूर्व मुख्य न्यायाधीश को छह महीने तक टाइप-सात बंगले में रह सकते हैं। लेकिन चंद्रचूड़ टाइप-आठ बंगले में आठ महीने से रह रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। इस मुद्दे पर चंद्रचूड़ ने कहा कि यह देरी उनके पारिवारिक कारणों की वजह से हुई। उन्होंने बताया कि उनकी दो बेटियों को विशेष देखभाल की जरूरत है और उनके लिए उपयुक्त घर ढूंढना आसान नहीं था। सरकार ने उन्हें किराए पर दूसरा घर दिया है, जिसकी मरम्मत चल रही है।





उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लाल ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से कुछ तस्वीरें धरती पर भेजी हैं। आईएसएस से भेजी गई तस्वीरों में ग्रुप कैप्टन के चेहरे पर मुस्कुराहट दिख रही है। शुभांशु आईएसएस के 7 खिड़कियों वाले कपोला मॉड्यूल से धरती के खूबसूरत नजारे का लुत्फ उठाते नजर आ रहे हैं।


## 'सुपरपावर देशों की तानाशाही से टकराव का माहौल'

### नितिन गडकरी बोले- कभी भी हो सकता है विश्व युद्ध

**नागपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि दुनिया में रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान जैसे युद्धों के कारण टकराव का माहौल बन गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति बन रही है जिससे कभी भी विश्व युद्ध छिड़ सकता है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नागपुर में बियॉन्ड बॉर्डर्स नाम के पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़ी महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद के चलते दुनिया से समन्वय, सौहार्द और प्रेम खत्म होता जा रहा है।

उन्होंने कहा, आज पूरी दुनिया में संघर्ष का वातावरण है। रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान के बीच युद्ध जारी है। ऐसे हालात बन रहे हैं कि कभी भी वर्ल्ड वॉर जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। केंद्रीय मंत्री ने इस मौके पर भारत की सांस्कृतिक विरासत की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत बुद्ध की धरती है, जिसने दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश दिया है।

नितिन गडकरी ने कहा कि युद्ध की तकनीक अब पूरी तरह बदल चुकी है। अब टैंक और पारंपरिक विमान कम उपयोगी हो गए हैं, जबकि मिसाइल और ड्रोन जैसे आधुनिक हथियारों का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा अब मिसाइलें सीधे नागरिक बस्तियों पर गिराई जा रही हैं, जिससे मानवता की रक्षा करना मुश्किल होता जा रहा है। यह एक गंभीर समस्या है जिस पर वैश्विक स्तर पर चर्चा की जरूरत है।



# 'सुर कहां के, साज़ कैसा, कैसी बज़्म-ए-सामईन!'

**नवकांत ठाकुर**

उन्नीसवीं सदी के महानतम शायर अकबर इलाहाबादी ने हर हाल में हमेशा साथ निभाने के बजाय, मौकापरस्ती के तहत 'साथ छोड़ने के लिए ही हाथ पकड़ने' वालों और कभी इधर कभी उधर संतुलन साधते रहने वालों की ओर इशारा करते हुए कहा था कि **हर कदम कहता है तू आया है जाने के लिए / मंज़िल-ए-हस्ती नहीं है दिल लगाने के लिए / सुर कहाँ के साज़ कैसा कैसी बज़्म-ए-सामईन / जोश-ए-दिल काफ़ी है अकबर तान उड़ाने के लिए।** यानी मेल हो, बेमेल हो या घालमेल हो, मगर खेल होते रहना चाहिए और अकबर साहब के शब्दों में कहें तो हर हाल में जोश-ए-दिल के साथ तान उड़ाते हुए खेल का आनंद लेते रहना चाहिए। भले ही लोकतांत्रिक मूल्यों और अपेक्षाओं की तेरहवीं करते हुए अंतिम सांस तक संगठन की पूरी बागडोर अपनी मुट्ठी में कैद रखने के लिए तेरहवीं बार अध्यक्ष पद पर अपना निर्वाचन कराने वाले राजद सुप्रीमो लालू यादव द्वारा अक्सर दोहराई जानेवाली पूर्वांचल की लोकोक्ति **बेमेल बियाह, कनपट्टी सिंदूर** की स्थिति ही क्यों ना हो। आखिर सिंदूर की सौगात के साथ वस्त्र की रात की उम्मीद भी तो जुड़ी रहती है। बेशक इसके लिए भगवान भोलेनाथ जैसी ही बारात क्यूँ ना सजानी पड़े।

वैसे भी सियासत में भोलेनाथ की बारात अक्सर सजती ही रहती है जिसमें **हंसुआ के बियाह में खुरपी का गीत** गाने वालों की जमात को क्षमता के मुताबिक किसी को ढोल-नगाड़ा, किसी को तुरही-पिपही और किसी को ताली-थपड़ी बजाने का काम भी मिल जाता है। भले ही ऐसे बेमेल घालमेल में अंदरखाने सेहरा पहनने के लिए भी आपस में जूतम-

### नज़र और नज़रिया

पैजार होती हो और हर बाराती खुद को वर ही समझता हो। लेकिन बाहर ऐसा भौकाल बनाया जाता है मानो बहुमत की आंधी या तूफान नहीं बल्कि जनमत के समर्थन का बादल फटने वाला हो। विरोधियों की उम्मीदों को दफन कर देने वाले बयानों की बिजली कड़कती है, अधिकारियों को शोले के डायलॉग **तेरा क्या होगा कालिया** सरीखी अग्रिम चेतावनी दी जाती है और अपनी ही फैलाई अफवाह पर खुद ही यकीन करते हुए जनता जनार्दन के बीच ऐलान कर दिया जाता है कि **राजतिलक की करो तैयारी, आ रही है सरकार हमारी।** जब बुआ और बबुआ एक साथ आए थे तब भी ऐसी ही तस्वीर दिखी थी और जब यूपी के दो लड़कों ने परस्पर हाथ मिलाया था तब भी यही माहौल बनाया गया था। यहां तक कि **कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा** जोड़कर भानुमति की तरह जब इंडी गठबंधन का कुनबा जोड़ा गया तब भी ऐसी ही दहाड़ सुनाई पड़ी और अब महाराष्ट्र के दो बिगड़े दिल शहजादे सब कुछ लुटा कर होश में आने के बाद खुले मंच से जब दो को गुंडा बताते हुए और अपने समर्थकों को कैमरा बंद करके हिन्दी भाषियों की कान के नीचे पूरी ताकत से बजाने के लिए उकसाते हुए एक साथ आए हैं तब भी ऐसी ही हुंकार से विरोधियों का कलेजा कंपाने का प्रयास हो रहा है। लेकिन मसला यह है कि सिर्फ गणितीय समीकरण में ही एक के साथ एक के जुड़ने पर दो का नतीजा सामने आता है। सियासत में या तो एक और एक मिलकर ग्यारह हो जाते हैं या फिर एक के साथ जुड़ने पर दूसरे एक का अस्तित्व भी समाप्त हो जाता है। साथ ही कई बार ईशावास्योपनिषद के शांति पाठ में वर्णित **पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥** की स्थिति भी दिखाई पड़ती है जिसमें शून्य से शून्य को घटाने, शून्य में शून्य को जोड़ने या शून्य को शून्य के साथ बिठा देने से भी नतीजा शून्य ही हासिल होता है। **'जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।'**

स्वतंत्र भारत
कानपुर सोमवार , 7 जुलाई 2025


# उन्नाव समाचार

## सात वाहनों का चालान

पुरवा,उन्नावः एआरटीओ कार्यालय में तैनात पीटीओ शैहपर किदवई ने चेकिंग अभियान चलाया। पीटीओ को कस्बे के बस स्टेशन, मिर्री चौराहा व बस स्टाप के पास चलाए गए चेकिंग अभियान में 3 निजी बस, 1 लोडर, 2 ई रिक्शा व 1 टेम्पों चालकों से वाहन संबंधी कागजात मांगे। उक्त चालकों द्वारा कागजात न दिखा पाने पर सभी वाहनों का चालान कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। कोतवाल ने बताया कि एआरटीओ कार्यालय में तैनात पीटीओ ने 7 वाहनों के चालान किए हैं। जिन्हें कोतवाली में खड़ा कर दिया गया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से छात्र मौत

**नवाबगंज उन्नाव।** कस्बे के लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर संगीता होटल चौराहे के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टहलने निकले 14 वर्षीय छात्र को टक्कर मार दी। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई।
मृतक की पहचान नवाबगंज कस्बे के बंगला निवासी राजेश के बेटे शनि के रूप में हुई है। शनि कस्बे के एक स्कूल में कक्षा 8 का छात्र था। हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआए जब वह घर से टहलने निकला था।पुलिस के अनुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है। मृतक के पिता राजेश गंभीर रूप से बीमार हैं। परिवार में उसका एक बड़ा भाई शिवा और एक बड़ी बहन सोना हैं।

## उन्नाव के आम उत्पादकों ने लखनऊ आम महोत्सव में लहराया परचम ओम प्रकाश सिंह को द्वितीय स्थान ।



**स्वतंत्र भारत हसनगंज उन्नाव।** लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में 4 से 6 जुलाई तक आयोजित उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025 में उन्नाव जनपद के आम उत्पादकों ने अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता के आमों के लिए विशेष सम्मान प्राप्त किया। इस आयोजन में जिले के नमित कुमार सिंह ओम प्रकाश सिंह और नीरज सिंह को उनके बेहतरीन आमों के लिए पुरस्कृत किया गया।
ओम प्रकाश सिंह को प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान मिला जिन्हें प्रदेश के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री ने आम उत्पादकों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे किसान प्रदेश की पहचान को वैश्विक स्तर पर मजबूत कर रहे हैं। तीन दिवसीय इस महोत्सव में प्रदेश भर के आम उत्पादकों ने भाग लिया और 800 से अधिक आम की किस्मों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल आम उत्पादकों को प्रोत्साहित करना था बल्कि उत्तर प्रदेश के आमों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाना भी था।

## अलग-अलग स्थानों से दिन में ताजिया, ताबूत व अलम का जुलूस उठाया गया





**स्वतंत्र भारत उन्नाव।** 10 मोहर्रम को करबला में शहीद इमाम हुसैन की शहादत का गम मनाने वालो ने रात भर कार्यक्रमो के बाद अलग-अलग स्थानों से दिन में ताजियाए ताबूत व अलम का जुलूस उठाया गया जो करबला पहुचा जहा ताज़िए सुपुर्द ए खाक ; दफ्नद्ध किए । शहादतों का गम मनाने वालो ने 9 व 10 मोहर्रम की मध्य रात्रि अलविदाई अलम उठाया जो क़स्बे के सभी इमामबाडो में पहुचा।

क़स्बे के इमाम चौक व घरों के इमामबाडो दरवाजो पर रक्खे गए ताज़िए की जियारत करने वालो का रात भर हुजूम उमड़ा रहा ण10 मोहर्रम की सुबह ताज़िए लेजाकर सुपुर्द ए खाक किए गएण् ताज़िए का जुलूस क़स्बे के तमाम मोहल्लों से गुजर कर क़स्बे स्थित करबला पहुचा जहा ताज़िए सुपुर्द ए खाक कर लोगो ने इबादते कीण्

देर शाम ताज़िए उठाए गए जो देर रात वापस करबला पहुचे। 10 मोहर्रम यौमे आशूरा जुलूसे हुसैनी मे वरिष्ठ सपा नेता मोण् इस्माइल द्वारा अता उल्ला नाला स्थित अपने प्रतिष्ठान पर लंगर का आयोजन किया उनके साथ सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव राजेश मिश्राण् सपा जिला सचिव मंजीत यादवण् ने लंगर वितरित कर जलूस का इस्तकबाल किया इस मौके पर उनके साथ रामकिशोर शुक्लाण् मोहम्मद इम्तियाकण् शानू सभासदण् जुबेर सिद्दीकीण् कमलेश चौधरीण् पंकज यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे ।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित हुई



**मौरावा उन्नाव।** जनसंघ संस्थापक और राष्ट्रवादी विचारधारा के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर रविवार को ब्लाक सभागार में संगोष्ठी आयोजित हुई। जहाँ पर उनके व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। उसके बाद पौधरोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक अनिल सिंह को ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित ने अंगवस्त्र व बुके भेंट कर स्वागत किया। विधायक अनिल सिंह ने कहा कि डॉण् मुखर्जी का जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित था। जम्मू.कश्मीर में एक विधानए एक निशान और एक प्रधान की मांग को लेकर उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 को हटाकर पार्टी ने डॉण् मुखर्जी के सपनों को साकार किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की आत्मा पर आंच आए तो पद छोड़ देना चाहिएए यही संदेश डॉण् मुखर्जी ने दिया। डॉण् मुखर्जी ने बताया कि मे कश्मीर जाकर जेल और यातना सहीए लेकिन भारत की एकता के सवाल पर कभी समझौता नहीं किया। उनका बलिदान आज भी राष्ट्रवाद की प्रेरणा बना हुआ है। कार्यक्रम का संचालन रमेश बाजपेई ने किया। इस अवसर पर गयाबक्स सिंहए मंडल अध्यक्ष राजन दीक्षितएअरुण प्रताप सिंहएप्रधान संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह भोलेए सुरेश साहूएडॉ सुर्जन सिंहएविमल बाजपेईए वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पराज सिंह रजनीश सिंहए हिलोली प्रधान प्रतिनिधि महेश सोनीएकालीकिशोर साहूए धर्मेंद्र सोनीएसंजय श्रीवास्तवएरामप्रताप यादवए रमेश चौधरीए अभिषेक गुप्ताए युवा नेता रामशंकर लोधीए अभिषेक सिंहएबबलू सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**मौरावा उन्नाव।** जनसंघ संस्थापक और राष्ट्रवादी विचारधारा के डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर रविवार को ब्लाक सभागार में संगोष्ठी आयोजित हुई। जहाँ पर उनके व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। उसके बाद पौधरोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक अनिल सिंह को ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित ने अंगवस्त्र व बुके भेंट कर स्वागत किया। विधायक अनिल सिंह ने कहा कि डॉण् मुखर्जी का जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित था। जम्मू.कश्मीर में एक विधानए एक निशान और एक प्रधान की मांग को लेकर उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 को हटाकर पार्टी ने डॉण् मुखर्जी के सपनों को साकार किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की आत्मा पर आंच आए तो पद छोड़ देना चाहिएए यही संदेश डॉण् मुखर्जी ने दिया। डॉण् मुखर्जी ने बताया कि मे कश्मीर जाकर जेल और यातना सहीए लेकिन भारत की एकता के सवाल पर कभी समझौता नहीं किया। उनका बलिदान आज भी राष्ट्रवाद की प्रेरणा बना हुआ है। कार्यक्रम का संचालन रमेश बाजपेई ने किया। इस अवसर पर गयाबक्स सिंहए मंडल अध्यक्ष राजन दीक्षितएअरुण प्रताप सिंहएप्रधान संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह भोलेए सुरेश साहूएडॉ सुर्जन सिंहएविमल बाजपेईए वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पराज सिंह रजनीश सिंहए हिलोली प्रधान प्रतिनिधि महेश सोनीएकालीकिशोर साहूए धर्मेंद्र सोनीएसंजय श्रीवास्तवएरामप्रताप यादवए रमेश चौधरीए अभिषेक गुप्ताए युवा नेता रामशंकर लोधीए अभिषेक सिंहएबबलू सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## अवैध तरीके से पैक किये जा रहे कीटनाशक



स्वतंत्र भारत उन्नाव
जिला कृषि रक्षा अधिकारी शशांक चौधरी को 5 जुलाई को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि निरंकारी खाद भंडार भतावा द्वारा अपने गोदाम में अवैध तरीके से कीटनाशक रसायनों की पैकिंग की जा रही है। सूचना मिलने पर कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा निरंकारी खाद भंडार के गोदाम को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में बोरियों में खुले कीटनाशक रसायन कीटनाशक रसायन के पैकिंग गत्ते बीजों के खाली पैकिंग पैकेट व उर्वरक पाई गई। उक्त प्राप्त पैकिंग बैग कीटनाशक रसायन व उर्वरक के बारे में पूछे जाने पर कोई भी संतोषजनक उत्तर व अभिलेख नहीं दिए गए।
उपरोक्त पाई गई पैकिंग सामग्री कीटनाशक रसायन व उर्वरक प्रथम दृष्टि या संदिग्ध प्रतीत होने पर कीटनाशक रसायन व उर्वरक का नियमानुसार नमूना ग्रहित किया गया जिसे विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा। उसके उपरांत निरंकारी खाद भंडार भतावा की गोदाम को नायब तहसीलदार स्नेहा यादव की उपस्थिति में सील कर दिया गया। तथा प्रोपराइटर श्री राहुल प्रसाद पुत्र बाबूलाल के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कानपुर देहात समाचार

## स्वस्थ व्यक्ति के बिना मजबूत राष्ट्र की परिकल्पना पूरी तरह है व्यर्थ-सीता यादव



**माती कानपुर देहात ।** एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति का अभियान रविवार को भी अनवरत जारी रहाए संस्था की प्रदेश अध्यक्ष डा सीता यादव के नेतृत्व में नगीना बांगर क्षेत्र के गांवों में लोगों को वर्षा जनित बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से विशेष चिकित्सकीय शिविर का आयोजन किया गयाए व्यापक प्रचार प्रसार के बीच आयोजित उपरोक्त शिविर में भाग लेने के लिए पड़ोस के दर्जनों गांवों से भारी संख्या में लोग पहुंचे थे प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव द्वारा आवश्यक विचार विमर्श किया गया इस दौरान उन्होंने जरूरी दवाइयां और सलाह देते हुए कहा कि हम विश्व गुरु बनने का सपना तो देख रहे हैं और हर दिन यह बात भी बोल रहे हैं कि वह दिन दूर नहीं जब हम फिर से सोने की चिड़िया कहलाएंगे लेकिन यह तब तक संभव नहीं है जब तक हम सभी लोग पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से खड़े नजर नहीं आएंगे उन्होंने साफतौर से कहा कि छोटी.छोटी बीमारियां हमारी अज्ञानता के कारण बड़ा रूप ले लेती हैं और हम तथा हमारा देश पीछे हो जाता है यह जागरूकता के दौर में हम सभी के लिए बेहद ही काला अध्याय साबित होता है जिससे हम सभी को बचना होगा। बताना आवश्यक है कि जिले में एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव के निर्देश पर संस्थान द्वारा इस प्रकार के कार्य किए जाते रहे हैं जो सभी के बीच सराहना का विषय साबित होते हैंए राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीता यादव के नेतृत्व में जगह.जगह आयोजित हो रहे चिकित्सकीय शिविर आज लोगों के लिए रामबाण साबित हो रहे हैंए नगीना बांगर क्षेत्र के गांवों में रविवार को चिकित्सकीय सिविल आयोजित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि हम आज अपनी समस्या को लेकर जरा सा भी गंभीरता का परिचय नहीं दे रहे हैं उन्होंने साफतौर से कहा कि आज हमारे बच्चे भूखे हैं उनके शरीर पर आवश्यक वस्त्र नहीं है लेकिन हमें इस बात की चिंता नहीं है बल्कि हम इस बात को लेकर परेशान हैं कि सामने वाले के घर में ऐसा क्या हो रहा है कि उसके बच्चे अच्छे.अच्छे कपड़े पहन रहे हैं उन्होंने कहा कि हम विश्व गुरु बनने का सपना देख रहे हैं हमारी सरकारी दिन.रात मेहनत कर रही है कि समाज के बिल्कुल आखिरी पायदान तक पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जाए लेकिन यह कब सफल हो पाएगा उन्होंने कहा कि आज हम एक दूसरे के साथ मिलकर चलना नहीं चाहते एक दूसरे के सुख और दुख में शामिल नहीं होना चाहिए फिर हम सोने की चिड़िया कहलाने के हकदार कैसे बन जाएंगेए उन्होंने कहा कि आज वह इस समय हम सभी के सामने आकर खड़ा हो गया है जब हम सभी को जाति धर्म मजहब से इतर केवल इंसान का इंसान से इंसानियत भरा रिश्ता कायम करने के कार्य में खुद को समर्पित करना होगा तभी हम विश्व गुरु और सोने की चिड़िया कहलन के हकदार बन पाएंगे उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर किसी भी वक्त सीधे तौर पर संपर्क करने का आवाहन करते हुए साफतौर से कहा कि जनता की सेवा करने का व्रत लेकर ही वह समाज सेवा के क्षेत्र में उतरी हैं और इस कार्य से वह कभी पीछे नहीं हटेंगीए कार्यक्रम के दौरान अनेकों लोग मौजूद रहे।

## माहौल के बीच जिले भर में मनाया गया मोहर्रम का त्योहार, सक्रिय रहे आला अधिकारी

**माती, कानपुर देहात।** करबला के शहीदों की याद में मोहर्रम का त्योहार रविवार को जिले भर में गमजदा माहौल में मनाया गयाए इस मौके पर जगह.जगह ताजिए निकाले गएए खलीफाओं की देखरेख में अखाड़ों में युवाओं ने करतब दिखाए। शाम को हाय हुसैन की सदाओं के बीच ताजिए दफनाए गए ।
जिलाधिकारी आलोक सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र द्वारा मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु संयुक्त रूप से विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अकबरपुरए चौकी बारा क्षेत्र एवं रनिया का दौरा किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए। उन्होंने ताजिया मार्गोंए संवेदनशील स्थलों एवं जुलूस स्थलों का गहन निरीक्षण किया और निर्देशित किया कि कहीं भी अव्यवस्था या असुविधा न हो।उन्होंने साफसफाईए प्रकाश व्यवस्थाए बैरिकेडिंगए जल निकासी व्यवस्था तथा आपात स्थिति में त्वरित सहायता के प्रबंधों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने पुलिस विभाग को चप्पे.चप्पे पर सतर्क निगरानी रखनेए ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी की सहायता लेनेए और शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र ने बताया कि जिले में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और पीस कमेटी के सदस्यों के साथ लगातार संवाद स्थापित किया जा रहा हैए जिससे सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी अकबरपुरए संबंधित थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की बैठक में की गई समस्याओं के समाधान की मांग

-ययय जिले के वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र दुबे लाला की पुत्रवधू के हुए निधन पर पत्रकारों ने -2 मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलिए आपसी एकता को बढ़ावा दिए जाने पर हुई गंभीर चर्चाए पत्रकार भवन के लिए भूमि आवंटित किए जाने हेतु नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि को सौपा गया ज्ञापन





**माती कानपुर देहात।** अपने सम्मान स्वाभिमान और गैरत की हर लड़ाई के लिए जिले में पत्रकारों ने कमर कस ली हैए राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की अगुवाई में पत्रकारों की आपसी एकता अब जनपद में नजर आने लगी हैए रविवार को अकबरपुर नगर पंचायत सभागार में परिषद की मासिक बैठक का आयोजन किया गयाए बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप गौड़ एवं संचालन सीनियर जर्नलिस्ट मोहन कुमार यादव द्वारा किया गयाएइस दौरान अलग.अलग स्थानों से आए पत्रकारों ने अपनी समस्याओं को संगठन के मंच पर रखते हुए समाधान की मांग की गईए बैठक के उपरांत सभी पदाधिकारीयों ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के आवास पर पहुंच कर ज्ञापन के माध्यम से पत्रकार भवन के लिए भूमि आवंटित किए जाने की भी मांग की।
रविवार को अकबरपुर नगर पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में उपस्थित पत्रकारों की समस्याओं को सुनकर जिला अध्यक्ष अनूप गौड़ द्वारा कहां गया कि जब तक हम सभी लोग एक दूसरे के सुख और दुख में शामिल होना समर्पण भाव से शुरू नहीं करेंगे तब तक संगठन का कोई मतलब नहीं है वही संरक्षक पीयूष दीक्षित द्वारा कहा गया कि बैठक आयोजित करने के पीछे मकसद केवल इतना होता है कि हमारे साथी उचित मंच तक अपनी समस्याओं को पहुंचा सके जिससे उन्हें परेशानी से बचाने का प्रयास करते हुए उन्हें समस्याओं से मुक्त किया जा सके वहीं वरिष्ठ पत्रकार रोहित शुक्ला द्वारा यूट्यूब के साथियों को पत्रकार ना माने जाने की समस्या रखते हुए कहा गया यह कैसे स्वीकार कर लिया जाए कि जो व्यक्ति दिन.रात अपना घर परिवार छोड़कर शासन और सरकार की नीतियों का प्रचार कर रहा है आवश्यकता पड़ने पर उसे पत्रकार ही ना माना जाए उन्होंने भरकस विरोध करते हुए कहा हमारी एक जुटता ही इस व्यवस्था को पारदर्शी बना सकती है सीनियर जर्नलिस्ट मोहन यादव द्वारा वरिष्ठ पत्रकार अजय तिवारी की बाइक चोरी के मामले को उठाते हुए कहा गया कि आज यदि शासन सरकार और जिला प्रशासन हमारी समस्याओं को लेकर जरा सा भी गंभीरता का परिचय नहीं दे रहा है तो इसका मतलब यह नहीं है कि हम प्रयास करना छोड़ दें उन्होंने कहा कि हम सत्याग्रह की राह पर चलेंगे और तब तक सत्याग्रह करते रहेंगे जब तक हमारी बात को सुनकर उस पर प्रभावी कार्यवाही ना की जाए वरिष्ठ पत्रकार लखन पांडेय द्वारा पत्रकारिता के कोर्स से संबंधित मामलों को रखा गया जबकि अनमोल कल्याणी रिजवान एवं अभिषेक उर्फ राम जी ने भी अपने.अपने क्षेत्र की समस्याओं को संगठन के मंच पर रखाए संजय तिवारी आकाश सक्सेना पुष्पेंद्र कुमार शिव शंकर धीरेंद्र सिंह राजेश गौतम राजेश खन्ना ने संगठन को पूरा सहयोग दिए जाने का आश्वासन दियाए जिले के वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र दुबे उर्फलाला की पुत्रवधू के बीते दिनों हुए निधन पर सभी पत्रकार साथियों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई इस दौरान लाला दुबे द्वारा अपना हर संभव सहयोग पत्रकारों को दिए जाने की बात कही गई एअंत में वरिष्ठ पत्रकार अंजनी पांडेय द्वारा वरिष्ठ पत्रकार अजय तिवारी की बाइक चोरी के मामले में अपनी ओर से बाइक खरीदने के लिए आर्थिक सहयोग दिए जाने की बात कही गई उन्होंने कहा कि बैठकों के यह दौर चलते रहेंगे लेकिन इनकी सार्थकता में वृद्धि तभी संभव है जब हम लोग एक दूसरे के प्रति इस सोच को रखना प्रारंभ करेंगे कि यह सामने खड़ा व्यक्ति हमारा अपना भाई है उन्होंने पत्रकारों के ड्रेस कोड पर भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पत्रकारों के पहचान पत्र पर आने वाले खर्च को अपने पास से दिए जाने की बात कही उन्होंने कहा की आवश्यकता पड़ने पर किसी भी वक्त उन्हें याद किया जाए वह संगठन के प्रत्येक सदस्य के साथ तन मन धन से खड़े होंगे लेकिन यूट्यूब के पत्रकार साथियों का सहयोग तभी संभव है जब वह संगठन को विश्वास में लेकर काम करेंगे उन्होंने साफतौर से कहा कि यह कतई नहीं माना जाएगा कि एक पत्रकार पर कोई मुकदमा फर्जी तरीके से लिख दे उन्होंने कहा कि यूट्यूब के साथी जो कार्य कर रहे हैं जिस समाचार का संकलन कर रहे हैं उसे कहीं और बाद में लेकिन सबसे पहले राष्ट्रीय सुरक्षा पत्रकार परिषद के समूह में प्रेषित करें जिससे कम से कम उनका घर तो मजबूत रह सके इसके बाद आने वाले इल्जाम का सामना मजबूती से किया जाएगाए बैठक के उपरांत पत्रकार साथियों द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि से उनके आवास पर जाकर मुलाकात करते हुए उन्हें पत्रकार भवन के लिए भूमि आवंटित किए जाने संबंधी ज्ञापन भी सौपा गया जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन द्वारा आवश्यक कार्यवाही किए जाने की बात कही गई इस दौरान अनेकों लोग मौजूद रहे।

# शोहदे से परेशान होकर इंटर की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान





**■ मृतका ने हाथ पर लिखा आरोपी का नाम व मोबाइल नम्बर**

**कानपुर।** शोहदे से परेशान होकर इंटर की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि रात में एक युवक अपने कुछ साथियों के साथ घर के नीचे आया और छत पर सिंदूर की डिब्बी फेंकी।

फिर छात्रा को फोन पर धमकाते हुए कहा कि अपनी मांग में मेरे नाम का सिंदूर सजा ले, वरना तेरे बाप और भाई को मार डालूंगा। इसके बाद परेशान होकर छात्रा ने हाथ पर आरोपी का नाम और मोबाइल नंबर लिखकर फांसी लगा ली।

गोविंद नगर के रामआसरे नगर में रहने वाले किशोर कुमार झा घर पर ही किराने की दुकान चलाते हैं। परिवार में पत्नी सोनी, बेटे आशीष, सत्यम और शिवम हैं। उनकी 18 साल की बेटी खुशी झा इंटर की छात्रा थी। इसके साथ ही वह एसएससी की तैयारी भी कर रही थी। बड़े भाई आशीष ने बताया कि हरिजन कॉलोनी में रहने वाला गुलशन नाम का युवक बहन पर शादी का दबाव बना रहा था। बहन खुशी ने डेढ़ महीने पहले हम लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद मां ने गुलशन के घर जाकर उनके परिवार वालों से शिकायत की। कुछ दिन तक तो सब कुछ ठीक-ठाक रहा। इसके बाद गुलशन फिर खुशी को परेशान करने लगा। शनिवार रात करीब 9 बजे गुलशन अपने कुछ साथियों के साथ घर के नीचे आया। छत पर सिंदूर की डिब्बी फेंकने के बाद खुशी को फोन करके शादी का दबाव बनाया। गुलशन ने बहन को फोन पर धमकाते हुए कहा कि मुझसे शादी करो, नहीं तो तुम्हारे पिता और भाई को जान से मार दूंगा। ये बाते रो-रोकर खुशी ने घर वालों को बताई। इसके बाद मां ने उसे काफी समझाया।

अगले दिन शिकायत की बात कही। इसके बाद खुशी अपने कमरे में चली गई। घर के लोग ग्राउंड फ्लोर पर थे। तभी करीब रात 10 बजे ऊपर छत से कंघी नीचे आकर गिरी। इतने में मां ने पड़ोस के बच्चे को कंघी लेकर छत पर रख आने को बोला। बच्चा छत पर गया तो कमरे का दरवाजा खुला था। अंदर स्टूल जमीन पर पड़ा था और खुशी दुपट्टे से फंदे पर लटकी थी। बच्चा दौड़कर नीचे आया और खुशी की मां को बताया। आनन-आनन में परिवार के लोग पहली मंजिल में पहुंचे और खुशी को नीचे उतारे। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर गोविंद नगर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह फोर्स के साथ पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से सबूत जुटाए। कमरे में सिंदूर की डिब्बी मिली है। परिजनों ने आरोपी गुलशन के खिलाफतहरीर दी है। गोविन्द नगर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर गुलशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कर्बला के शहीदों की याद में निकले अलम के जुलूस, दफन की ताजिया





**कानपुर।** दुनिया हुसैन की है जन्नत हुसैन की, जन्नत का रास्ता है मोहब्बत हुसैन की... हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की कर्बला के मैदान में हुई शहादत की याद में यौम-ए-आशूरा पर रविवार को पूरे शहर से ताजिया व अलम के जुलूस निकाले गए। कर्बलाओं में ताजिया दफन किए गए। दिन भर मजलिस व मातम का सिलसिला जारी रहा। पैकियों ने बड़ी कर्बला में पहुंच कर अपनी कमर खोली। पैगंबर-ए-इस्लाम के नवासे तथा हजरत अली के बेटे हजरत इमाम हुसैन की शहादत यौम-ए-आशूरा को हुई थी। सुन्नी व शिया मुस्लिमों ने अपने-अपने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। इस दौरान नई सड़क, बेकनगंज, चमनगंज, बाबूपुरवा, इफ्तिकाराबाद, नाला रोड, परेड, रावतपुर, रोशन नगर, सुतरखाना समेत कई क्षेत्रों से लोग ताजिया व अलम के जुलूस निकले। जुलूस में शामिल लोग हजरत इमाम हुसैन को नजराना-ए-अकीदत पेश करते चल रहे थे। नवाबगंज स्थित बड़ी कर्बला, ग्वालटोली स्थित बड़ी कर्बला, बगाही कर्बला सहित शहर की सभी कर्बला में ताजिया दफन किए गए। हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की नजर दिलाई गई। बड़ी कर्बला व छोटी कर्बला में सुबह से शाम तक अकीदतमंदों की तांता लगा रहा। इमाम हुसैन की याद में खिचड़ा, खीर व जर्दा का तबर्रुक बांटा गया।

## अलर्ट मोड पर रहा पुलिस प्रशासन

कानपुर। रविवार को दसवीं मोहर्रम पर निकल रहे ताजिया व अलम के जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। डीसीपी ईस्ट सत्यजीत गुप्ता ने मौके का जायजा लिया। डीसीपी ने चकेरी, जाजमऊ थाना क्षेत्र से निकलने वाले जुलूस मार्ग का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस बल की ड्यूटियों की समीक्षा की एवं मौके पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसीपी ने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने व समन्वय बेहतर रखने हेतु ताजियादारों से सहयोग की अपील की। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील स्थलों पर नियमित गश्त करते हुए हर गतिविधि पर सतर्क दृष्टि बनाए रखें एवं असामाजिक तत्वों की पहचान होते ही कड़ी कार्रवाई करें। स्थानीय नागरिकों एवं धार्मिक आयोजकों से भी आग्रह किया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना की सत्यता की पुष्टि किए बिना उसे न फैलाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## अंजुमन रिविया का निकला जुलूस

शिया समुदाय की ओर से पटकापुर नवाब साहब के हाते से अंजुमन रिविया का एतिहासिक जुलूस अजखाने महल से निकला। इमाज हुसैन और उनके साथियों के की याद में लोगों ने सीनाजनी की। छोटे बच्चों ने जंजीरजनी में भाग लिया।

## सुन्नी मुस्लिमों का रोजाए शिया फाके से रहे

यौम ए आशूरा को सुन्नी मुस्लिमों ने रोजा रखा। शिया मुस्लिम फाके से रहे। सुन्नी मुस्लिमों ने मगरिब की अजान होने पर इफ्तार किया। शिया मुस्लिम शहीदों की याद में दिन भर भूखे-प्यासे रहे। शाम को कर्बला के 72 शहीदों की नजर दिलाकर फाका तोड़ा गया।

## घुप अंधेरे में शाम-ए-गरीबा

हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों पर किए गए जुल्म.ओ.सितम की याद में सूरज डूबने के बाद छोटी कर्बला स्थित इमामबारगाह आगामीर में घुप अंधेरे में मजलिस शाम-ए-गरीबा हुई। मौलाना सैफअब्बास ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत के बाद उनके घरवालों पर गयी मुसीबतें बयान की तो लोगों की आंखों से आंसू बहने लगे। इसके बाद मोमबत्ती जलता एक थाल व सीनी में कुछ रोटियां लाकर शाम-ए-गरीबा का मंजर पेश किया गया। इसके बाद मातम हुआ।

# जलभराव की समस्या से त्रस्त गौशाला कटरी के लोग



कानपुर। विकास खंड सरसौल डोमनपुर के मजरा गौशाला में जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं। गौशाला कटरी में एक दर्जन से अधिक परिवार रहते हैं। उनके घरों के सामने कीचड़ और गंदे पानी का जमाव महीनों से है। नालियों का अभाव और जल निकासी की व्यवस्था न होने से गंदा पानी कच्ची सड़क पर बहता है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। स्थानीय लोगों को डेंगू, मलेरिया और त्वचा रोग का खतरा बना हुआ है। पिछले साल कई लोग बीमारी की चपेट में आ गए थेए महीनों बीमारी से जूझते रहे। स्थानीय निवासी राधा देवी के अनुसारए बारिश के मौसम में स्थिति और खराब हो जाती है। सड़क पर पानी भर जाता है। स्कूली बच्चों को रोजाना इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। दूसरा कोई रास्ता नहीं है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान और अधिकारियों से शिकायत की है। अधिकारियों ने मौके पर जांच भी की। लेकिन सिर्फ सड़क बनवाने का आश्वासन मिला है। अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

# सिपाही से रंगदारी मांगने वाले पिता-पुत्र पर एक और एफआईआर



**कानपुर।** सपाही जनम सिंह के साथ बदसलूकी कर रंगदारी मांगने वाले पिता पुत्र के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज हुई है। मामले में पुलिस विवेचना कर आरोपी पिता-पुत्र की इस पर भी कोर्ट से रिमांड ली जाएगी। इसके अलावा जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कल्याणपुर कलां निवासी धीरज सिंह व्यापारी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी एक पुश्तैनी जमीन कल्याणपुर कलां में हैं। जिसमें 50-55 दुकाने लगती हैं। जो अलग-अलग क्षेत्रों के व्यापारियों के द्वारा लगायी जाती है। इसका संचालन व देखरेख व किराया धीरज और उनके चचेरे भाई सौरभ सिंह उर्फ सोनू करते हैं। उन्होंने बताया कि चचेरा भाई सौरभ 3 जून को अपनी मार्केट में बैठा हुआ था। उसी दौरान कथित मीडियाकर्मी आशीष कुमार बैरी कल्याणपुर निवासी अजय और चार अज्ञात लोगों के साथ सौरभ को गंदी-गंदी गालियां देने लगे। उसे धमकी देते हुए कहा कि दुकानें लगानी है तो 30 हजार रुपए देना होगा। सौरभ ने विरोध करते हुए कहा कि यह हमारी पैतृक भूमि है जिस पर बाजार लग रहा है। तो आशीष कुमार ने अपने हाथ में डंडा लेकर सौरभ को मारने के लिए दौड़ा लिया। धीरज ने बताया कि पहले भी आशीष कुमार अपने व उसकी पत्नी और अन्य रिश्तेदारों के खाते में 6.60 लाख रूपए ले चुका है। इसके बाद अलग-अलग तारीखों में नगद लगभग 8.40 लाख रुपए आशीष कुमार व उसके सहयोगी मीडिया कर्मी और उसके बेटों द्वारा रंगदारी के तौर पर लिया जा चुका है। आरोपी लगातार रुपयों के लिए उसे परेशान कर रहे हैं और धमकी देते हैं कि नहीं दिए तो झूठे मुकदमें में फंसा देंगे। इंस्पेक्टर कल्याणपुर सुधीर कुमार ने बताया कि आरोपी और उसके बेटे को सिपाही से बदसलूकी करने के मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। यह रिपोर्ट भी पीड़ित की तहरीर के आधार पर दर्ज कर ली गई है। इसमें भी पुलिस कोर्ट से रिमांड प्राप्त कर आगे की कार्रवाई करेगी।

## खबर एक नजर

### राविपा के शिविर में भरे गए विभिन्न सुविधाओं के आवेदन



कानपुर। रविवार को शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि शिविर में सिटी बस पास के लिए 14, पेंशन के लिए 26, रेलवे यूनिक कार्ड के लिए 8 और रेलवे रियायत के लिए 13 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा सामूहिक विवाह के लिए 6, कृत्रिम अंग के लिए 9 और रोजगार ऋण के लिए 17 आवेदन भरे गए। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन रोजगार के लिए राष्ट्रीय विकलांग वित्त विकास निगम से 20 लाख रुपए तक का कर्ज ले सकते हैं। जिला उद्योग केंद्र और डूडा के माध्यम से भी ऋण के लिए आवेदन किया जा सकता है। किराए के मकान में रहने वाले दिव्यांग जिन्होंने पेंशन आवेदन में दिया पता बदल लिया है, वे अपना नया पता दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। कोई भी दिव्यांग व्यक्ति रोजगार ऋण या अन्य समस्याओं के लिए शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक संपर्क कर सकता है। शिविर में प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, अरविन्द सिंह, गुड्डी दीक्षित और गोमती वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नाबालिग से गैंगरेप मामले में कई संदिग्धों से पूछताछ

कानपुर। नाबालिग को अगवा कर गैंगरेप के मोमले में पनकी पुलिस ने शक के आधार पर आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, लेकिन अभी तक आरोपियों को पकड़ नहीं सकी है। प

पनकी रतनपुर निवासी युवक की चाय-पकौड़ी की दुकान है। उनकी 13 वर्षीय नाबालिक बेटी 1 जुलाई सुबह घर से अचानक लापता हो गई। पीड़ित ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना देते हुए इलाकाई युवक पर बेटी को अगवा करने के आरोप लगाया था। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने किशोरी को गुरुवार को बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि किशोरी मंदिर में भीख मांग रही थी। किशोरी ने इलाकाई युवक और उसके चार अन्य साथियों पर अगवा कर फर्रुखाबाद ले जाकर नशे की हालत में दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। किशोरी ने गहने भी छीनने की बात कही। पुलिस ने शक के आधार पर कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ हो रही है। एसीपी पनकी शेखर ने बताया कि कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ हो रही है। जल्द ही गैंगरेप में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

### किसानों को तिल के नये बीजों का हुआ वितरण

कानपुर प् चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के प्रसार में निदेशालय के लाल बहादुर सभागार कक्ष में कृषकों की मासिक बैठक में खरीफतिलहन के अंतर्गत तिल की नवविकसित प्रजाति आर टी 372 का किसानों को प्रदर्शन हेतु वितरण किया गया। विश्वविद्यालय के तिलहन विभाग के प्रभारी डॉक्टर महक सिंह ने किसानों को उन्नत कृषि की तकनीकी बताई तथा किसानों को तिलहन की खेती के फायदे भी बताए। उन्नत कृषि की तकनीकी की जानकारी देते हुए डॉक्टर सिंह ने कहा कि सरकार तिलहन फसल को बढ़ावा देने के लिए गंभीर है। निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने बताया कि कृषक तिल की फसल में नवीन कृषि पद्धतियों को का समावेश करें तो यह और अधिक लाभकारी फसल है। इस अवसर पर डॉक्टर भूपेंद्र सिंहए डॉ विनोद कुमारए कृषक समिति के अध्यक्ष बाबू सिंहए प्रगति शील कृषक जगदीश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कई क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश 20 मिनट में हुआ जलभराव





**-भैरव बाबा मंदिर में पानी भरने से भक्तों को करना पड़ा परेशानियों का सामना**

कानपुर। रविवार को कई क्षेत्रों में बीस मिनट तक झमाझम बारिश हुई। परमट मंदिर की तरफ जाने वाले रास्ते पर 15 मिनट की बारिश से जलभराव हो गया। बारिश और तेज हवा से सूटरगंज इलाके में पेड़ की ढंठल सड़क किनारे खड़ी कारों पर गिर गई। चंद्रशेखर आजाद विश्वविद्यालय मौसम विभाग के द्वारा दर्ज किए गए आंकड़ों में शनिवार को तकरीबन 29 मिमी शहर में बारिश हुई। इसी तरह भैरव बाबा मंदिर में बारिश का पानी भरने से श्रद्धालुओं को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर के मुख्य द्वार पर थोड़ी सी बारिश में ही पानी जमा हो जाता है। इससे श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने में काफी दिक्कत होती है। मंदिर के पुजारी बबलू सैनी ने इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। भैरव घाट के पास स्थित इस मंदिर में शनिवार और रविवार को श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ रहती है। आसपास के दुकानदारों को भी इस जलभराव से परेशानी होती है। वे मशक्कत करके पानी निकालते हैं। इसके बाद ही श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए जा पाते हैं। बरसात के मौसम में यह समस्या और भी ज्यादा बढ़ जाती है। मौसम वैज्ञानिक का कहना है शनिवार को अलग-अलग क्षेत्र में अलग समय पर तेज बारिश हुई। पूरे दिन यही सिलसिला चलता रहा। सुबह सबसे पहले कल्याणपुर, रावतपुर, मंधना पनकी क्षेत्र में जोरदार बारिश होती रही। इसी तरह से शाम 5 बजे गंगा बैराज, स्वरूप नगर, माल रोड, नौबस्ता, जूही, वीआईपी रोड इलाकों में तेज बारिश हुई। मौसम विभाग की माने तो अगले 5 दिनों तक इसी तरह से दिन में खुले बादल और शाम को तेज बारिश की संभावनाएं बनी हुई है।

# एक भक्त के लिए गुरू पूजा का है बड़ा महत्व



**- हंस मंदिर में धूमधाम से मनाया गया गुरू पूजा महोत्सव**

**कानपुर।** मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में श्री हंस मंदिर श्याम नगर बाईपास पर गुरू पूजा महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सदगुरुदेव श्री सतपाल महाराज की शिष्या गड़ साध्वी सुविद्या बाई, साध्वी प्रज्ञा बाई, साध्वी दुर्गा बाई, साध्वी नीलम बाई ने अपने सत्संग विचार रखें। अंत में श्री हंस मंदिर प्रभारी साध्वी चंदन बाई ने गुरु पूजा महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु पूजा का पावन पर्व एक भक्त के जीवन में बड़ा ही महत्व रखता है। गुरु शब्द का अर्थ गू माने अंधकार और रू माने प्रकाश जो अंधकार से प्रकाश में ला देता है, उसी को हम सद्गुरु कहते हैं। हर मोड़ पर गुरु का जीवन में होना अति आवश्यक है, परंतु आत्मा का ज्ञान तो सदगुरु महाराज ही देते हैं। यदि हम भौतिक विद्या सीखना चाहते हैं, तो उसमें अध्यापक की आवश्यकता होती है। अगर हम अंग्रेजी भाषा का ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं तो अंग्रेजी अध्यापक की आवश्यकता होती है नेपाली भाषा सीखनी हो तो नेपाली अध्यापक के पास जाना होता है, ऐसी यदि हमें अध्यात्म ज्ञान की विद्या प्राप्त करना है तो हमें अध्यात्म ज्ञान के जानकार के पास जाना होगा जिन्हें हम आध्यात्मिक गुरु या सतगुरु कहते हैं। अंत में सर्वे भवन्तु सुखिनः की मंगलमय प्रार्थना से कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेंद्र पाल, गिरधारी लाल गुप्ता, शैलेंद्र सेंगर, शिवशंकर गुप्ता, कुंअर पाल, देवेंद्र उत्तम, अमित यादव, संदीप गुप्ता, यतेन्द्र यादव, राजेंद्र वर्मा, माया दीक्षित, मिथिलेश सोनी, संजना वर्मा, गोलू पाल आदि वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



बिल्हौर दृ आज रविवार को उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी कानपुर ग्रामीण के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशल अवस्थी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष शुक्ला इंदु तथा व्यापार संगठन के प्रदेश मंत्री मनोज गुप्ता ने बिल्हौर नगर की समस्याओं को लेकर शिष्टाचार भेंट की।

मुलाकात के दौरान भाजपा नेताओं ने बिल्हौर नगर पालिका के सीमा विस्तार को लेकर अपनी बात को विस्तार से माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष रखा और कहा कि बिल्हौर में बसी आबादी का मात्र आधा ही क्षेत्रफल नगर पालिका की सीमा में आता है शेष क्षेत्र अभी भी बिल्हौर देहात रहमतपुर सुभानपुर मुरादनगर ग्राम पंचायत में बंटा है जोकि नगर सीमा से नजदीक होने के बावजूद सुविधाओं से वंचित है इसलिए बिल्हौर नगर पालिका का सीमा विस्तार होना बेहद जरूरी है। साथ ही भाजपा नेताओं ने बिल्हौर में एक राजकीय महाविद्यालय की स्थापना की भी मांग की जिस पर माननीय मुख्यमंत्री ने नगर पालिका का सर्वे कराकर सीमा विस्तार का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री जी ने भाजपा नेताओं से शीघ्र ही बिल्हौर का दौरा करने का वायदा भी किया है।

# भीड़ के साथ निकला मोहर्रम का जुलूस, सुपुर्द.ए.खाक किए गए ताजिए







**ऽमोहर्रम की 9वीं की रात व 10वीं में दिन को परंपरागत ढंग से अखाड़ों के साथ निकाला गया ताजियों के साथ जुलूसए निर्धारित स्थानों पर किया गया खेल का प्रदर्शन**

**घाटमपुर।** कर्बला शरीफकी जंग में शहीद हुए हजरत हुसैन की याद में हर साल की तरह इस साल भी मोहर्रम की दसवीं तारीख को ताजियों व अखाड़ों का जुलूस निकाला गया। रविवार की दोपहर बाद गमगीन माहौल में दोनो अखाड़ों के जुलूस खलीफाओं की अगुवाई में निकाले गए। जुलूस में अकीदत मंदो भीड़ पसीने पसीने रही। इससे पहले शनिवार की देर रात मोहर्रम की 9 वीं को भी इसी तरह अखाड़ों के साथ ताजियों का जुलूस खलीफाओं की अगुवाई में निकाला गया। मोहर्रम की दसवीं को दोपहर बाद भीड़ के साथ छोटे व बड़े ताजियों व अखाड़ों के साथ जुलूस परंपरागत मार्गो से निकाला गया। कर्बला शरीफकी जंग में शहीद हुए हजरत हुसैन की याद में जहां माहौल गमगीन रहा वहीं इस दौरान मातमी धुनों के बीच ढोल व नगाडो की भी आवाजें गूंजती रही।देर शाम कर्बला शरीफमें नम आंखों से बड़े व छोटे ताजिया सुपुर्द खाक किए गए।इससे पहले नगर के बगिया मैदान से अखाड़ों के साथ उठे ताजियों के जुलूस में भीड़ की अगुवाई खलीफा नदीम इलाही के साथ खलीफा इरशाद मंसूरीएखलीफा मर अंसारी आदि ने की। जिनके साथ जुलूस में अखाड़े के मैनेजर साबू कुरेशीए भट्टा व्यवसाई हामिद पहलवानएसभासद तकी हैदर कुरैशी आदि व्यवस्थाओं को अंजाम देते रहे। वहीं नगर के कजियाना वार्ड से दूसरे अखाड़े के जुलूस के भीड़ की अगुवाई खलीफा जफरूल्लाह उर्फ मुन्ना व खलीफा वली मोहम्मदए खलीफा इमरान ऊर्फ अत्तूएखलीफा जन्मेंजय गोस्वामीए खलीफाएखलीफा मुन्ना गोस्वामी कर रहे थे।जुलूस के साथ अखाड़े के मैनेजर निसार खानएसभासद गुड्डू पठानएहफीज खान आदि अन्त तक व्यवस्थाओं को अंजाम देते रहे।

### सभासद उवैस उर्फलाला ने किया शर्बत का वितरण

घाटमपुर।सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले सभासद उवैस उर्फलाला ने जुलूस में शामिल लोगोंएमहिलाओं व बच्चों की प्यास बुझाने के लिए स्टॉल लगाकर शरबत का वितरण किया। शर्बत पीने वालो ने सभासद को दिल से दुआएं देने के साथ उनके द्वारा किए जाने वाले इस तरह के प्रयासों की सराहना भी की।वहीं समाज सेवी अर्शी द्वारा भी अपने घर के बाहर से लंगर का वितरण किया गया

# राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी द्वारा समस्या समाधान शिविर का आयोजन



**कानपुर नगर।** रविवार को राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी का समस्या समाधान शिविर शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क बगिया गेट नंबर 4 में आयोजित हुआ शिविर में दिव्यांगों के सिटी बस पासए पेंशन रेलवे रियायत रेलवे यूनिक कार्ड दुकान संचालन ऋण सामूहिक विवाह के आवेदन भरे गये दिव्यांगों ने आवास अन्त्योदय व आयुष्मान कार्ड बनाने की मांग रखी आज के शिविर में दिव्यांग जौहर अली ने मोहर्रम जुलूस के मार पीट की शिकायत दर्ज कराई। मामले में त्वरित कार्यवाही के लिए एक प्रतिनिधि मण्डल जिला अध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में अल्पना कुमारी अरविन्द सिंह के साथ थाना प्रभारी काकादेव से मिल कर रिपोर्ट दर्ज करने के लिए भेजा गया थाना प्रभारी ने जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन दिया है पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान जल्द कराया जाएगा वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आज सिटी बस के लिए प्रेम चन्द्र मिश्रा सहित सहित 14 पेंशन के लिए पूनम राठौर अविनेश सिंह सहित 26 रेलवे यूनिक कार्ड के लिए मनमोहन झां सहित 8 रेलवे रियायत के लिए विनय कुमार प्रभा शंकर सहित 13 सामूहिक विवाह के लिए मनीष गुप्ता प्रेम शंकर सहित 06 कृत्रिम अंग के लिए रमेश चंद्रए विधावती सहित 9 रोजगार के लिए ऋण हेतु धीरेन्द्र पाण्डेयए रमावती सहित 17 आवेदन भरे गये उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के समस्या समाधान शिविर में दिव्यांगजन तभी आते हैं जब विभागों द्वारा उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कराया जाता है। पार्टी दिव्यांगजनों कि समस्याओं का समाधान कराने का पूरा प्रयास करती है हजारों दिव्यांगों को अब तक समस्या समाधान शिविर के जरिए लाभ दिलाया जा चुका है उत्पीड़न के शिकार दिव्यांगों की रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है पेंशन की समस्याओं का समाधान हो चुका है वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि दिव्यांगजन रोजगार के लिए ऋण हेतु राष्ट्रीय विकलांग वित्त विकास निगम के माध्यम से आवेदन करके 20 लख रुपए तक कर्ज ले सकते हैं रोजगार के लिए जिला उद्योग केंद्रए डूडा के माध्यम से भी ऋण का आवेदन किया जा सकता है जो दिव्यांग किराए के मकान में रहते हैं और उन्होंने पेंशन आवेदन में दिया पता बदल लिया है वो अपना नया पता दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय सेवायोजन परिसर में जाकर दर्ज करवा लें किसी दिव्यांग व्यक्ति को रोजगार के लिए ऋण या अन्य कोई समस्या हो वह शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया गेट नंबर 4 में प्रातः 9रू00 से 12रू00 बजे तक संपर्क कर सकते है आज के समस्या समाधान शिविर में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार जिला अध्यक्ष राहुल कुमार महिला मोर्चा अध्यक्ष अल्पना कुमारीए प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी अरविन्द सिंह गुड्डी दीक्षित गोमती वर्मा आदि शामिल थे।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिन पर आयोजित हुई कार्यशाला




**घाटमपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉव श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिन पर घाटमपुर मण्डल में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे भाजपा की कार्यकर्ताओं को स ंगठनात्मक सशक्तिकरणए राष्ट्र निर्माण तथा डॉव मुखर्जी के आदर्शों पर चलने को कहा गया। जिला मीडिया प्रभारी अंशुल बाजपेई ने कहा कि डॉव श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत की संकल्पना को साकार रूप देने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन मण्डल अध्यक्ष अनूप अवस्थी ने किया। जिला महामंत्री राजेंद्र कटियार ने कहा कि डॉण् मुखर्जी का बलिदान आज के युवा कार्यकर्ताओं को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता है।वरिष्ठ भाजपा नेता अमोल सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर पुनीत दिक्षितएकृष्ण मिश्राएरिंकू शुक्लाए अमित सोनीए विवेक भरद्वाज एसतेंद्रए अजय प्रजापति जीएअभय सिंह ए राम नारायण बाबाएप्रशांत खरे आदि भाजपा नेता भी मौजूद रहे।

# अमौली के गौ आश्रय स्थल के रास्ते का है बुरा हाल



**घाटमपुर।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे अमौली के प्रधान राम करन उर्फ झब्बू सिंह ने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देते हुए अमौली गांव में गौवंश आश्रय स्थल तक सम्पर्क मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के साथ अन्य विभाग से सम्पर्क मार्ग को डामर या खड़ंजा मार्ग बनवाए जाने तथा गांव के लोगों ने जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई।अमौली प्रधान ने उन्हें बताया कि ग्राम पंचायत में संचालित गौ आश्रय स्थल गांव से एक किलोमीटर दूर होने के साथ ऊबड़ खाबड़ कच्चा रास्ता है।रास्ते में जगह जगह अतिक्रमण कर लिया गया है। ऐसे में गौ वंश की देख रेख व उनके भोजन की व्यवस्था कर पाना मुश्किल हो रहा है। इससे पहले भी इस सम्बंध में समाधान दिवस में की गई शिकायत की ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए आश्रय स्थल तक किसी अन्य विभाग से सम्पर्क मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के साथ डामर व खड़ंजा बनवाए जाने के लिए निर्देशित किए जाने की माँग की। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी का ध्यान ग्राम पंचायत में होने वाले जलभराव तथा फैलने वाले संक्रामक रोगों की ओर भी आकर्षित करते हुए कहा कि बारिश के पानी की निकासी के लिए नाला न होने के चलते और भी समस्या दिन पर दिन विकराल हो रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं।

## खबर एक नज़र

### दबंग भाई बहनों की दहशत का खौफग्रामीण मूकदर्शक बने देखते रहे महिला की पिटाई

**–साढ़ थाना के बरईगढ़ गांव का मामला**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र के बरईगढ़ गांव में दबंग भाई बहनों की दहशत का खौफ रविवार दोपहर देखने को मिला जहां करीब आधा दर्जन लोग महिला सहित उसकी बहू के साथ मारपीट करते रहे लेकिन किसी में भी उनके बीच में बोलने या बीच बचाव करने की हिम्मत नहीं हुई बताया जाता है कि आरोपी दबंग किस्म के लोग है जो छोटी छोटी बातों पर मारपीट करने पर आमादा हो जाते है।

बरईगढ़ निवासी रीता चौरसिया पत्नी महेश चौरसिया ने साढ़ पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि रविवार दोपहर वह अपनी बहू रेशमी के साथ भैंस को नहला रही थी तभी वहां पहुंचे मथुराप्रसाद चौरसिया के पुत्र सुजीत अजीत रवींद्र आशीष अपनी बहन माधुरी और सोनी के साथ पहुंची और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी पीड़िता ने मारपीट के दौरान आरोपियों पर अभद्रता के साथ कपड़े फाड़ डालने का भी आरोप लगाया साढ़ पुलिस ने घायल महिला को उपचार हेतु सीएचसी भीतरगांव भेजा।साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि महिला का उपचार जारी है जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

### पानी की टंकी में बदमाशों का धावा, चौकीदार को बोरी में भरा

**–सुबह वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने बोरी में बन्द चौकीदार को निकाला बाहर**



**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के अनुइया गांव में पानी की टंकी में शनिवार की रात बदमाशों ने धावा बोला। जहां मौजूद चौकीदार के साथ मारपीट कर मूंह में कपड़ा ठूंस दिया। बेहोश होने पर उसे बोरी में भर दिया। इसके बाद टंकी में रखे चार कीमती बैटरे व सामान लूट कर फरार हो गए। रविवार की सुबह वहां पर गुजर रहे ग्रामीणों ने चौकीदार को बोरी से बाहर निकाला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने चौकीदार को सीएचसी में भर्ती कराया।जहां मजरूबी चिट्ठी लेकर पुलिस के न पहुंचने को लेकर चौकीदार का इलाज तो किया मगर मेडिकल करने में डॉक्टर ने हाथ खड़े कर दिए। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच के साथ बदमाशों की तलाश की जा रही है।अनुईया गांव में स्थित पानी की टंकी में पड़ोस के गांव बावन निवासी ज्ञान सागर 52 दो साल से चौकीदार है। वह रोज की तरह पानी की टंकी परिसर में सो रहा था। बताया कि रात में चार पहिया वाहन से आए बदमाशों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। फिर उसकी बनियान से उसका मुंह बांधकर बोरी में भरकर बाहर फेंक दिया। इसके बाद वहां रखे चार बैट्रा समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सुबह जब ग्रामीण पानी की टंकी के पास पहुंचे तो उन्हें बोरी में चौकीदार मिला। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकालकर डायल112 को सूचना दी।सूचना मिलने पहुंची पुलिस ने घायल चौकीदार को सीएचसी पहुंचाया। थाना प्रभारी कमलेश रॉय ने बताया कि चौकीदार से की गई पूंछ ताछ में कुछ बातें संदिग्ध लग रही हैं। जांच के साथ कार्यवाही की जा रही है।

### ऑटो व बाइक की भिड़ंत से नगर पंचायत संविदा चालक की मौत

ऽहादसे का शिकार संविदा चालक बहिन व बहनोई के साथ जनपद फतेहपुर के जहानाबाद



घाटमपुर।रविवार की दोपहर मूसानगर बाद रोड़ पर स्थित कटियार ईंट भट्टे के पास ऑटो व बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में ऑटो सवार बहिन व बहनोई के साथ जनपद फतेहपुर के जहानाबाद में रिश्तेदार की मिट्टी;दाह संस्कारद्ध में शामिल होने जा रहे नगर पंचायत मूसानगरए कानपुर देहात में तैनात संविदा चालक की मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल बहिन व बहनोई तथा बाइक सवारों को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां से बाइक सवार एक युवक को गम्भीर हालत में उर्सला अस्पताल रेफर किया गया। फतेपुरएमूसा नगर निवासी संविदा पर तैनात चालक मोव मुख्तार 44 पुत्र खालिद अपनी बहिन जरीना 62 व बहनोई नूर अहमद 65 के साथ ऑटो में बैठकर जहानाबाद में रिश्तेदार की मिट्टी में शामिल होने जा रहे थे। जैस ही वह कटियार भट्ठे के पास पहुंचे ही थे कि मौसी के घर बरी महतेन से बाइक में लौट रहे जनपद महोबा के सेंधवाई निवासी अनिरुद्ध 22 पुत्र राजा बाबू व हमीरपुर के लेवा सिसोलर निवासी रिंकू 26 पुत्र राम बहादुर की बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसा देख पहुंचे लोगों ने घायलों को इलाज केलिए एंबुलेंस से सीएचसी भेजा। जहां मुख्तार की मौत हो गई। वहीं अनिरुद्ध को आई गम्भीर चोटों पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे में मुख्तार की होने की खबर मिलने पर कुछ देर बाद परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। जहां मुख्तार का शव देख कर उनकी हालत बदहवासों जैसी हो गई।

# भाजपा नेताओं ने जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया

**बिल्हौर ।** प्रखर राष्ट्रवादी विचारक मानवता के उपासक महान शिक्षाविद जनसंघ के संस्थापक परम श्रद्धेय डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर भाजपा कानपुर ग्रामीण की बिल्हौर विधानसभा के बिल्हौर नगर मण्डल की गोष्ठी कोतवालेश्वर मंदिर में नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संदीप बाजपेई जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला उपाध्यक्ष जेपी कटियार पहुंचे। और मुख्य अतिथि संदीप बाजपेई ने कार्यकर्ताओं को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी के संबंध में विस्तार से अवगत कराया और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। वहीं पूर्व जिला उपाध्यक्ष जेपी कटियार ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर संगठन के कार्यों को करें जिससे पार्टी भविष्य में और मजबूत होगी। इस अवसर पर बिल्हौर नगर मंडल के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे वहीं बिल्हौर ग्रामीण मंडल में भी श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर मण्डल गोष्ठी का आयोजन पॉवर ट्रैक एजेंसी खजुरी मोड़ बिल्हौर में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष बबलू पासवान पहुंचे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके संघर्षों का वर्णन करते हुए उनके सामाजिक योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कार्यकर्ताओं से सेवाभाव से लोगों से जुड़कर पार्टी को और भी मजबूत करने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर भाजपा बिल्हौर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शुभ्रांशु कटियार एवं महामंत्री आनंद कटियार एवं मंडल उपाध्यक्ष शिवम् कटियार एवं प्रद्युम्न कटियार आदि लोग मौजूद रहे।

## बाइक में युवक को ले जाकर मामा–भांजों ने की पिटाई

घाटमपुर।थाना क्षेत्र के रमसाही पुरवाएहिरनी से एक युवक को बाइक सवार भाई जबरन हनुमान मन्दिर रामपुरएपतारा उठा ले गए।जहां मामा के साथ मिलकर उन्होंने युवक को बेरहमी से पीटने के साथ उसका सिर फोड़ दिया। बृजेश पुत्र चिनका निवासी ग्राम रमसाही पुरवाए हिरनी ने घटना की तहरीर पुलिस को देते हुए बताया कि 3 जुलाई को समय करीब 3 बजे दिन में उस को गांव के ही दीपू पुत्र रामबली अपनी मोटर साइकिल में जबरजस्ती बैठाकर हनुमान मन्दिर रामपुर पतारा लिवा ले गया। वहीं पर उक्त दीपू व उसका भाई विपिन एवं उनके मामा राजेश ने मिलकर उस को बुरी तरह से लात.घूसो एवं लाठी.डण्डो से मारा.पीटा।उस के सिर में ईंट मार दी। जिससे उस के सिर में खून बहने लगा। पिटाई से पैर व सीने एवं चहरे में चोटे आयीं है।उस के द्वारा शोर मचाने व लोगो को आता देखकर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच के साथ कार्यवाही की जा रही है ।

## कुलपति के हाथों टैबलेट पाकर मुरझाए छात्रों के खिले चेहरे

**कानपुर ।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कृषि वानिकी एवं गृह विज्ञान महाविद्यालय के 47 छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डाण् आनंद कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में कुलपति ने विद्यार्थियों को अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल शिक्षा के इस युग में टैबलेट छात्रों के लिए महत्वपूर्ण संसाधन सिद्ध होगा। जिससे वे अपनी पढ़ाई को और अधिक प्रभावी एवं सुगम बना सकेंगे। डॉक्टर सिंह ने छात्रों को तकनीकी साधनों का सकारात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मनीष कुमारए अधिष्ठाता वानकी महाविद्यालय डॉण् कौशल कुमारए अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ सीमा सोनकर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गंगा बैराज में तेज रफ्तार बाइक पोल से टकराईए मौत दोस्त गंभीर

कानपुर। गंगा बैराज पर शनिवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसे में युवा कारोबारी की मौत हो गई। वो अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल से गंगा बैराज से गुजर रहा था। तेज रफ्तार में बाइक अचानक अनियंत्रित हुई और बैराज रोड पर बीच में लगे लोहे के खंभे से युवक टकरा गया। उसके सिर पर गम्भीर चोट आई। उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मॉर्च्यूरी में रखवा दिया। पुलिस ने मृतक युवक के परिजनों को सूचना दी है। वो सीतापुर के रहने वाले हैं। शनिवार देर रात गुडरूवा चन्द्रसेनी सीतापुर निवासी मिथुन सिंह लखनऊ नम्बर प्लेट लगी मोटरसाइकिल पर दोस्त के साथ गंगा बैराज रोड से निकल रहे थे। उनकी बाइक तेज रफ्तार में थी। उन्होंने हेलमेट भी नहीं लगा रखा था और साथ में एक दोस्त मौजूद था। अचानक ब्रेक लगने पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई। जिससे बाइक सवार रोड पर बने लोहे के डिवाइडर से जाकर टकरा गए। इस घटना में मिथुन की मौके पर मौत हो गई और उसका दोस्त घायल है। उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर के मुताबिक मिथुन के पिता जंगबहादुर सिंह को जानकारी दे दी गई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि परिवार के आने के बाद आगे की जानकारी मिल पाएगी। मृतक का रविवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

**फ्तेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के टेसाही बुजुर्ग गांव के समीप बाइकों की हुयी भिड़ंत में दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार टेसाही बुजुर्ग गावं निवासी श्रवण का 18 वर्षीय पुत्र रविकुमार मंगलवार की सुबह 08 बजे अपने साथ पुत्र सलीम पुत्र करीम 18 के साथ बाइक लेकर के जा रहा था। तभी गांव के समीप ही सामने आ रही बाइक से भिड़ंत हो गयी। जिससे दोनो घायल हो गये। सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# बिंदकी में मोहर्रम की दसवीं पर नम आंखों से विदा हुए ताजिया

**बिंदकी/फ्तेहपुर, ।** मोहर्रम की दसवीं तारीख को शहीद-ए-आजम हजरत सैयदना इमाम हुसैन व उनके साथियों की शहादत को याद करते ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ। जहां शहीदाने कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश करने के बाद ताजियों को सुपुर्दे खाक किया गया।

मोहर्रम में इमाम हुसैन व उनके जांनिसारों के इसाले सवाब के लिए इमाम चौकों व घरों में कुरआन ख्वानी, फातिहा ख्वानी व दुआ ख्वानी हुई। अकीदतमंदों में लंगर बांटा गया। जिन्होंने दसवीं मोहर्रम का रोजा रखा था, उन्होंने मगरिब की अजान पर रोजा खोला।बिंदकी नगर सहित आसपास के मुस्लिम बाहुल्य गांव में नम आंखों के साथ ताजियां को विदा किये गये। अकीदतमंद सुबह से ही मातमी जुलूस देखने व ताजियों के दीदार करने के बड़ी संख्या में सरीक हुए। कस्बे के अलावा रारी व कोरवां आदि गांवों में मुहर्रम के ताजिया गमगीन माहौल में निकले।

बिंदकी के अलग-अलग स्थानों से उठाए गए ताजिया निर्धारित मार्गों पर निकले। इनके पीछे चल रहा मातमी जुलूस लोगों के लिए आकर्षण केंद्र रहा। जुलूस में छोटे से बड़े उम्र के नव जवानों ने शहीदाने कर्बला की याद में मातम किया। वहीं अखाड़ों के कलाकारों ने हैरतअंगेज कारनामे दिखाकर अपनी कला प्रदर्शन किया।राईन व कुरैशी बिरादरी का ताजिया बड़ा कुआं,न्यायारिया के सराय मोहल्ला, शाह के ठठराही व मुगलाही से ताजिया उठाये गये सभी ताजियों का मिलाप खजुहा चौराहा से घियाही गली में हुआ और देर रात कर्बला पहुंचा। जुलूस में हजारों की भीड़ रही। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। अफ्सर भी सड़क पर उतरे और सकुशल संपन्न कराया।

# मोहर्रम को लेकर डीएम व एसपी ने किया भ्रमण

**फ्तेहपुर, 06 जुलाई।** मोहर्रम की दसवीं पर जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ शहर मे भ्रमण किया। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मोहर्रम की दसवी पर रविवार को शहर मे ताजिया निकाले गए। ताजियो को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर डीएम व एसपी ने पुलिस बल के साथ शहर का भ्रमण किया। साथ ही ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को चेक कर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ड्रोन कैमरो से क्षेत्र की निगरानी की गई। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मोहर्रम की शुभकामनाएं देते हुए शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की।



## ...हनुमत प्रिय श्री संत जी, गये राम के धाम

फोटो संख्या-13काव्य गोष्ठी में भाग लेते कवि

**फ्तेहपुर, 06 जुलाई।** शहर के मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले सरस काव्य गोष्ठी का आयोजनहुआ। मुख्य अतिथि स्वामी हनुमान दास रहे। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए के.पी. सिंह कछवाह ने वाणी वंदना मे पढ़ा हंस वाहिनी ,ज्ञान दायिनी, मां, वंदन स्वीकार करो। शब्द-ज्ञान की ज्योति जलाकर,अंतस में उजियार भरो।। उन्होने पुनः पढ़ा धन विवेक वा कीर्ति का, करता क्रोध विनाश।सारा जीवन हो दुःखी, हो जग में उपहास।। डा. सत्य नारायण मिश्र ने पढ़ा मैं आया संसार में, मैं में ही रह खोय।राम नाम लीया नहीं, सुख काहे को होय।।प्रदीप कुमार गौड़ ने पढ़ा गुरु गुण-ज्ञान प्रवीण हैं, गुरु से बड़ा है कौन।गुरु की वाणी ब्रह्म है, गुरु समक्ष सब मौन।।डॉ शिव सागर साहू ने पढ़ा रामदास जी जो रहे, बजरंगी के भक्त। ब्रह्मलीन अब हो गए, व्यक्त से हो अव्यक्त।। काव्य गोष्ठी के आयोजक एवं संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपनी श्रद्धांजलि हनुमान मंदिर के पूर्व महंत गोलोकवासी स्वामी रामदास के प्रति कुछ यों व्यक्त की राम नाम जपते सदा, 'रामदास' था नाम।हनुमत प्रिय श्री संत जी, गये राम के धाम।। अंत मे मंदिर के महंत स्वामी रामदास के असामयिक निधन पर सभी ने दो मिनट मौन रहकर शोक संवेदन प्रकट की। साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## ट्रेन की चपेट मे आकर युवक की मौत

फ्तेहपुर, 06 जुलाई। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुकरा के समीप रेलवे लाइन पार करते समय 28 वर्षीय युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के लौकियापुर गांव निवासी धुन्ना का पुत्र दुखी किसी काम से जा रहा था। जब वह कुकरा गांव के समीप रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी बीच ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक परिजनो में कोहराम मच गया।

# खबर एक नज़र

## महाआरती मे देवीभक्तो ने मां भगवती के लगाएं जयकारें

फ्तेहपुर, 06 जुलाई। भगवती मानव कल्याण संगठन व पंच ज्योति शक्ति तीर्थाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तात्वावधान मे भदबा गांव मे महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमे सभी ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। बाद मे आरती कर जयकारें लगाएं।

महाआरती के समापन पर अवधेश त्रिपाठी ने कहा गुरूवर श्री का कथन है कि धैर्य, धर्म सत्कर्म गुरू और इष्ट का कभी त्याग मत करों। यदि पांचो का स्मरण करते रहोगे तो आपकी समस्याओ का समाधान स्वतः मिलता चला जाएगा। संचालन शिवम त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी, अवधेश गुप्ता, अजय कुशवाहा, दीप अवस्थी, अवधेश चौहान, मेवालाल, शिवशंकर उत्तम, राजकुमारी तिवारी, शशी गुप्ता, प्रभा कुशवाहा, राधेश्याम पाल, नीरज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत सुबेदार मेजर का किया स्वागत

फ्तेहपुर, 06 जुलाई। जिला कांग्रेस सेवा दल ने सूबेदार मेजर ऑनरेरी कैप्टन पद से सेवानिवृत हुए भरोसा प्रसाद अग्निहोत्री का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

सेवादल के जिलाध्यक्ष अनुराग नारायण उर्फपुत्तन मिश्रा ने कहा कि भरोसा प्रसाद भारतीय थल सेना में राजपूताना राइफल्स रेजीमेंट में धर्म शिक्षक के रूप में व पैराशूट रेजीमेंट में सक्रिय रूप से उत्कृष्ट सेवा प्रदान कर ऑनरेरी कैप्टन पद से सेवानिवृत हुए हैं, हम देश वासियों का कर्तव्य बनता है कि ऐसे देश सेवकों का जब वह सेवानिवृत होकर घर आएं तो उनका स्वागत अभिनंदन करना चाहिए तथा उनका मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहिए।सेवा निवृत भरोसा प्रसाद ने कहा हम समाज की हर प्रकार से सेवा करने के लिए तैयार हैं।इस मौके पर रमाशंकर शुक्ल, देवानंद बाजपेई, सिद्धार्थ सिंह, संजीव कुमार शुक्ल, हरिओम शुक्ल, सरताज हुसैन, वीरू शुक्ल, गुड्डू मिश्र, नन्हू यादव, संदीप पासवान, विनय मिश्रा, जय नारायन शर्मा, अनुज मिश्र, पुष्पेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## शिविर में अस्थि रोग संबंधी मरीजों की हुई निःशुल्क जांच

**जहानाबाद/फ्तेहपुर।** कस्बे के जे.के.पॉलीक्लिनिक में निःशुल्क हड्डी एवं जोड़ रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुष्कर आनंद श्रीवास्तव ने 96 मरीजों की निशुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। कस्बे में हाईवे मार्ग तिराहा बारादरी के समीप जेके पाली क्लीनिक (जन कल्याण पाली क्लीनिक) में निशुल्क हड्डी एवं जोड़ रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ अस्थि एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुष्कर आनंद श्रीवास्तव द्वारा शिविर में आए 96 मरीजों का कमर दर्द,गर्दन दर्द,घुटनों का दर्द,गठिया,सियाटिका,कंधा जाम,स्लिप डिस्क,जन्मजात, दिव्यांगता,फ्रैक्चर के बाद की जकड़न आदि हड्डी रोग संबंधी जांच कर उन्हें निशुल्क परामर्श दिया गया।

शिविर के दौरान डॉक्टर डीडी वर्मा,विवेक कुमार,अमित कुमार,अमिता स्टाफ़ नर्स,शंकुन्तला एएनएम, आकांक्षा, आदि मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर हरियाली का दिया संदेश

जहानाबाद/फ्तेहपुर 06 जुलाई। सरकार द्वारा चलाये जा रहे एक पेड़ मां के नाम राष्ट्रीय पखवाड़ा अभियान के तहत स्व. दिलीप कुमार स्मारक कालेज आफपैरामेडिकल साइंस परिसर में विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. नरेंद्र कुमार पाल सहित भाजपा मंडल समन्वयक डा. ओम प्रकाश पाल ने पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया।

दिलीप कुमार स्मारक कॉलेज आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम समर्पित पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ वृक्षारोपण राष्ट्रीय पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपा मंडल समन्वयक डॉक्टर ओमप्रकाश पाल मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिंपू शिवहरे वह विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र कुमार पाल ने धरा को हरा भरा रखने के लिए विद्यालय परिसर में पौध लगाकर एक पेड़ मां के नाम समर्पित किया। मंडल समन्वयक ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए वृक्षों का विशेष महत्व है जिससे इस अभियान में सभी को आगे जाकर अधिक से अधिक पौधरोपण कर धरती को हरा भरा करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र कुमार पाल ने कहा कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ ने हम सभी के जीवन में बहुत ही समस्याओं को जन्म दे दिया है इसलिए प्रकृति व पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी को आगे आकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लेना चाहिए।इस मौके पर आलोक कुमार अभिषेक गुप्ता श्रेयांश गुप्ता सौम्या गुप्ता विष्णु नीरज पाल पंकज पाल हरिश्चंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

## हरिशंकर शुक्ला नेत्र व शरीर दान के लिए डीएम को दिया आवेदन

खागा/फ्तेहपुर,06 जुलाई। तहसील क्षेत्र के अर्जुनपुर गढ़ा गांव निवासी पूर्व प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला ने नेत्र व शरीर दान करने के लिए जिलाधिकारी के समक्ष आवेदन किया। जिस पर जिलाधिकारी ने डॉक्टरी परीक्षण के लिए निर्देश दिए।

जिलाधिकारी को दिए गए आवेदन में अर्जुनपुर गढ़ा गांव निवासी हरिशंकर शुक्ला पूर्व प्रधानाध्यापक व शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि समाज में कई ऐसे लोगों को देखा गया है जो बिना नेत्रों के व अन्य अंगों के खराब होने से काम नहीं कर पाते हैं और अपना जीवन अधूरे में छोड़कर चले जाते हैं उन्ही सब लोगों की समस्या को देखते हुए प्रार्थी अपने जीवन काल के उपरांत अपने दोनों नेत्र दान देता है। मेरे द्वारा दान किए गए नेत्रों को जिन जरूरतमंद व्यक्ति को लगाया जाय। साथ ही साथ उन्हें मेरे नेत्र के साथ एक लाख रुपये भारतीय स्टेट बैंक शाखा किशनपुर की चेक संख्या 842624 से प्रदान किया गया है। उनमें से 50-50 हजार रुपया भी उन्हें प्रदान किया जाय। मुझे प्रदान की जाने वाली पेंशन से दो हजार रुपये प्रति माह मेरे जीवन काल तक विकलांग कल्याण के लिए काटकर दान कर दिया जाय। सेना के किसी भी सैनिक को मेरे अंग की आवश्यक यदि हो तो मैं सहर्ष अपना शरीर दान करता हूं मैं मृत्यु प्रांत अपना देहदान करने का भी शपथ लेता हूं। प्रार्थी के इस आवेदन पर जिला अधिकारी ने उनको डाक्टरी परीक्षण के लिए निर्देश दिया।

# क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया अपना हुनर

**हथगाम/फ्तेहपुर, 06 जुलाई।** कस्बे के विद्यालय सीएमएस इंटरनेशनल तथा चौधरी जगरूप सिंह इंटर कॉलेज कॉलेज में सयुक्त रुप से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर बच्चों ने शपथ ली कि वे स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर नये भारत के निर्माता बनेंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।इसके बाद विद्यालय के शिक्षकों ने उनके जीवन से जुड़े संस्मरण साझा किए।विद्यालय के शिक्षक नीरज ने उनके बचपन के संस्मरणों को बच्चों के साथ साझा करते हुए बताया कि विद्रोह स्वामी विवेकानंद के जीवन का अभिन्न अंग था।बचपन से ही उनके यह लक्षण स्पष्ट होने लगे थे। विद्यालय की शिक्षिका शिवानी ने विवेकानंद जी और उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस के संबंधों को विस्तार से बताते हुए जानकारी दी कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने अपने जीवन की पूरी शक्तियां विवेकानंद जी को दे दी थी और इसके बाद ही उन्होंने अपनी देह छोड़ी।विद्यालय की शिक्षिका कोमल ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो धर्म सम्मेलन को याद करते हुए बच्चों को बताया कि किस तरह स्वामी विवेकानंद शिकागो में एक क्रेज बन गए थे।

विद्यालय की शिक्षिका प्रमिला ने स्वामी विवेकानंद के मृत्यु के पूर्व के क्षणों को बच्चों के सामने रखा।विद्यालय की शिक्षिका प्रेमलता ने एक मधुर गीत द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन को बच्चों के सामने रखा।इसके बाद तालियों की गड़गड़ाहट से प्रांगण देर तक गूंजता रहा।इस अवसर पर विवेकानंद जी के जीवन के ऊपर आधारित क्विज प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप से हार्दिक तिवारी आदित्य और अमन की टीम ने पहला स्थान हासिल किया।प्रिया,शशि और साधना की टीम दूसरे स्थान पर और आयुष,लक्ष्य तथा अभिषेक की टीम तीसरे स्थान पर रही।इसी प्रतियोगिता के जूनियर ग्रुप में अंशिका प्रथम,अंशिका द्वितीय और पवन दीप की टीम ने पहला स्थान हासिल किया तथा अपूर्व प्रिया और सौम्या की टीम ने दूसरा तथा प्रिया,परी और रिया की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया।

इस प्रतियोगिता के लिए बच्चों ने पूरी शिद्दत से तैयारी की थी और प्रतियोगिता के दौरान लगातार दर्शकों ने तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया।प्रधानाचार्य सत्येंद्र सिंह ने बताया कि गरीबों की सेवा को विवेकानंद जी ने सबसे बड़ा धर्म बताया था।प्रधानाचार्य केएस द्विवेदी ने विवेकानंद जी के जीवन से जुड़े कई घटनाओं को साझा करते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद ऐसे पुल है जिस पर चढ़कर यूरोप भारत से मिलता है।विद्यालय प्रबंधक महेंद्र सिंह ने आयोजन के लिए सभी शिक्षकों की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के व्यक्तित्व को निखार मिलता है और वह महापुरुषों के बारे में ज्यादा बेहतर जान पाते हैं।कार्यक्रम संचालक के रूप में सतीश द्विवेदी लगातार आयोजन को गति देते रहे।इस अवसर पर पवन सिंह,वर्षा,देविका,वैशाली,जोया,आयुषी, नीलू,धर्मावती सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहकर आयोजन को गति देता रहा।

## ट्रक पलटने से लगभग 16 घंटे लगा रहा जाम

-लोग हुए परेशान, बेहाल, पुलिस ने काफी प्रयास के बाद खुलवाया जाम

बिंदकी (फ्तेहपुर)। अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटे ट्रक के कारण लगभग 16 घंटे जाम लग रहा लोग उमश भरी गर्मी में परेशान रहे ट्रक सहित तमाम वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। पुलिस पूरी रात जाम खुलवाने का प्रयास करती रही सुबह हाइड्रा बुलवाने के बाद पलटे पर ट्रक को एक किनारे किया गया रात में करीब 09 बजे जाम लग गया था। दिन में करीब 01 बजे जाम खुला यानी लगभग 16 घंटे तक जाम लग रहा। बताते चले की तेंदुली गांव के समीप शनिवार की देर शाम को बांदा जनपद से गिट्टी लादकर कानपुर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क में पलट गया था। जिसके चलते शनिवार की रात लगभग 09 बजे से जाम लगना शुरू हो गया था। जाम के कारण लोग परेशान हो गए। यह जाम शनिवार तथा रविवार की मध्य रात को तथा अगले दिन रविवार को दिन में 01 बजे तक लगा रहा।

बिंदकी चौडगरा मार्ग में, बिंदकी मां ज्वाला देवी मंदिर से बाईपास होते हुए जय गुरुदेव मंदिर तक तथा इसके अलावा कई मार्गों में ट्रक तथा अन्य वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिंदी लान सिंह पुलिस बल के साथ जाम लगने के बाद लगातार जाम खुलवाने का प्रयास करते रहे। काफी प्रयास के बाद रविवार को दिन में करीब 1रू00 बजे जाम पूरी तरह से खुल सका यानी लगभग 16 घंटे तक जाम लग रहा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लान सिंह ने बताया कि ट्रक पलटने के कारण जाम लग गया था काफी प्रयास के बाद हाइड्रा बुलाकर ट्रक को एक किनारे हटाया गया जिसके बाद धीरे-धीरे जाम खुला।

## सपा की मासिक बैठक में शामिल हुए एमएलसी मानसिंह

### क्रासर-बाबा तेरा मिशन अधूरा,अखिलेश यादव करेंगे पूरा का गूंजा नारा

खागा/फ्तेहपुर, 06 जुलाई। हुसैनगंज विधान सभा क्षेत्र की मासिक बैठक हथगाम में आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद झांसी के एमएलसी डॉ मान सिंह यादव तथा क्षेत्रीय विधायक ऊषा मौर्या विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।मासिक बैठक में भाजपा सरकार द्वारा दलित पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों के साथ कर रहे अन्याय पर गुस्से का इजहार किया गया और आगामी 2027 में पीडीए के साथ सरकार बनाने का संकल्प लिया गया।अध्यक्षता एवं संचालन विधानसभा अध्यक्ष सुघर लाल यादव एडवोकेट ने किया।

मुख्य अतिथि एमएलसी मान सिंह ने कहा कि आज देश संकट के दौर से गुजर रहा है।वोट तुम्हारा है लेकिन राज किसी और का चल रहा है।पीडीए समाज का ऑब्जेक्ट बिल्कुल क्लियर होना चाहिए।अगर संविधान और आरक्षण बचाना है तो अखिलेश यादव को हर हाल में मुख्यमंत्री बनाना होगा वरना हमारे सारे अधिकार छीन लिए जाएंगे।हमें अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेनी चाहिए।उन्होंने कहा कि आरएसएस कई तरह के तिकड़म से भाजपा की सरकार बनवा देता है।मिसाल के तौर पर 2014 में हर खाते में 15 लाख,साल में 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया गया।फिर दिमाग लगाया कि किसी संत से महंगाई के सिलसिले में वक्तव्य दिलाया जाए तो रामदेव को पकड़ा गया जिन्होंने कहा था कि पेट्रोल 25 से 30 रुपए लीटर चाहिए तो भाजपा की सरकार बनाइए।

पांच साल बाद जब लगा कि 2019 में जनता वोट नहीं देगी तो हमारे 40 जवान शहीद हो गए।आज तक सरकार यह पता नहीं कर पाई कि आरडीएक्स आया कैसे,कौन लाया था।उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन एक कैंडल की तरह था।उनके बच्चे मरते रहे लेकिन हमारे आपके बच्चों के लिए रोशनी फैलाते रहे।उन्होंने नारा दिया कि बाबा तेरा मिशन अधूरा,अखिलेश यादव करेंगे पूरा।उन्होंने कहा कि हमारा ऑब्जेक्ट क्लियर होना चाहिए।एक ही लक्ष्य होना चाहिए कि भाजपा की सरकार हटानी है और समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है।विधायक ऊषा मौर्या ने कहा कि आप लोगों ने जो सेवा का मौका दिया है,आपके सम्मान में कोई कमी नहीं होने पाएगी।उन्होंने कहा कि अगर कोई दिक्कत है तो उन्हें तुरंत लिखकर दें।अरुणेश पांडेय ने कहा कि पूरा ध्यान वोटर लिस्ट पर देना होगा 16 जुलाई से नाम बढ़ाने का काम शुरू होगा,इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सुशील यादव ने कहा कि दलित,पिछड़े,अल्पसंख्यक पीडीए के लोग शिक्षित नहीं होने पाएं,इसी के लिए सरकार स्कूलों को बंद कर रही है।पूर्व जिला पंचायत सदस्य अखिलेश मौर्य,जयचंद यादव ने भी संबोधित किया।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात करने के बाद मासिक बैठक में शामिल होने आए प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा समाजवादी पार्टी अब्दुल राफे,मानसिंह यादव,रमेश सिंह यादव आदि मंचासीन रहे।शिक्षामित्र संघ के अध्यक्ष केवल सिंह,जिला पंचायत सदस्य सूबेदार चंद्रशेखर,सपा नगर अध्यक्ष रशीद कुरैशी,हीरा प्रधान,भीमसेन पासवान,फजलुर रहमान,रमेश यादव हथगाम,पूर्व प्रधान चंद्रपाल यादव, राजेश यादव,बच्छराज सिंह मौर्य,विंदा प्रसाद मौर्य,गार्गी दीन बाजपेई,विपिन सिंह,निर्भय सिंह,मुमताज अहमद अग्रसेन यादव आदि अनेक कैडर मौजूद रहे।एमएलसी डॉक्टर मान सिंह यादव जिला पंचायत सदस्य सूबेदार चंद्रशेखर के आवास गए।इसके बाद चेयरमैन धीरेंद्र कुमार उर्फ मुन्ना बाबू से मुलाकात करने नगर पंचायत पहुंचे।

# नए पुराने चेहरों के साथ जिला कांग्रेस कमेटी का हुआ गठन

क्रासर-निष्ठावान कार्यकर्ताओं को मिली तरजीह

फ्तेहपुर, 06 जुलाई। शहर कांग्रेस कमेटी गठन के बाद प्रदेश नेतृत्व के अनुमोदन के उपरांत रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी घोषित की गई।

कांग्रेस प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे ने बताया कि कमेटी गठन में पार्टी के प्रति निष्ठा, वरिष्ठता एवं कार्य क्षमता का विशेष ध्यान रखा गया है। जिसमें सभी जाति वर्गों को लाकर एक अच्छा सामंजस्य बनाया गया है। जिसमें 14 उपाध्यक्ष ,20, महा सचिव व 31, सचिवो के साथ देवी प्रकाश दुबे को मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता व फ्जलुर्रहमान को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। कमेटी में सुधाकर अवस्थी, कल्याण सिंह, मणि प्रकाश दुबे, शेख एजाज अहमद, कलीम उल्ला सिद्दीकी, माधुरी रावत, बाबर खान, हुसैन अहमद जाफरी, पंडित राम नरेश महराज, अरुण जायसवाल, प्रकाश पाण्डेय, सन्तोष कुमारी शुक्ला, हिदायत उल्ला खान, प्रेम शंकर त्रिवेदी को उपाध्यक्ष, देवेंद्र सिंह, राकेश शास्त्री, मनोज घायल, भगवंत सिंह राणा, वकील खान, कल्लू कोरी, आनंद सिंह, चंद्र प्रकाश लोधी, उदित अवस्थी, ओम प्रकाश कोरी, मुकीम खान, आशीष गौड़, वेद प्रकाश तिवारी, प्रभात शुक्ला, सहाब अली, चौधरी मोइन राइन, मो इशरत, शिव कुमार बाजपेई, बीरेंद्र गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह को महा सचिव बनाया गया। रामशंकर शुक्ला, सुखी राम, गयासुद्दीन, आरिफ खान, धर्मेंद्र उत्तम, नीरज कुमार, राहुल यादव, पुष्पेंद्र यादव, नीलम मौर्य, दिनेश मौर्य, अभय शुक्ला, सलीम, राम प्रसाद, फिरोज अहमद खान, मो. गुफरान, सोहराब अहमद सिद्दीकी, आदर्श पटेल, पूनम द्विवेदी, राजीव श्रीवास्तव, नौशाद अहमद, सीमा शर्मा, पप्पी राजपूत, दीप्ती आर्य, रीता देवी, मनोज कुमारी सिंह, शाहिस्ता बेगम, राशिद सिद्दीकी, सुदेश पाण्डेय, राजू सिंह, हीरा कश्यप, बीरेंद्र कुमार को सचिव नियुक्त किया गया। साथ ही दीपक ज्योति श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष एवं सूफियान अंसारी को महासचिव, शहर कांग्रेस बनाया गया। जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने बताया कि सभी नवनामित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आठ जुलाई को रामा श्यामा मैरिज हाल में आयोजित होगा।

## विकास कार्यो मे डाल रहे बाधा, प्रधान ने थाने मे दी तहरीर

गाजीपुर/फ्तेहपुर, 06 जुलाई। आसलपुर के ग्राम प्रधान ने थाने मे एक शिकायतीपत्र दिया। बताया कि ग्राम पंचायत मे विकास कार्य कराए जा रहे है। बताया कि गांव के रामबली यादव व उनकी टीम विकास कार्यो मे बाधा पहुंचा रहे है। विधायक विकास गुप्ता के आरसीसी रोड के शिलन्यास पत्थर तोड़ दिया। इतना ही नही पंचायत भवन का ताला तोड़कर आवश्यक दस्तावेज व समान चुरा लिया गया। निर्माणधीन खेलकूद मैदान के पिलर तोड दिए गए। उक्त द्वारा लगातार विकास कार्यो में बाधा पहुंचाई जा रही है। साथ ही लोगो को बहकाकर भय का महौल बनाया जा रहा है। जिससे वह और उनका परिवार भयभीत है। ग्राम प्रधान ने थानाध्यक्ष ने रामबली यादव व उनकी टीम द्वारा किए जा रहे कृत्यो की जांच कराकर सरकारी धन की क्षति व विकास कार्यो मे बाधा पहुंचाने संबधी मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# क़ानूनगो राम आसरे विश्वकर्मा के सताए दर्जनों काश्तकारों की नहीं हो रही योगी राज में सुनवाई

**- तत्कालीन एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह गौर के दर्जनों फैसलों में ग़लत रिपोर्ट देने का आरोप**

**- ग़रीब छोटे काश्तकारों की जमीनों पर नज़रें गढ़ाए हैं भू-माफिया**

**- क़ानूनगो असोथर की मिलीभगत के लगते रहे हैं आरोप**

**- काश्तकारों ने शासन-प्रशासन से पुनः लगाई न्याय की गुहार**

**फ्तेहपुर।** सदर तहसील अंतर्गत असोथर क्षेत्र के क़ानूनगो राम आसरे विश्वकर्मा की रिश्वतखोरी पूर्ण मनमानी हलाकान तमाम काश्तकारो ने शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। उस पर एक पार्टी से मिलकर हदबंदी, पत्थरगढ़ी समेत खेत और किसानों से संबंधित विभिन्न किसनों के वादों में ग़लत रिपोर्ट लगाने और बग़ैर नोटिस/सूचना के हदबंदी व पत्थरगढ़ी करा देने आदि गंभीर आरोप लगाये गए हैं। दर्ज़न भर से अधिक क्षेत्रीय कृषकों द्वारा मुख्यमंत्री, मंडलायुक्त, जिला मजिस्ट्रेट आदि को भेजे गए अलग-अलग शिकायतीपत्रों में क़ानूनगो राम आसरे विश्वकर्मा पर प्रतिवादी से मिलकर ग़लत रिपोर्ट देने और अधिकारियों को भ्रमित करके एकपक्षीय आदेश करवाने का ठेका लेने आदि संदिग्ध गतिविधियों से संबंधित आरोप लगाए गए हैं।

सदर तहसील के परगना गाज़ीपुर अन्तर्गत ग्राम असोथर निवासी राम प्यारे, शिव दुलारे एवं उदयबीर आदि ने सीएम, कमिश्नर के साथ-साथ हालिया समाधान दिवस में जिला अधिकारी को शिकायतीपत्र देकर उपरोक्त कानूनगो द्वारा दबंग भू माफिआओं से मिलकर चोरी छिपे तालाबी नंबर की भूमि की हदबंदी करा देने का गंभीर आरोप लगाया है। जिसमें जमीन के कारोबारी अजय कुमार तिवारी को भी आरोपित किया गया है। इसी क्रम में सदर तहसील के ही सुजानपुर मजरे असोथर निवासी देवरती पत्नी चौन बहादुर, श्याम कली पत्नी फूल सिंह आदि ने भी मुख्यमंत्री, मंडलायुक्त, जिला मजिस्ट्रेट आदि को शिकायतीपत्र भेजकर उपरोक्त क़ानूनगों राम आसरे विश्वकर्मा द्वारा दूसरे पक्ष से मिलकर एस.डी.एम.(न्यायिक) की कोर्ट में ग़लत आख्या प्रस्तुत करने का आरोप लगाया है। एक अन्य मामले में सुजानपुर मजरे असोथर के ही सत्यदेव सिंह, ओम प्रकाश सिंह, देवरती एवं गोरा आदि ने भी मुख्यमंत्री, मंडलायुक्त, जिला मजिस्ट्रेट आदि को शिकायतीपत्र भेजकर उपरोक्त क़ानूनगो राम आसरे विश्वकर्मा पर आरोप लगाया है कि एक मुक़दमे में वादी ममता अवस्थी व अजय कुमार से सेटिंग-गेटिंग करके बगैर दूसरे पक्ष को कोई लिखित या मौखिक सूचना दिए पहले हदबंदी और फिर पत्थरगढ़ी करवा दी।

आरोप है कि उपरोक्त मामले में संबंधित अदालत में भ्रामक एवं निराधार रिपोर्ट को आधार बनाया गया जिससे छोटे-छोटे दर्जन भर के क़रीब कास्तकारों कई बीघे जमीन पर क़ब्ज़ा हो गया, इस आदेश से योगी सरकार की छवि पर भी विपरीत असर पड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। प्रायः सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले आदित्य अग्निहोत्री बताते हैं कि क़ानूनगों राम आसरे विश्वकर्मा की मनमानी और निरंकुश कार्यशैली का उदाहरण यह हैं कि पिछले दिनों बग़ैर किसी अदालती आदेश के वह एक पक्ष से मोटी रकम लेकर दूसरों की भूमि धरी जमीन तथा कुछ हिस्सा ग्राम समाज का सुधीर पासवान के पक्ष में ग़लत ढंग से नापकर चोरी छिपे पत्थरगढ़ी करवा रहा था, जिसकी शिकायत श्उनके द्वारा संबंधित नायब तहसीलदार से करने के बाद उनके द्वारा फटकार लगाये जाने के बाद उक्त क़ानूनगो को पत्थर गढ़ी कराने के बाद उखड़वाना पड़ा। उन्होंने बताया कि ऐसे तमाम मामले हैं जिसमें छोटे-छोटे काश्तकारों को भूमिहीन करने का काम किया जा रहा है। उपरोक्त क़ानूनगो की संदिग्ध आख्याओं से सर्वाधिक फ़ायदा असोथर क्षेत्र में जमींन का कारोबार करने वाले अजय कुमार तिवारी को होना बताया जाता है। अजय के बारे में ख़बर है कि वह हिस्ट्री शीटर है और ज़िला बदर भी रह चुका है।

एक अन्य जानकारी के अनुसार तत्कालीन एसडीएम (न्यायिक) सर्वेश कुमार सिंह द्वारा कई वादों में दिए गए विवादित फैसलों में क़ानूनगो राम आसरे विश्वकर्मा की संदिग्ध आख्या का हवाला मिलता है, जिनमें ज़्यादातर फैसलों को कमिश्नरी में चुनौती दी गई है। जबकि लगभग सभी मामलों में शासन प्रशासन को भेजे गए शिकायतीपत्रों में एसडीएम न्यायिक सर्वेश कुमार सिंह के साथ साथ क़ानूनगो राम आसरे विश्वकर्मा को आरोपित किया गया है। अलग अलग शिकायतीपत्रों में शासन प्रशासन से तत्कालीन एसडीएम न्यायिक सर्वेश कुमार सिंह गौर के फैसलों की समीक्षा कराने और उपरोक्त क़ानूनगो राम आसरे विश्वकर्मा को तत्काल निलंबित करके क़ानूनी कार्यवाही कराने की पुरज़ोर मांग की गई है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## बुनियाद से ही भ्रष्टाचार

चिकित्सा शिक्षा करियर की एक ठोस और महत्वपूर्ण सीढ़ी बन चुकी है। बड़ी संख्या में देश के युवक-युवतियां इसे अपनी प्राथमिकता में रखते हैं। जन स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिहाज से भी इसकी जरूरत बढ़ रही है जिस कारण सरकार भी इसके संस्थानों को बढ़ावा दे रही है और इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी भी अहम हो चुकी है। पर इसमें भी भ्रष्टाचार की गंगोत्री अपने उद्‌गम स्थल से ही कितनी पुष्ट हो चुकी है, इसे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उजागर कर दिया है। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान के अधिकारियों, बिचौलियों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों का ऐसा नेटवर्क सामने आया है जो भ्रष्टाचार और मेडिकल कॉलेजों को नियंत्रित करने वाले नियामक ढांचे में हेरफेर सहित कई कृत्यों में लिप्त था। इसमें स्वास्थ्य मंत्रालय के आठ अधिकारियों, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण का एक अधिकारी व राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के निरीक्षण दल से जुड़े पांच डॉक्टर सहित ३४ लोगों को प्राथमिकी में दर्ज किया गया है। गठजोड़ की जड़ें स्वास्थ्य मंत्रालय में हैं जहां कुछ अधिकारियों ने बड़ी रिश्वत के बदले बिचौलियों के एक नेटवर्क के जरिए कई अहम प्रक्रियाओं तक मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों की पहुंच बनाई। नतीजा यह रहा कि मेडिकल कॉलेजों को धोखाधड़ी का समय मिला जिसमें अपने माफिक निरीक्षण रिपोर्ट हासिल करने के लिए मूल्यांकनकर्ताओं को रिश्वत देने, काल्पनिक रोगियों की भर्ती और बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से छेड़छाड़ जैसे कारनामे हुए। जाहिर है इतने बड़े भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े होने वाले संस्थानों का एकमात्र मकसद ज्यादा से ज्यादा पैसा बटोरना ही है। इसके लिए वे छात्र-छात्राओं को अपने यहां प्रवेश देने के नाम पर मोटी फीस तो वसूलते ही है, मरीजों के इलाज के भी अकल्पनीय भारी-भरकम बिल बनाते हैं और उन्नत चिकित्सा शिक्षा देने के नाम पर सरकार से ग्रांट भी हासिल करते हैं। इन्हीं बड़े वित्तीय लाभों के कारण ही निजी क्षेत्र की पहली पसंद अब चिकित्सा संस्थान खोलना है। भ्रष्टाचार की इस व्यापक नेटवर्किंग की जांच का दायरा अगर सीबीआई बढ़ाए तो निश्चित ही चौंकाने और सच भी सामने आएंगे। यह होना भी चाहिए ताकि जीवन की रक्षा करने वाले सबसे पवित्र काम को केवल ज्यादा से ज्यादा पैसा कमाने का जरिया बनाने की असलियत उजागर हो व इसे कानून के दायरे में लाकर नजीर स्थापित की जा सके।

## सोशल मीडिया के बहाने

इलाहाबाद हाई कोर्ट का यह कथन सौ प्रतिशत हकीकत सामने लाता है कि आजकल डिजिटल तकनीक अपराध का चेहरा ही बदल रही है। किसी व्यक्ति की अश्लील तस्वीरें जब सोशल मीडिया के जरिए सार्वजनिक मंचों पर प्रसारित की जाती हैं तो वे जीवन को नष्ट कर देती हैं और अब यह कठोर वास्तविकता है। इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने एक महिला की ऐसी ही तस्वीरें प्रसारित करने के आरोपित को जमानत देने से इंकार कर दिया। इस वक्त करीब-करीब रोजाना ऐसी खबरें आ रही हैं जिनमें तथाकथित प्रेम संबंधों की आड़ में या किसी लाभ का लालच देकर नारी शरीर का भरपूर शोषण तो होता ही है, इनका वीडियो बनाकर भविष्य में भी ऐसे रिश्ते बनाए रखने या कोई दूसरा अनुचित काम करने का दबाव बनाया जाता है। ऐसा न करने पर वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी मिलती है और बात न मानने पर अपलोड ही कर दिया जाता है। नतीजन कई महिलाएं और लड़कियां निराशा के गर्त में जाकर आत्महत्या तक कर लेती हैं। यही नहीं, पेशेवर ब्लैकमेलर तो पुरुषों को भी फंसाने के लिए ऐसी साजिशें रचने लगे हैं। विडंबना यह है कि समाचार माध्यमों में ऐसी घटनाएं बराबर आने के बाद भी कोई सबक नहीं लिया जा रहा है। दुष्कर्म का अपराध जोर जबर्दस्ती के बल पर कुछ समय के लिए ही होता है जबकि प्रेम संबंधों का नाम देकर भावनात्मक रूप से प्रभावित कर ऐसे अपराध लंबे समय तक चलते हैं। कोर्ट ने तो कड़ा रुख अपनाते हुए सख्त फैसले की नजीर पेश कर दी है लेकिन इस तथ्य को देखते हुए कि कई बार लोकलाज के डर या अन्य कई मजबूरियों के कारण ऐसे सभी मामले कोर्ट की चौखट तक नहीं पहुंच पाते, लोगों, खासकर लड़कियों व महिलाओं के लिए जरूरी हो गया है कि भावना-उत्तेजना-प्रलोभन के वशीभूत होकर उठाए जाने वाले कदमों और उनके संभावित नतीजों के बारे में इस तरह की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सोचें और तब निर्णय लें।



## काँव-काँव



♦♦♦

**दुनिया की प्रमुख ड्रोन महाशक्ति बनेगा भारत**
तभी पहलगाम के गुनहगार भी पकड़े जायेंगे!

**चुनाव आयोग के खिलाफ कोर्ट पहुंचा एडीआर**
चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा में चार चांद लग गये!

**बीबीडी समूह की सौ करोड़ की संपत्तियां जब्त**
विराज सागर दास का भाजपा में आना बेकार?

**बाल गवाहों की सुरक्षा पर चिंतित है सुप्रीम कोर्ट**
इस देश में सीबीआई के जज सुरक्षित नहीं रहे!

**कांग्रेस एजेएल को बचाने के प्रयास में थी-राहुल**
बचाते बचाते हड़पने का दाग लग गया शायद!

**ट्रेड समझौतों में राष्ट्रहित सर्वोपरि-पीयूष गोयल**
चाइना से दस हजार करोड़ का घाटा ले लिया!

♦♦♦

# अमेरिका से समझौता व किसानों के हित




- प्रो. अश्विनी महाजन

कुछ दिन पहले नीति आयोग के एक वर्किंग पेपर में केंद्र सरकार से सिफारिश की गयी कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में जैव परिवर्द्धित (जीएम) कृषि उत्पादों के आयात को अनुमति दे दी जाए. इसमें नीति आयोग ने मक्का, सोयाबीन जैसी फसलों के आयात को खोल देने की सिफारिश की है. वर्किंग पेपर में यह भी राय दी गयी कि सरकार इस समझौते में उन कृषि उत्पादों के आयात को भी खोलने का प्रस्ताव करे, जिन्हें भारत में या तो पैदा नहीं किया जाता या जिनका उत्पादन इतना कम है कि उनके आयात से किसानों पर खास प्रभाव नहीं पड़ेगा. आयोग ने चावल, काली मिर्च, सोयाबीन तेल, झींगा, चाय, कॉफी, डेयरी उत्पादन, पोल्ट्री, सेब, बादाम, पिस्ता आदि का आयात खोलने की सिफारिश की है. इस पर भारतीय किसान संघ सहित किसान संगठनों की कड़ी प्रतिक्रिया आयी है. उन्होंने कहा है कि ये सुझाव किसानों के हितों के प्रतिकूल हैं. हालांकि भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ताओं में अवरोध आने की भी बात है, क्योंकि हमारी सरकार अमेरिका की यह मांग मानने को तैयार नहीं है कि अमेरिका के जीएम कृषि उत्पादों और अन्य कृषि उत्पादों के लिए देश के बाजार खोले जाएं. नीति आयोग ने पहले भी जीएम फसलों की पैरवी की थी और तब भी उसका विरोध हुआ था. देश में लंबे समय से जीएम फसलों का विरोध हो रहा है. हालांकि पक्षधरों द्वारा लगातार जीएम फसलों के पक्ष में प्रयास किये जाते रहे हैं. पर भारी विरोध और ठोस तर्कों के कारण जीएम समर्थकों को सफलता हाथ नहीं लगी है. जीएम फसलों के विरोध के कई कारण हैं. पहला कारण तो यही है कि अधिकांश जीएम फसलें शाकनाशक रोधी, यानी हर्बिसाइड टॉलरेंट है. यानी जब ये फैसलें उगायी जाती हैं, तो उसके आसपास के जितने भी शाक हैं, वे सभी शाकनाशकों द्वारा नष्ट किये जा सकते हैं और जीएम फसलों पर असर नहीं पड़ता. लेकिन ऐसे वैज्ञानिक तथ्य मौजूद हैं, जो साबित करते हैं कि शाकनाशक कैंसरकारी हैं. जब इन शाकनाशकों का उपयोग जीएम फसलों के उत्पादन के दौरान किया जाता है, तो उसके कुछ अवशेष उन कृषि उत्पादों में रह जाते हैं, जो कैंसर का कारण बन सकते हैं. आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका में प्रति लाख जनसंख्या पर कैंसर के 350 मरीज हैं, जबकि भारत में यह आंकड़ा प्रति लाख पर सौ का है. हालांकि भारत में जीएम बीजों का उपयोग और आयात वर्जित है, पर कुछ समय से खाद्य तेलों की कमी के चलते अमेरिका और अन्य देशों से खाद्य तेलों का आयात बढ़ रहा है, जिनमें से कुछ मात्रा में जीएम खाद्य तेलों का भी आयात अनजाने में हो रहा है. देश में कैंसर के बढ़ते मामलों का यह भी एक कारण बताया जाता है. दूसरा कारण है, भारतीय नियमों के अनुसार अभी देश में जीएम फसलों के उत्पादन और आयात की अनुमति नहीं है. डब्ल्यूटीओ नियमों के अधीन हर देश को यह अधिकार है कि वह अपने देशवासियों के स्वास्थ्य के मद्देनजर अन्य देशों से आने वाले सामान पर रोक लगा सके. चूंकि देश के किसान पहले से ही अपनी उपज का सही मूल्य न पाने के कारण आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं, ऐसे में, अमेरिका के सस्ते जीएम उत्पादों के आयात की अनुमति देने पर हमारे किसानों को और अधिक नुकसान होगा. वैसी स्थिति में किसान यदि कृषि से बाहर होते हैं, तो देश की खाद्य सुरक्षा ही खतरे में पड़ सकती है. तीसरे, भारत के फूड सिक्योरिटी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआइ) द्वारा तय खाद्य सुरक्षा नियमों के तहत जीएम उत्पादों की बिक्री संभव नहीं है. ऐसे में जीएम उत्पादों के आयात के बाद वे भारत की खाद्य श्रृंखला में शामिल हो जायेंगे, जिससे नियमों का तो उल्लंघन होगा ही, देशवासियों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडराने लगेगा।

वर्किंग पेपर में यह भी राय दी गयी कि सरकार इस समझौते में उन कृषि उत्पादों के आयात को भी खोलने का प्रस्ताव करे, जिन्हें भारत में या तो पैदा नहीं किया जाता या जिनका उत्पादन इतना कम है कि उनके आयात से किसानों पर खास प्रभाव नहीं पड़ेगा. आयोग ने चावल, काली मिर्च, सोयाबीन तेल, झींगा, चाय, कॉफी, डेयरी उत्पादन, पोल्ट्री, सेब, बादाम, पिस्ता आदि का आयात खोलने की सिफारिश की है. इस पर भारतीय किसान संघ सहित किसान संगठनों की कड़ी प्रतिक्रिया आयी है. उन्होंने कहा है कि ये सुझाव किसानों के हितों के प्रतिकूल हैं. हालांकि भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ताओं में अवरोध आने की भी बात है, क्योंकि हमारी सरकार अमेरिका की यह मांग मानने को तैयार नहीं है कि अमेरिका के जीएम कृषि उत्पादों और अन्य कृषि उत्पादों के लिए देश के बाजार खोले जाएं. नीति आयोग ने पहले भी जीएम फसलों की पैरवी की थी और तब भी उसका विरोध हुआ था. देश में लंबे समय से जीएम फसलों का विरोध हो रहा है. हालांकि पक्षधरों द्वारा लगातार जीएम फसलों के पक्ष में प्रयास किये जाते रहे हैं. पर भारी विरोध और ठोस तर्कों के कारण जीएम समर्थकों को सफलता हाथ नहीं लगी है।



## प्रेमचंद की कहानियां



### खून सफेद

इस बच्चे ने आज प्रातःकाल चने की रोटी का एक टुकड़ा खाया था, और तब से कई बार उठा और कई बार रोते-रोते सो गया। चार वर्ष का नादान बच्चा, उसे वर्षा और मिठाइयों में कोई सम्बन्ध नहीं दिखाई देता था। जादोराय ने उसे गोद में उठा लिया, उसकी ओर दुःखभरी दृष्टि से देखा। गर्दन झुक गयी और हृदय-पीड़ा आंखों में न समा सकी।

दूसरे दिन यह परिवार भी घर से बाहर निकला। जिस तरह पुरुषों के चित्त से अभिमान और स्त्री की आंख से लज्जा नहीं निकलती, उसी तरह अपनी मेहनत से रोटी कमाने वाला किसान भी मजदूरी की खोज में घर से बाहर नहीं निकलता। लेकिन हा पापी पेट, तू सब कुछ कर सकता है! मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा ये सब चमकते हुए तारे तेरी काली घटाओं में छिप जाते हैं। प्रभात का समय था। वे दोनों विपत्ति के सताये घर से निकले। जादोराय ने लड़के को पीठ पर लिया। देवकी ने फटे-पुराने कपड़ों की वह गठरी सिर पर रखी, जिस पर विपत्ति को भी तरस आता। दोनों की आंखें आंसुओं से भरी थीं। देवकी रोती थी। जादोराय चुपचाप था। गांव के दो-चार आदमियों से रास्ते में भेंट भी हुई, किन्तु किसी ने इतना भी न पूछा कि कहां जाते हो? किसी के हृदय में सहानुभूति का बास न था। जब ये लोग लालगंज पहुंचे, उस समय सूर्य ठीक सिर पर था। देखा, मीलों तक आदमी ही आदमी दिखाई देते थे। लेकिन हर चेहरे पर दीनता और दुःख के चिह्न झलक रहे थे। वैसाख की जलती हुई धूप थी। आग के झोंके जोर-जोर से हरहराते हुए चल रहे थे। ऐसे समय में हड्डियों के अगणित ढांचे जिनके शरीर पर किसी प्रकार का कपड़ा न था, मिट्टी खोदने में लगे हुए थे। मानो वह मरघट भूमि थी, जहां मुर्दे अपने हाथों अपनी कब्रें खोद रहे थे। बूढ़े और जवान, मर्द और बच्चे, सब के सब ऐसे निराश और विवश होकर काम में लगे हुए थे मानो मृत्यु और भूख उनके सामने बैठी घूर रही है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।


♦♦♦

**अकृष्टफलमूलानि वनवासरति सदा।**
**कुरुतेहरहः श्राद्धमृषिर्विप्रः च उच्यते।।**

बिना जुती धरती से मिलने वाले फल-मूलादि का सेवन करने वाला तथा वन में निवास करने वाला और प्रतिदिन पितरों का श्राद्ध व तर्पण करने वाला ब्राह्मण ऋषि कहलाता है।

♦♦♦

# मुहर्रम पर विशेष : हर क़ौम कह रही है हमारे हुसैन हैं



-तनवीर जाफ़री

पूरी दुनिया में इन दिनों इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम के दौरान करबला की दास्तान याद की जा रही है। 680 ईस्वी अर्थात मुहर्रम 61 हिजरी में इराक़ में करबला स्थित मैदान फ़ुरात नदी के किनारे पैगंबर हज़रत मुहम्मद के नवासे इमाम हुसैन व उनके परिवार के लगभग 72 सदस्यों को सीरिया के तत्कालीन तानाशाह यज़ीद की सेना ने उसके आदेश पर बड़ी ही बेरहमी से 10 मुहर्रम यानी आशूरा के दिन तीन दिन का भूखा प्यासा क़त्ल कर दिया था। उसके बाद उनके परिवार के तंबुओं को जलाया व लूटा गया। बाद में इमाम हुसैन के परिवार, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को बंदी बनाकर कूफ़ा और फिर सीरिया ले जाया गया। इस दौरान उनके साथ क्रूर व्यवहार किया गया। उन्हें रास्ते भर यातनायें दी गयीं उनके सरों से चादरें छीनी गयीं, हाथों में हथकड़ियां, रस्सियां व पैरों में बेड़ियाँ डाली गयीं। ग़ौरतलब है कि हज़रत मुहम्मद के घराने के साथ घोर अत्याचार करने वाला उस समय का तानाशाह यज़ीद पुत्र मुआविया स्वयं भी मुसलमान था और उसकी सेना के अत्याचारी सदस्यों में भी अनेक हाफ़िज़, क़ारी और लंबी लंबी दाढ़ियों वाले धर्मगुरु सरीखे अनेक मौलवी शामिल थे। यज़ीद अपने समय का एक शक्तिशाली परन्तु क्रूर, अधर्मी, अय्याश शासक था। वह अपनी ताक़त के बल पर अपनी सत्ता चलने के लिये हज़रत इमाम हुसैन का समर्थन चाहता था। परन्तु हज़रत हुसैन ने उसकी दुष्ट की ताक़त की परवाह नहीं की और उसके हाथों पर बैयत करने से इंकार कर दिया।

हज़रत हुसैन की शहादत और करबला की घटना को पूरे विश्व के सभी धर्मों व विश्वास के लोग पूरी श्रद्धा व सम्मान से देखते हैं। इस घटना को धर्म के बजाय इतिहास से जुड़ी विश्व की अभूतपूर्व घटना होने के नाते पूरी दुनिया के में साहस, बलिदान और अन्याय के ख़िलाफ़ संघर्ष के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। यही वजह है कि विभिन्न धर्मों के लोग हज़रत हुसैन की नैतिकता, मानवता और सत्य के लिए उनके बलिदान की प्रशंसा करते हैं। भारत में मुहर्रम पर हिंदुओं की मुहर्रम में भागीदारी व उनके द्वारा श्रद्धा पूर्वक की जाने वाली ताज़ियादारी की परंपरा देश की सांस्कृतिक और धार्मिक समन्वयता को दर्शाती है। ताज़िया, इमाम हुसैन के मक़बरे का प्रतीकात्मक स्वरूप है जो भारत में हिंदू-मुस्लिम एकता का भी प्रतीक है। मुहर्रम में ताज़ियादारी की परंपरा को ग्वालियर के सिंधिया परिवार जैसे हिंदू राजघरानों ने भी पूरी श्रद्धा के साथ अपनाया। वे न केवल ताज़िया बनवाते थे, बल्कि जुलूसों में भी शामिल होते व इसे अपनी मन्नतों और आस्था से जोड़कर देखते थे। जबकि मुस्लिम शासक होने के बावजूद औरंगज़ेब ने अपने शासनकाल में मोहर्रम के जुलूसों पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया था। मध्य प्रदेश (ग्वालियर) के अलावा भी भारत में कई क्षेत्रों, विशेषकर उत्तर प्रदेश, राजस्थान, और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में हिंदू समुदाय ताज़ियादारी में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

इसी तरह इतिहास में हिंदू समुदाय, से जुड़े 'हुसैनी ब्राह्मण,' का ज़िक्र मिलता है। कहा जाता है कि हुसैनी ब्राह्मण करबला की जंग में हज़रत इमाम हुसैन के पक्ष में लड़े थे। इसीलिये इनके वंशज आज भी मुहर्रम में मजलिस मातम करते हैं व हुसैन की याद में ताज़िया निकालते हैं। बताया जाता है कि सिंध के हिन्दू राजा राहिब दत्त निःसंतान थे। वे संतान हेतु दुआओं की आस लेकर हज़रत इमाम हुसैन की सेवा में हाज़िर हुये। हज़रत इमाम हुसैन के आशीर्वाद से राहिब दत्त के घर एक दो नहीं बल्कि सात पुत्रों की प्राप्ति हुई।



इसके कारण राजा राहिब दत्त की इमाम हुसैन के प्रति अटूट श्रद्धा हो गयी। बाद में जब राजा राहिब दत्त को पता चला कि करबला में हज़रत इमाम हुसैन को उनके परिवार के 72 लोगों के साथ ज़ालिम यज़ीद ने घेर लिया है। तो राजा राहिब दत्त अविलंब हिन्दू सैनिकों की अपनी सेना लेकर करबला के लिये प्रस्थान कर गये। परन्तु उनके करबला पहुँचने तक देर हो चुकी थी। हज़रत इमाम हुसैन अपने साथियों के साथ शहीद किये जा चुके थे। इस घटना से अत्यंत दुखी व आहत राहिब दत्त ने यज़ीद से बदला लेने का फ़ैसला किया। उन्होंने वहाँ के हुसैन समर्थक एक बहादुर योद्धा अमीर मुख़्तार को साथ लिया। जब उन्हें सूचना मिली कि यज़ीदी फ़ौज लुटे हुये हुसैनी क़ाफ़िले के साथ इमाम हुसैन का कटा हुआ सिर लेकर कूफ़ा (इराक़ी शहर ) की तरफ़ जा रही है। उस समय राहिब दत्त की सेना ने कड़ा संघर्ष कर इमाम हुसैन का सिर पुनः प्राप्त कर लिया। मोहयाल अथवा कश्मीरी ब्राह्मण, हज़रत इमाम हुसैन से अपने इसी संबध के कारण स्वयं को आज भी बड़े गर्व से हुसैनी ब्राह्मण कहते हैं। संयोग से पिछले दिनों मुझे भी इराक़ में कूफ़ा स्थित उस ऐतिहासिक स्थान पर जाने का अवसर मिला जिसे मस्जिद-ए-हनाना के नाम से जाना जाता है। यह वही जगह है जहां इमाम हुसैन की शहादत के बाद उनका कटा सिर करबला से यज़ीद के दरबार (दमिश्क, सीरिया) ले जाया जा रहा था.उसी समय नजफ़ के क़रीब इसी जगह पर इमाम हुसैन का कटा हुआ पवित्र सिर रखा गया था। आज यह मस्जिद सभी धर्मों के लोगों के लिये एक पवित्र तीर्थस्थल है, क्योंकि यह करबला की मार्मिक घटना की याद दिलाती है।यहाँ प्रतिदिन विभिन्न धर्मों व देशों के लाखों तीर्थ यात्री आते हैं श्रद्धापूर्वक अपना शीश नवाते व प्रार्थनाएं करते हैं। इसी तरह सिख धर्म में भी इमाम हुसैन के बलिदान को पूरा सम्मान दिया जाता है। कई सिख इतिहासकारों और विद्वानों ने करबला की घटना को सिख धर्म के सिद्धांतों से मेल खाने वाली सत्य और न्याय के लिए लड़ी गयी लड़ाई के रूप में वर्णित किया है। इसीलिये पंजाब में कुछ गुरुद्वारों में मोहर्रम के दौरान इमाम हुसैन की याद में विशेष आयोजन किए जाते हैं। इसी तरह विशेष रूप से मध्य पूर्व और भारत में कुछ ईसाई समुदाय के लोग भी इमाम हुसैन की शहादत को एक सार्वभौमिक बलिदान के रूप में देखते हैं। लेबनान जैसे देश में, जहाँ विभिन्न धर्मों के लोग एक साथ रहते हैं यहां ईसाई समुदाय के लोग भी आशूरा के आयोजनों में शामिल होते हैं और इमाम हुसैन के बलिदान को पूरा सम्मान देते हैं।

## प्रेरक प्रसंग — विश्वास की जीत

एक बार एक गांव में एक सज्जन पुरुष रहते थे, वे बहुत ही दयालु तथा हृदय ग्राही थे, किसी को भी कभी अपशब्द नहीं कहते थे। जो भी उनके घर आता वे अच्छे से उसका आथित्य सत्कार करते। लोग उनसे सलाह मशविरा लेने आया जाया करते थे।

एक बार एक कैदी जेल से भाग जाता है, पुलिस उसके पीछे लगी रहती है।

वह जब गांव के बीच पहुंचता है तो उसे एक घर का दरवाजा खुला दिखता है। वह घर उसी सज्जन पुरुष का था। वह बिना इजाजत के अन्दर प्रवेश करता है। जैसे ही वह कैदी अन्दर पहुंचता है तो वह सज्जन पुरुष बड़ी सौम्यता से कहते है, आइए महाराज आपका स्वागत है। उसे आराम से बिठाता है और कहता है कि तुम कौन हो और कहां से आ रहे हो। वह कैदी कहता है कि मैं रास्ता भटक गया हूं, क्या आप मुझे आज रात रहने की जगह दे सकते हैं। आपका बडा एहसान होगा। वह पुरुष कहता है- क्यों नहीं आप आराम से यहां रहिए, आप नहा लीजिए मैं आपके लिये खाने सोने की व्यवस्था करता हूं। जब तक वह कैदी नहाता है तब तक वह सज्जन पुरुष उसके लिए सब व्यवस्था करता है। खाने के बाद सब सो जाते हैं। लेकिन उसकी नियत खराब हो जाती है और वह वहां से सोने की चीजें चुरा लेता है और फिर भाग जाता है।

रास्ते में पुलिस उसे पकड़ लेती है। और जब पूछताछ करती है तो वह कहता है कि मैंने उस सज्जन पुरुष के यहां से यह चुराया है। उस कैदी को उस पुरुष के सामने लाया जाता है। लेकिन वह पुरुष कहता है कि यह सोने की वस्तु मैंने ही इसे दान में दी है।

उस कैदी की आंखें खुल जाती है और उस पुरूष से माफी मांगता है। और कहता है कि जब भी तुम्हें किसी चीज की जरूरत हो तो मांग लेना चाहिए ना की चुराना चाहिए।

## आपका पत्र मिला

### पाकिस्तान की विचारधारा में भारत के प्रति अचानक बदलाव की वजह?

भारत पाकिस्तान के विभाजन के बाद दोनों देश कभी एक नही हुए। विभाजन की त्रासदी का मंजर आज भी लोगो की जेहन में है।वो खूनी मंजर दुनिया में इतिहास बनकर रह गया। भारत ने पाकिस्तान पर जब जब भरोसा किया, तब तब पाकिस्तान ने धोखा ही दिया है। पाकिस्तान पर भरोसा करना ठीक नहीं है। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी लाहौर बस लेकर पाकिस्तान से मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करने गए थे लेकिन निराशा ही हाथ लगी। उधर,अटलजी के पीठ पीछे षड्यंत्र की साजिश रची जा रही थी। मुशर्रफ भारत में कश्मीर मुद्दे पर वार्ता करने आए और बिना बातचीत किए लौट गए? मुशर्रफ ने कुछ दिन बाद कारगिल युद्ध थोप दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी शांति के साथ भाईचारे का हाथ बटाने लाहौर गए, उसके तत्काल बाद पुलवामा अटैक किया गया। उरी और पहलगाम के हमले भारत ने झेले हैं। पहलगाम के बाद सिंधु जलस्त्रोत को बंद किये जाने पर बिलावल भुट्टो ने भारत पर वैचारिक हमला करते हुए कहा कि पानी बहेगा या खून? जैसे शब्दों का उपयोग करने वाला पाकिस्तान के तेवर नरम कैसे हो गए। आतंकी सरगना हाफिज सईद और मसूर अजहर को पाकिस्तान भारत को सौंपने के लिए तैयार कैसे हो गया। इसके पीछे पाकिस्तान की जो भी साजिश है किसी को पता नहीं है। अगर, अमेरिका का पाकिस्तान को सहयोग मिला होता तो पाक के शायद मिजाज अलग ही होते। पाकिस्तान को भारत अल्टीमेटम दे चुका है कि जब तक पाकिस्तान से आतंकवाद खत्म नहीं होगा,भारत कोई भी द्विपक्षीय बातचीत करने के लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान का फिर से कोई भरोसा क्यो करे। भारत ने बारीकी से पाकिस्तान की नब्ज टटोलने के बाद ही उससे संधि विच्छेद किया है।

**- कांतिलाल मांडोत**
**वाया ई-मेल**


**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# अच्छी लाइफस्टाइल के लिए शामिल करें चार हेल्दी आदतें



आज की आधुनिक जीवनशैली में स्वस्थ रहना अपने आप में एक बड़ी चुनौती बन चुका है। फास्ट-फूड, सेडेंट्री लाइफस्टाइल और अधिक स्क्रीन टाइम हमारी सेहत को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में बहुत से लोगों के दिमाग से सवाल आता है कि एक स्वस्थ जीवन शैली कैसी होनी चाहिए और इसमें कौन-कौन सी आदतें होनी चाहिए? आइए इस लेख में इसी सवाल का जवाब जानते हैं।

दरअसल, एक स्वस्थ जीवनशैली में वो सभी आदतें होनी चाहिए जो आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों को स्वस्थ रखता हो। ये आदतें न केवल आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) को मजबूत करती हैं, बल्कि हृदय रोग, डायबिटीज और तनाव जैसी आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी गंभीर समस्याओं के जोखिम को भी काफी हद तक कम करती हैं। ये छोटी-छोटी आदतें ही वास्तव में एक अच्छी और स्वस्थ जीवनशैली का आधार हैं, जो आपको बीमारियों से कोसों दूर रख सकती हैं। आइए इस लेख में, हम ऐसी ही चार महत्वपूर्ण हेल्दी आदतों के बारे में जानते हैं, जो हर किसी के लाइफस्टाइल का हिस्सा होना चाहिए।



**नियमित व्यायाम**

व्यायाम स्वस्थ जीवन का आधार है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम तीव्रता का व्यायाम, जैसे तेज टहलना, साइकिलिंग या योग, करना चाहिए। यह हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करता है, और मांसपेशियों को मजबूत करता है। रोजाना 30-40 मिनट का टहलना या योगासन, जैसे सूर्य नमस्कार, तनाव कम करते हैं और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाते हैं। इसलिए व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

**संतुलित आहार**

संतुलित आहार स्वास्थ्य की नींव है। डाइट में हरी सब्जियां, फल, साबुत अनाज, प्रोटीन (दाल, पनीर, अंडे) और हेल्दी फैट (नट्स, एवोकाडो) शामिल करें। चीनी, तले-भुने खाद्य पदार्थ और प्रोसेस्ड फूड से बचें। नाशपाती, सेब और जामुन जैसे मौसमी फल इम्यूनिटी बढ़ाते हैं, इसलिए इन्हें अपनी डाइट में शामिल करें। रोजाना 2-3 लीटर पानी पिएं, जो शरीर को हाइड्रेट रखता है और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि रोज एक तय समय पर ही भोजन करें।

**पर्याप्त नींद**

नींद की कमी तनाव, मोटापा और कमजोर इम्यूनिटी का कारण बनती है। रोजाना 7-8 घंटे की गहरी नींद जरूरी है। यह मस्तिष्क को तरोताजा रखती है, हार्मोनल संतुलन बनाए रखती है और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। सोने से पहले स्क्रीन टाइम (मोबाइल, टीवी) कम करें और शांत वातावरण बनाएं। संभव हो तो रात में सोने से पहले गुनगुना दूध पीएं। अनियमित नींद से बचें और एक निश्चित समय पर सोने-जागने की आदत बनाएं।



**तनाव प्रबंधन**

मानसिक तनाव हृदय रोग, मधुमेह और अवसाद का जोखिम बढ़ाता है, इसलिए किसी भी तरह के मानसिक तनाव से बचना चाहिए। अगर तनाव होता है तो उसे कम करने के लिए रोजाना 10-15 मिनट ध्यान करें। गहरी सांस लेने की तकनीक, योग या हल्का टहलना तनाव को कम करता है। दोस्तों-परिवार के साथ समय बिताएं और सकारात्मक रहें। तनाव अधिक हो तो मनोचिकित्सक से सलाह लें।



## डायबिटीज के मरीजों के लिए बेस्ट होता है ये आटा

आज के समय में डायबिटीज एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है, जिससे हमारे देश के करोड़ों लोग प्रभावित हैं। इस स्थिति में ब्लड शुगर को नियंत्रित रखना सबसे जरूरी होता है, और इसमें आहार की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, डायबिटीज मरीजों को कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थ को डाइट में शामिल करना चाहिए। ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) एक माप है जो बताता है कि कोई भोजन कितनी तेजी से आपके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकता है। उच्च जीआई वाले खाद्य पदार्थ शुगर लेवल को तेजी से बढ़ाते हैं, जबकि लो जीआई वाले खाद्य पदार्थ इसे धीरे-धीरे और स्थिर रूप से बढ़ाते हैं। यही वजह है कि एक्सपर्ट्स डायबिटीज के मरीजों को कम जीआई वाले खाद्य पदार्थ को डाइट में शामिल करने का सलाह देते हैं।

**रागी का आटा**-रागी, जिसे फिंगर मिलेट भी कहते हैं, कैल्शियम, फाइबर और आयरन का समृद्ध स्रोत है। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिसके कारण यह ब्लड शुगर को धीरे-धीरे बढ़ाता है और लंबे समय तक स्थिर रखता है। रागी में मौजूद फाइबर पाचन को बेहतर बनाता है और भूख को नियंत्रित करता है, जो वजन प्रबंधन के लिए भी महत्वपूर्ण है। डायबिटीज के मरीज रागी के आटे अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसे गेहूं के आटे के साथ मिलाकर भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

**बाजरा का आटा**-बाजरा (पर्ल मिलेट) एक ग्लूटेन-फ्री अनाज है, जो डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। बाजरा के आटे में फाइबर, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सिडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो इंसुलिन सेंसिटिविटी को बेहतर बनाते हैं। बाजरा का कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स ब्लड शुगर को तेजी से बढ़ने से रोकता है।



## मौसमी फल नाशपाती को हल्के में न लें, रोज खाने से मिलते हैं बड़े फायदे

नाशपाती एक बेहद स्वादिष्ट मौसमी फल है जो हमारे सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। अक्सर लोग इसे हल्के में लेते हैं, पर यह अद्भुत फल विटामिन, खनिज और फाइबर से भरपूर होता है। मानसून और शरद ऋतु के दौरान ये फल बाजारों में आसानी से उपलब्ध हो जाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, रोजाना सिर्फ एक नाशपाती का सेवन करने से आप कई स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकते हैं। आइए इस लेख में हम नाशपाती खाने के चार प्रमुख फायदों और इसे अपनी डाइट का हिस्सा बनाने के आसान और स्वादिष्ट तरीकों के बारे में विस्तार से जानते हैं।



**पाचन तंत्र को बेहतर बनाए**

नाशपाती में घुलनशील और अघुलनशील फाइबर प्रचुर मात्रा में होता है। यह कब्ज, गैस और ब्लोटिंग को कम करता है और आंतों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। मानसून में नाशपाती खाना विशेष रूप से फायदेमंद है, क्योंकि इस मौसम में पाचन की समस्याएं अधिक देखने को मिलती हैं।

**हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा**-नाशपाती में पोटैशियम, विटामिन C और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। पोटैशियम रक्तचाप को नियंत्रित करता है, जबकि एंटीऑक्सीडेंट्स कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करते हैं। यह धमनियों को स्वस्थ रखता है और हृदय रोगों का जोखिम घटाता है। रोजाना एक नाशपाती खाने से रक्त संचार बेहतर होता है।

**इम्यूनिटी को मजबूत करता है**-नाशपाती में विटामिन C और K प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं। यह सर्दी, जुकाम और वायरल इंफेक्शन से बचाव करता है, जो मानसून में आम हैं। रोजाना एक नाशपाती खाने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

**वजन नियंत्रण में सहायक**-नाशपाती कम कैलोरी और हाई फाइबर वाला फल है, जो वजन प्रबंधन में मदद करता है। फाइबर लंबे समय तक पेट भरा रखता है, जिससे भूख और जंक फूड की क्रेविंग कम होती है। यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है और मोटापे को नियंत्रित करता है।

## ट्राई करें ये लेटेस्ट डिजाइंस वाले स्लिट-कट सूट, नजर आएंगी खूबसूरत



फैशन का ट्रेंड हमेशा बदलता रहता है और यही वजह है कि हर महिला अपने स्टाइल को अपग्रेड करना चाहती है। वहीं, अगर आप किसी खास मौके पर सूट स्टाइल करने का सोच रही हैं औरअपने लुक को न्यू टच देना चाहती हैं, तो आप स्लिट-कट सूट पहन सकती हैं। यह सूट मॉडर्न और स्टाइलिश ट्विस्ट पाने के लिए बेस्ट है, और इसमें आपका लुक बेहद सुंदर नजर आता है। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले स्लिट-कट सूट दिखा रहे हैं। इस तरह के सूट आप किसी पार्टी या फैमिली फंक्शन के दौरान पहन सकती हैं, और इनमें आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा।

**फ्लोरल प्रिंट स्लिट-कट सूट**- अगर आपको लाइट कलर पसंद हैं, तो आप इस तरह का फ्लोरल प्रिंट स्लिट-कट सूट स्टाइल कर सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट इन दिनों कफी ट्रेंड में है और इन सूट में आपका लुक सुंदर भी नजर आता है। यह सूट आपको कई सारे कलर और फ्लोरल पैटर्न में मिल जाएगा। इस सूट को आप ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन भी 1 हजार से 2 हजार में खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ आप मिरर वर्क झुमके स्टाइल कर सकती हैं।


**एम्ब्रॉयडरी वर्क स्लिट-कट सूट**- फैमिली फंक्शन में शामिल होने के दौरान आप इस तरह के एम्ब्रॉयडरी वर्क स्लिट-कट सूट पहन सकती हैं। यह सूट आपके लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए बेहतरीन ऑप्शन है, और इस सूट में आप हैवी और सिंपल दोनों तरह के एम्ब्रॉयडरी वर्क में ले सकती हैं। आपको यह सूट मार्केट में आसानी से मिल जाएगा, जिसे पहनकर आप बहुत अच्छी लगेंगी। यह सूट आप 2,000 की कीमत में खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ अपने लुक को स्टाइलिश टच देने के लिए आप पर्ल वर्क इयररिंग्स पहन सकती हैं।

**नेट स्लिट-कट सूट**-सुंदर दिखने के लिए आप फोटो में नजर आने वाले नेट स्लिट-कट सूट भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सूट पहनने के बाद आप बहुत अच्छी लगेंगी। इसमें आपको कई कलर ऑप्शन मिल जाएंगे, साथ ही इस सूट को कई सारे फैब्रिक ऑप्शन के साथ भी ले सकती हैं। इस सूट के साथ आपको नेट वाला दुपट्टा मिलेगा, जो आपके लुक को अट्रैक्टिव टच देने का काम करेगा। मार्केट में आपको इस तरह का सूट आसानी से मिल जाएगा और इसे आप 1,500 से 3,000 रुपये में खरीदकर कई सारे मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं। इस सूट के साथ लॉन्ग इयररिंग्स पहनना बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है।

## मानसून अपने साथ लाता है मच्छर जनित रोगों का खतरा, कैसे बचें?



देश के अधिकतर हिस्सों में मानसून की शुरुआत हो चुकी है। कई राज्यों में तेज बारिश का भी असर देखा गया है। मानसून का ये मौसम तेज गर्मी के बाद राहत देने वाला तो होता है पर अपने साथ कई प्रकार की बीमारियां भी लेकर आता है जिसको लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतते रहना चाहिए। बारिश के मौसम में वातावरण में नमी, जलभराव और साफ-सफाई की कमी के चलते बीमारियों के मामले और इसके कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव भी बढ़ जाता है। इस मौसम में सबसे ज्यादा खतरा मच्छरों और दूषित पानी के कारण संक्रमण फैलने लगता है। ये बीमारियां बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों को सबसे ज्यादा अपना शिकार बनाती हैं। मच्छर जनित रोगों के कारण हर साल बड़ी संख्या में लोगों की मौतें भी हो जाती हैं जिसको लेकर सभी लोगों को पहले से सावधान हो जाना चाहिए। इन बीमारियों से बचाव के लिए सभी लोगों को पहले से सतर्क रहना चाहिए।



**डेंगू का खतरा**- डेंगू एडीज एजिप्टाई नामक मच्छर के काटने से होता है, जो दिन में ज्यादा सक्रिय रहते हैं। ये मच्छर साफ जमा पानी (जैसे कूलर, गमले, टंकी) में पनपते हैं। डेंगू के कारण तेज बुखार (104°F तक), सिर, आंखों के साथ मांसपेशियों और जोड़ों में तेज दर्द होता है, यही कारण है कि इसे हड्डी तोड़ बुखार भी कहते हैं। इन लक्षणों के अलावा डेंगू के स्थिति में त्वचा पर लाल चकत्ते, उल्टी या मतली की भी दिक्कत होती है। अगर समय पर इलाज न हो तो ब्लड प्लेटलेट्स काउंट तेजी से कम हो सकता है जिससे रक्तस्राव और डेंगू हेमोरेजिक फीवर का भी खतरा हो सकता है। ये स्थिति जानलेवा मानी जाती है।

**मलेरिया का न हो जाएं शिकार?**

डेंगू की ही तरह से मानसून के दिनों में मलेरिया रोग के मामले भी काफी बढ़ जाते हैं। ये एनॉफिलीज मादा मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर आमतौर पर गंदे पानी में पनपते हैं और डेंगू के मच्छरों से उल्टा, रात में ज्यादा काटते है। मलेरिया प्लास्मोडियम नाम के परजीवी से होता है, जो खून में पहुंचकर लाल रक्त कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है। मलेरिया के कारण बुखार के साथ ठंड लगने और पसीना आना (थरथराहट के साथ), सिर और मांसपेशियों में दर्द, कमजोरी और थकान की दिक्कत देखी जाती है। अगर बीमारी का इलाज न हो पाए औ ये गंभीर रूप ले लेता है तो इससे दिमाग, किडनी और लिवर की भी समस्याएं हो सकती हैं।

**चिकनगुनिया को लेकर सावधानी जरूरी**

चिकनगुनिया भी एडीज मच्छर, विशेष रूप से एडीज एजिप्टी और एडीज एल्बोपिक्टस के काटने से होता है। यह दिन में ज्यादा सक्रिय रहता है और साफ पानी में पनपता है। चिकनगुनिया के भी अधिकतर लक्षण डेंगू से मिलता-जुलते हो सकते हैं। इसके कारण अचानक तेज बुखार आने, जोड़ों में तेज दर्द होने, शरीर पर चकत्ते के साथ सिर दर्द और मांसपेशियों में दर्द हो सकता है।

**इन बीमारियों से बचाव कैसे करें?**

मानसून के दिनों में कुछ बातों का ध्यान रखकर इन बीमारियों से बच सकते हैं। इसके लिए घर के आसपास (कूलर, बर्तन, गमले) पानी इकट्ठा न होने दें। मच्छरों से बचाव के लिए पूरी बांह के कपड़े पहनें, मच्छरदानी और रिपेलेंट का प्रयोग करें। सुबह-शाम घर के कोनों में कीटनाशक छिड़कें। इसके अलावा बुखार आने पर या फिर सामान्य दवाओं से आराम न मिले तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## हार्ट ब्लॉकेज के ये लक्षण न करें नजरअंदाज


जब हमारे दिल की नसों (कोरोनरी आर्टरीज) में फैट, कोलेस्ट्रॉल और अन्य गंदे पदार्थ जमा होने लगते हैं तो उस स्थिति को हार्ट ब्लॉकेज कहा जाता है। इस प्रक्रिया को मेडिकल भाषा में एथेरोस्क्लेरोसिस कहा जाता है। यह जमाव धीरे-धीरे खून के बहाव को धीमा करता है। इससे दिल को जरूरी मात्रा में ऑक्सीजन और पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। समय के साथ अगर ब्लॉकेज बढ़ता है, तो इससे हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट का खतरा बढ़ जाता है। अक्सर यह बीमारी धीरे-धीरे विकसित होती है और शुरूआत में इसके लक्षण इतने मामूली होते हैं कि लोग उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन ध्यान न देने पर यही मामूली लक्षण बड़ी बीमारी का रूप ले सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम इसके कारण और लक्षण समय रहते पहचानें और इससे बचाव करें।

**हार्ट ब्लॉकेज क्यों होता है?**

*हार्ट ब्लॉकेज होने के कई कारण होते हैं, जिनमें सबसे बड़ा कारण है खराब जीवनशैली।*
*जैसे- तैलीय और चिकनाई वाले खाने का ज्यादा सेवन*
*धूम्रपान और शराब पीना*
*शारीरिक गतिविधि यानी एक्सरसाइज की कमी*
*तनाव में रहना*
*हाई ब्लड प्रेशर*
*हाई कोलेस्ट्रॉल*
*डायबिटीज*
*बढ़ती उम्र*
*पारिवारिक या जेनेटिक कारण (अगर परिवार में किसी को पहले हार्ट प्रॉब्लम रही हो)*
*अगर इन कारणों पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो यह समस्या जानलेवा भी हो सकती है।*

*हार्ट ब्लॉकेज के लक्षण क्या हैं?*

*हार्ट ब्लॉकेज के लक्षण व्यक्ति की उम्र, सेहत और ब्लॉकेज की गंभीरता पर निर्भर करते हैं।*



*शुरुआत में ये लक्षण नजर आ सकते हैं*
*थोड़ी मेहनत में थकान या सांस फूलना*
*छाती में हल्का दर्द, दबाव या जलन*
*यह दर्द बाएं हाथ, गर्दन, जबड़े या पीठ तक फैल सकता है*
*पसीना आना, घबराहट, चक्कर आना*
*सांस लेने में दिक्कत*
*दिल की धड़कन अनियमित होना*
*कुछ लोगों को सोते समय भी छाती में भारीपन महसूस हो सकता है*
*अगर ये लक्षण बार-बार दिखाई दें, तो इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।*

**कैसे करें हार्ट ब्लॉकेज से बचाव?**- हार्ट ब्लॉकेज से बचने के लिए हमें अपनी जीवनशैली में कुछ जरूरी बदलाव करने चाहिए। यहां कुछ जरूरी उपाय दिए गए हैं जैसे संतुलित और हेल्दी डाइट लें, जिसमें फल, सब्जियां, ओट्स, दालें शामिल हों। रोजाना कम से कम 30 मिनट एक्सरसाइज जरूर करें। धूम्रपान और शराब से पूरी तरह दूरी बनाएं। ब्लड प्रेशर, शुगर और कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच कराएं। तनाव से बचने के लिए योग या मेडिटेशन करें। रोजाना 7-8 घंटे की नींद लें। हार्ट ब्लॉकेज एक ऐसी समस्या है जो धीरे-धीरे बनती है लेकिन समय रहते इसके संकेतों को समझकर और जीवनशैली सुधारकर इससे बचा जा सकता है। अगर छाती में दर्द, सांस फूलना या थकान जैसी शिकायतें बार-बार हों, तो डॉक्टर से परामर्श जरूर लें। समय पर जांच और जागरूकता ही सबसे बड़ा इलाज है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ सोमवार, 7 जुलाई 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1946 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ चैत्र मासोत्तमे शुक्ल पक्षे। द्वादशी तिथौ सोम वासरे 23/11/ अनुराधा नक्षत्रे 25/12/ शुभ योग 22/03/ बव करणे 10/13/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार**- हरिवासर घं.23 मि.11तक। बुध आश्लेषा नक्षत्र में घं.05मि.47 पर। गुरू उदय पूर्व में घं.15 मि.02पर।

**मेष** : पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति बखूबी करेंगे। शेयर्स स्हा में अर्थ लाभ होगा। वाहन मकान का सुख मिलेगा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** : वाद विवाद पर विजय प्राप्त होगी। कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति होगी। नियमित दिनचर्या रहेगी। राजनेता का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन** : प्रगति के नए अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के पानी से हर्ष होगा।

**कर्क** : आर्थिक मामलों में चल रहा प्रयास सफल होगा। वाणी पर संयम रखने के कारण बिगड़ते कार्य बनते दिखाई देंगे। रचनात्मक कार्य सफल होंगे।

**सिंह** : किसी मूल्यवान वस्तु के पानी के अभिलाषा पूरी होगी। आर्थिक मामलों में चल रहा प्रयास सफल होगा मित्रों से संबंध प्रगाढ़ होंगें।

**कन्या** : संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**तुला** : समारोह तथा गोष्ठियों में जाने का अवसर प्राप्त होगा। सत्तापक्ष से अनुकूल सहयोग प्राप्त होगा। ऋण लेने की स्थिति बनेगी।

**वृश्चिक** : राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**धनु** : किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए स्हा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर** : किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

**कुंभ** : आर्थिक लेनदेन निपट सकेगा। विरोधी की ओर से परेशानी होगी। भाग्य से धन बढ़ेगा। मन में आशंका रहेंगी।

**मीन** : आर्थिक मामलों में जीवनसाथी से विवाद होगा। व्यापार व्यवसाय में हानि हो सकती है। बढ़ते व्यय से समस्याएं होंगी।

**भारत विकास परिषद की महिला संयोजक बनीं सपना व सह संयोजक अर्चना बनी**

कोंच(जालौन)। भारत विकास परिषद की नगर इकाई में महिला संयोजक के रूप में सपना अग्रवाल और सह-संयोजक के रूप में अर्चना सोनी को मनोनीत किया गया है यह घोषणा नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी प्रभंजन ज्वेलर्स के प्रतिष्ठान में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान की गई नवनियुक्त महिला संयोजक सपना अग्रवाल ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे मैं पूरी निष्ठा ईमानदारी और निस्वार्थ भाव से निभाऊँगी उन्होंने संगठन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि समाज सेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा।

# निकला ताजियों का जुलूस कर्बला में किए गए सुपुर्द-ए-खाक



**-पैगंबर हजरत हुसैन की शहादत पर निकाले गए ताजियों में युवाओं ने दिखाए करामाती जौहर'**

**कोंच'(जालौन)।** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन एवं उनके 72 हमराहियों की शहादत पर कस्बे में नौवीं एवं दसवीं पर ढोलों की मातमी धुन पर ताजियों का जुलूस निकाला गया और नम आंखों के बीच 23 ताजियों को विदा करते हुए कर्बला में सुपर्द-ए-खाक किया गया जुलूस के साथ चल रहे अखाड़ों में उस्तादों की सरपरस्ती में युवाओं ने एक से बढ़कर एक करामाती जौहर दिखाए।

मुहर्रम की नौवीं की रात करीब दस बजे सबसे पहले चंदकुआं से मंसूरी विरादरी का ताजिया उठाया गया जो जुलूस के साथ भौंरे शाह मियां के चौक से ताजिया उठाया इसके बाद कस्बे के विभिन्न इमाम चौकों से ताजिये उठाता कुरैश नगर पहुंचा यहां से ताजिया लेता हुआ पठान (साढ़े बारह) भाइयों के ताजिये को लेकर मोहर्रम की दसवीं तारीख को सुबह पावर हाउस पर जुलूस इकठ्ठा हुआ जहां पर घंटों अखाड़ा व आग की बनैती खेली गई युवाओं ने एक से बढ़कर एक करामाती जौहर दिखाकर हुसैन की याद में अपनी कला और हिम्मत का प्रदर्शन किया करीब नौ बजे ताजिये अपने अपने इमाम चौकों के लिए चले गए दिन रबिवार को दोपहर दो बजे के बाद फिर ताजियों को उठाने का सिलसिला शुरू हुआ जिसमें अंसारी विरादरी का ताजिया उठाया गया मातमी धुन में ढोल बजाते व अखाड़ा खेलते हुए लोगों का काफिला हुसैन हुसैन करता जुलूस की शक्ल में आगे बढ़ता गया पुरानी स्टेट बैंक नई स्टेट बैंक लवली चौराहा नईबस्ती तिराहे से सागर तालाब पहुंचकर हुसैन की याद में 24 ताजिये वहां रखे गए और रात दस बजे तक अखाड़ा खेला जाता रहा वहीं लोगों ने हुसैन की याद में धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार फातिहा दिलाई सभी ताजिये मातमी जुलूस में कर्बला की ओर चल पड़े और देर रात उन्हें नम आंखों के बीच सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया ।

## मुस्तैद दिखा प्रशासन जगह जगह तैनात रहा पुलिस बल'

**कोंच(जालौन) ।** मुहर्रम के जुलूस को लेकर पिछले एक सप्ताह से लगातार तैयारियों में लगा स्थानीय प्रशासन रात भर मुस्तैदी के साथ जुलूस में लगा रहा देर रात तक उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद तहसीलदार गौरव कुमार प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार पांडेय सहित सभी चौकी इंचार्ज पीएसी के जवान और एलआईयू की टीम जुलूस के आगे आगे अपनी उपस्थिति दर्शाती नजर आई एसडीएम ज्योति सिंह ने बताया कि मुहर्रम के जुलूस पर स्थानीय प्रशासन लगातार नजर रखे रहा।

# मुहर्रम के पर्व पर 23 ताजियाधारकों ने एक से बढ़कर एक ताजिया बनाकर निकाले



जालौन : झंडा चौराहे पर एकत्रित ताजिए ।

**जालौन।** मुहर्रम के पर्व पर नगर के समस्त 23 ताजियाधारकों ने एक से बढ़कर एक ताजिया बनाकर निकाले। इस दौरान अकीदतमंद या हसन, या हुसैन के गगनभेदी नारे लगाते हुए चल रहे थे। नम आंखों और गमगीन धार्मिक प्रवचनों और जगह जगह लंगरों के आयोजन के साथ देर शाम सभी ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया गया। वहीं, प्रशासन की चाक, चौबंद व्यवस्था के चलते कहीं से कोई अप्रिय समाचार नहीं मिला।

मुहर्रम के पर्व पर ताजियाधारकों ने अलम तथा छड़ों के बाद इमाम हसन व हुसैन के रोजे के प्रतीक ताजियों को नौ मोहर्रम की रात नगर के विभिन्न मार्गों होकर निकाला गया। जो सब्जी मंडी में सुबह तक रहे। इसके बाद सुबह चार बजे सभी ताजिए अपने अपने इमाम बाड़े चले गए। दस मोहर्रम को सबसे पहले तकिया मैदान से मंगू शाह, याकूब शाह, मजीद शाह, हफीज मुकेरी के ताजियों को दोपहर में उठाया गया।

तकिया मैदान से नत्थू यादव चौराहे होकर सब्जी मंडी, प्रेस वाली गली होते हुए झंडा चौराहा पर सभी 23 ताजिया एकत्रित हुए। जहां से शाम लगभग चार बजे उक्त सभी ताजिए औरैया रोड स्थित कर्बला मैदान के लिए रवाना हो गए। जहां ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया गया। इनके साथ हिंदू भाई मिश्री लाल का भी ताजिया चल रहा था। इस दौरान ढोल नगाड़ों पर बज रही मातमी धुनों पर लोगों ने या हसन, या हुसैन के नारे लगाए। ताजिया धारक शमसाद न्यारिया, अफरोज शाह, अनवार अहमद, उस्मान, मुन्ना, आसिफ खान, शाहरूख खान, फैज नागपुरी, शहबाज बाबा, बाबू भाई, आकिब मिस्त्री, पप्पू यार गद्दार, अनवार खान, अब्दुल कय्यूम, वारिस, जाकिर सिद्दीकी आदि ताजियों के अलावा व्यवस्था को बनाए रखने में भी सहयोग कर रहे थे। ताजिए निकलने के दौरान कहीं कोई अराजकता न हो साथ ही ऐसी किसी घटना से बचने के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। इस दौरान एसडीएम विनय मौर्य, सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह, नायब तहसीलदार तारा शुक्ला, एसडीओ रामसुधार, जेई नवीन कंजौलिया आदि व्यवस्था बनाए हुए थे।

# मध्य रात में दो स्थानों में हुए मोहरम के अलाव





**कालपी(जालौन)।** मोहर्रम के चांद की 9/10 वीं की रात में शासन प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर के दों अलग-अलग स्थानों में अकीदतमंदों के द्वारा जलते हुए आग के अलाव का प्रदर्शन किया गया। नगर के मुहल्ला उदनपुरा स्थित दीवान औलिया ग्राउंड में खलीफा नत्थू, खलीफा पप्पू एवं अकीदतमंदों की मौजूदगी में मातम के साथ अलाव का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद रात में 1 बजे दमदमा तकिया ग्राउंड में भी खलीफा अलीम के नेतृत्व में अलाव का प्रदर्शन किया गया।

## मोहर्रम में चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

कालपी(जालौन)। मोहर्रम पर्व के अवसर पर ताजिया जुलूस, कर्बला मेला, छड़, अलम जुलूस में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन तथा पुलिस विभाग के द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार, क्षेत्राधिकारीअवधेश कुमार सिंह , कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ उपनिरीक्षकों विशाल भड़ाना, जितेंद्र सिंह, पुलिस बल व पीएसी के जवान जगह-जगह तैनात रहे।

# मातम के साथ ताजिया जुलूस निकाल कर करबला के शहीदों को याद किया



कालपी : कालपी में ताजिया जुलूस निकालते अकीदतमंद ।

**कालपी (जालौन)।** रविवार को ताजियेदारों एवं हजारों अकीदतमंदों ने मातमी माहौल में नगर की सड़कों में ताजियों का जुलूस निकाल कर करबला के शहीदों को याद किया गया।गया।

विदित हो कि मोहर्रम की दसवीं की भोर सुबह 4 बजे इमाम चौकों से ताजियेदार तथा अकीदतमंद अपने-अपने ताजियों को लेकर सदर बाजार स्थित श्री दरवाजे गेट पर पहुँच गए। वहां पर मातम तथा गम के साथ ताजियों का जुलूस शुरू हुआ। जुलूस बड़ा बाजार, अदल सराय होते हुए दीवान औलिया के ग्राउंड में पहुंचा जहाँ अकीदतमंदों ने फातिहा पढ़ी जिसके बाद जुलूस का समापन किया गया। इस मौके पर मुन्ना राइन, इकबाल खान, हिदायत खान आदि ताजियेदारों के साथ काफी संख्या में महिलाएं तथा बच्चे शामिल रहे। ताजिया जुलूस के रूट पर जगह-जगह लंगर वितरण किया गया।

## कारीगरों तथा चौकी इंचार्ज का हुआ सम्मान

**कालपी(जालौन)।** रविवार को ताजिया जुलूस के दौरान मुहल्ला बड़ा बाजार में हम्मालीपुरा अदलसरांय के ताजियेदार, कारीगरों तथा पुलिस चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना को क्षेत्रीय सभासद पप्पू ने पगड़ी तथा माला पहनाकर कर सम्मान से नवाजा। ताजिया के कारीगरों अरमान खान, रिजवान खान,लल्ला खान,समीर खान की जमकर सराहना की।

## गमगीन माहौल में कर्बला में ताजियों को किया सुपुर्द ए खाक

**कालपी।** रविवार को दोपहर दो बजे के बाद सभी तजियेदार अपने-अपने ताजियों को इमाम चौकों से लेकर प्राचीन कर्बला के मैदान में पहुँचे। कर्बला मैदान में परंपरागत तरीके से विशाल मेले का आयोजन किया गया। रंज एवं गम के माहौल में ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया गया। कर्बला में आयोजित मोहर्रम के मेले में भारी संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया।

# खबर एक नज़र

## गौशाला का निरीक्षण कर बैठक में सचिवों को निर्देश दिये खंड विकास अधिकारी ने



0 विकास कर्म में हीला हवाली नहीं होगी बर्दाश्त- गजेंद्र प्रताप सिंह

रामपुरा,(जालौन)। शासन प्रसाशन के अनुसार पुरे उत्तर प्रदेश मे 37 करोड़ पौधे लगाय जाने है जिसको लेकर खण्ड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास खण्ड रामपुरा में 1 लाख 75 हजार के लगभग पौधे लगाये जाने है। जिनके वृक्षारोपण की शुरुआत 9 जुलाई से की जायेगी । तथा जिन 8 ग्राम पंचायतें विलवा, नरौल, हुसेपुरा सुरई, लिडउपुरा, हिम्मतपुर, हंमन्तपुरा, नावर, मजीट आदि में जो सगन वृक्ष लगाय जाने है, उनका विकास खण्ड के द्वारा पुकता इंतजाम जैसे - तार फेंसी, पानी, खाद आदि व रख रखाओ के लिए एक व्यक्ति की भी व्यवस्था की जायेगी। तथा खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि जिन गौशालाओ के कैमरे खराब है उनको जल्द से जल्द सही करबाए जा रहा है तथा सोलर पेनल बाले कमरे लगबाये जा रहे है लिडउपुरा, बहराई, विलोहा, नरौल, आदि लगभग 5 ग्राम पंचायतो में सोलर पैनल बाले कैमरे लगाय जा चुके है जिससे 24 घंटे ऑनलाइन रिपोर्ट ली जा सकेगी । तथा खण्ड विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत लिडउपुर गौशाला के निरक्षण के किया गया है, जिसमे सारी व्यवस्था उचित पाई गई है हरा चारा, भूसा आदि पर्याप्त मात्रा में पाया गया है, चोखर कम पाए जाने पर पर्याप्त मात्रा में करने को निर्देशित किया । इस आवश्यक बैठक में खण्ड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह, समाज एडियो समाज कल्याण मनोज कुमार गौतम, एपीओ असित निरंजन, ग्राम विकास अधिकारी राममोहन, मुकेश सविता,रोहित वर्मा, उदयनारायण दोहरे, रत्नेश कुमार, आलोक सेंगर, संजीव जोशी, वरिष्ठ तकनिकी सहायक जलील बक्श सिद्धिकी, शरद त्रिपाठी, संजय त्रिपाठी, आदि मौजूद रहे।

## हाँथ ठेला पर लदी एक्सपायरी दबा को एस डी एम ने किया जब्त



कोंच(जालौन)। हाँथ ठेला पर लादकर 40 बोरियां एक्सपायरी डेट की दबाएं ठिलिया चालक लादकर मुहल्ला पटेल नगर स्थित पुराने अस्पताल की तरफ जा रहा था तभी नगर पालिका कर्मचारियों ने ठिलिया चालक को रोककर सफाई निरीक्षक हरिशंकर निरंजन को सूचना दी क्योंकि कुछ बोरियां ठिलिया चालक कूड़ा डंपिंग स्थल पर फेंक चुका था मौके पर पहुंचे सफाई निरीक्षक ने फेंकी गयीं बोरियों को चौक किया तो उनमें एक्सपायरी डेट की दबाएं भरी हुईं थीं जिसकी सूचना तत्काल ही उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को दी गयी सूचना पाते ही एस डी एम पुलिस बल के साथ पुराने सरकारी अस्पताल में पहुंच गईं और बोरियों का निरीक्षण कर उनकी जांच के लिए ड्रग इंस्पेक्ट दिव्यानी दुबे को दी और उन्हें जांच के लिए कोंच आने को कहा वहीं हाँथ ठेला पर लदी 35 बोरियों को जब्त कर लिया और हाँथ ठेला चालक से पूंछ तांछ की जा रही है एस डी एम ज्योति सिंह के अनुसार प्रथम दृष्टया किसी मेडीकल स्टोर की दबा लग रही है जो एक्सपायरी स्टॉक से छुटकारा पाने के लिए इन्हें ठिकाने लगाने के लिए छिपाकर फेका जा रहा है जांच के दौरान जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ ड्रैग एंड कास्मेटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की बात कही जा रही है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया पीपल एवं बरगद के पौधों का रोपण



ललितपुर। वन महोत्सव के अवसर पर वन प्रभाग की गौना रेंज अंतर्गत ग्राम बिरधा विकास खण्ड बिरधा के अमृत सरोवर तालाब पर पीपल, बरगद, आंवला एवं सहजन के पौधों का वृक्षारोपण किया गया है, इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन द्वारा पीपल एवं बरगद के पौधों का रोपण किया गया है, इसके साथ साथ ग्राम प्रधान बिरधा एवं स्थानीय ग्रामीण नागरिकों के द्वारा गोल्ड मोहर, आंवला, सहजन आदि के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा आमजन से अपील की गयी है कि वन महोत्सव में अधिक से अधिक पौध रोपण करें एवं रोपित किये गये पौधों की देखरेख एवं सुरक्षा करें। इस अवसर पर सुवाष चन्द्र वर्मा, क्षेत्रीय वन अधिकारी गौना रेंज, सुभाष चन्द्र, वन दरोगा, भगतराम, वन रक्षक आदि वन कर्मी उपस्थित रहे।

# पालिकाध्यक्ष की अगुवाई में वृक्षारोपण महा अभियान चलाया

**- रैली निकाल कर जनता को धरती को हरा भरा करने का दिया संदेश**

**कालपी (जालौन)।** रविवार को वन राजि क्षेत्र में वन क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी तथा नगर पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत वन महोत्सव का विशाल आयोजन किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण महाअभियान-2025 को सफल बनाने के उद्देश्य से सभासदों, विभागीय कर्मचारियों तथा गणमान्य नागरिकों ने पौधारोपण कर शुद्ध पर्यावरण बनाये रखने का संदेश दिया।

वन रेंज कालपी के परिसर में आयोजित वृक्षारोपण महा अभियान - 2025 के कार्यक्रम समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने सम्बोधित करते हुये कहा कि वृक्षों के बिना हम लोगों का जीवन अधूरा है। इसलिए सभी लोग शासन की नीतियों के अनुरूप एक पेड़-मां के नाम अवश्य लगाकर धरती को हरा भरा करने में अपना योगदान दे। वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार ने कहा कि वन विभाग के कर्मचारी के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर वन ब्लॉक भाग 4 क्षेत्र 15 हेक्टेयर में एक पेड़ - मां के नाम थीम के तहत वृक्षारोपण महाभियान-2025 के तहत वन महोत्सव का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि अरविंद यादव ने बताया कि नगर पालिका परिषद के नेतृत्व में सभासदों, विभागीय कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों के साथ वृक्षारोपण करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गयी। इस मौके पर वन दरोगा महेंद्र सिंह, मन्ना सिंह, हरिओम यादव, प्रीति, आशू यादव सभासद, राकेश यादव सभासद, दिनेश श्रीवास, निजाम खान, शरद तिवारी आदि गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर वन महोत्सव को सफल बनाने के लिए संकल्प लिया।



कालपी : वृक्षारोपण महा अभियान में शामिल पालिकाध्यक्ष, रेंजर, सभासद व अन्य।

# नवजात शिशुओं की माँ को किये गये ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट वितरित

ललितपुर। वन महोत्सव के छठवे दिन विकास खण्ड बिरधा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरधा में 6 नवजात शिशुओं के माता पिता को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिक्रेट का वितरण क्षेत्रीय वन अधिकारी गौना रेंज सुवाष चन्द्र वर्मा एवं डॉ. राजकुमार प्रिन्स चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरधा के द्वारा सहजन, आंवला का एक एक पौध दिया गया उक्त पौधों को नवजात शिशुओं के माता पिता के द्वारा लगाया जायेगा एवं उनकी देखरेख सुरक्षा की जायेगी व ग्रीन गोल्ड सर्टिफिक्रेट का वितरण 1 से 7 जुलाई के मध्य जन्मे नवजात शिशुओं के माता पिता को चिकित्सा विभाग एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप किया जा रहा है। इस कार्यक्रम उद्देश्य जनमानस में पौध रोपण तथा उनकी बच्चे की तरह देखभाल करने की जागरूकता उत्पन्न करना है।

# सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक का हुआ आयोजन



**ललितपुर।** कोषागार कार्यालय के पेंशन कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवा निवृत्त वाणिज्य कर अधिकारी जे.के.सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रांतीय संगठन के आह्वान पर 15 जुलाई को चन्द्र शेखर आजाद उद्यान में प्रातः 11 से 2 बजे तक विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा, सरकार द्वारा कर्मचारियों को 18 माह के रोके गए महंगाई भत्ते का भुगतान नहीं किया गया है, राशिकृत कटौती 10 वर्ष 8 माह में पूर्ण हो जाती हैं जिसकी कटौती 15 बर्ष तक की जाती है जो नियम विरुद्ध है, उसको संशोधित करते हुए 11 वर्ष की जाये, आठवें वेतन आयोग में पूर्व की भांति समस्त पेंशनर्स के लाभ सुनिश्चित किए जाएं तथा आठवां वेतन आयोग जनवरी 2026 से लागू किया जाये, पेंशन संशोधन विधेयक वापिस लिया जाए, वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे में पूर्व की भांति रियायत दी जाए, वक्ताओं में तिलकराम कौशिक ने अवगत कराया कि जून 2006 से 2015 तक सेवानिवृत हो चुके परिषदीय अध्यापकों को एक वेतन वृद्धि का लाभ दिए जाने हेतु शासन के द्वारा निर्देशित किया गया है। समस्त पेंशनर्स कर्मचारियों के फार्म नियमानुसार बीएसए कार्यालय ललितपुर में जमा किए जा चुके हैं किन्तु अधिकारियों द्वारा रुचि नहीं लिए जाने के कारण अब तक सेवानिवृत कर्मचारी को उक्त एक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाया है। पेंशनर्स के चिकित्सा बिलों का भुगतान 15 दिनों में सुनिश्चित किया जाये। अधिकांश कार्यालय अध्यक्ष इसके निस्तारण में रुचि नहीं लेते हैं, जिलाधिकारी से अपेक्षा की गई कि इस संबंध में अपने स्तर से आवश्यक निर्देश जारी करने करें, अन्त में सभी सेवानिवृत पेंशनर्स, राजकीय शिक्षक, परिषदीय शिक्षक,स्थानीय निकाय, एवं समस्त पेंशनर्स से अनुरोध किया कि 15 जुलाई को धरना प्रदर्शन में प्रतिभाग कर प्रदर्शन को सफल बनाए। बैठक में तिलकराम कौशिक, डाक्टर आर सी जगरिया, कैलाश चन्द, हजारी लाल पाल कोषाध्यक्ष महेन्द्र कुमार जैन, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र कुमार जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दानवीर सिंह, जगजीत सिंह, रमाकांत तिवारी, एजाज नवी, रंजीत सिंह, अशोक कुमार मिश्रा, रामकिशोर द्विवेदी, गंगाराम शर्मा, गिरजाशंकर दुबे, हरीश तिवारी, महेश, पुरुषोत्तम तिवारी, दिनेश चंद्र, विनोद कुमार खरे, रामसेवक सैनी, महाराज सिंह,देवीप्रसाद मिश्रा, जुगल किशोर, विनोद कुमार कुशवाहा, कमलापति त्रिपाठी, मातप्रसाद, हबीब खान, अशोक कुमार सैनी, कैलाश नारायण वैध, सुरेश चंद जैन इत्यादि उपस्थित रहे।

# भारतीय सेना से जुड़े प्रेरणादायक कारवां टॉकीज अभियान का हुआ आयोजन



ललितपुर। भारतीय सेना से जुड़ने हेतु प्रेरणादायक कारवां टॉकीज जनजागरूकता अभियान के तीसरे दिन सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जागरूकता और प्रेरणा की लहर दौड़ गई। राजकीय आईटीआई कॉलेज, तलबेहट, ककरारी और राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन राजकीय महाविद्यालय, बम्होरिसर में यह अभियान पहुँचा, जहाँ छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, यह अभियान कर्नल निदेशक भर्ती रिश्मा सरीन भारतीय सेना के रिक्रूटिंग निदेशालय और मुख्यालय भर्ती जोन, लखनऊ के तत्वावधान में, तथा आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस आगरा के समन्वय में आयोजित किया जा रहा है। जैसे ही कारवां टॉकीज वैन, जिसमें उच्च गुणवत्ता वाला एलईडी स्क्रीन, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली और जानकारीपूर्ण दृश्य-प्रदर्शन लगे थे, कॉलेज परिसरों में पहुँची, वहां भारी भीड़ एकत्रित हो गई। वीडियो प्रेजेंटेशन के जरिए भारतीय सेना के साहस, प्रतिबद्धता और करियर के अवसरों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। सेना के अधिकारियों ने छात्रों के साथ सीधे संवाद किया, जिसमें उन्होंने अग्निवीर योजना, अधिकारी स्तर की प्रविष्टियाँ, योग्यता मानदंड, और पूर्णतः पारदर्शी एवं मेरिट-आधारित भर्ती प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट रूप में समझाया। कई उम्मीदवारों को ऑनलाइन पंजीकरण में प्रत्यक्ष सहायता भी दी गई, जिससे ग्रामीण युवाओं के लिए यह प्रक्रिया सुलभ बनी। एक महत्वपूर्ण विषय रहा दलालों और फर्जी एजेंटों से सावधानी। एक अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा, ÷भर्ती की कोई शॉर्टकट नहीं है पूरी तरह से निशुल्क, पारदर्शी और योग्यता आधारित होती है।÷ इस संदेश को मजबूत करने के लिए सूचनात्मक पुस्तिकाएं भी वितरित की गईं। सत्रों में इंटरएक्टिव क्विज, खेल गतिविधियाँ और प्रश्नोत्तर सत्र शामिल रहे, जिससे छात्रों को सीधे सेना के अधिकारियों से सवाल पूछने और अपनी शंकाओं को दूर करने का अवसर मिला। कॉलेजों के शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, ÷यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सपनों और सही दिशा के बीच एक सेतु है। अब जबकि अभियान का एक दिन शेष है, ललितपुर में चल रहा यह चार दिवसीय कारवां टॉकीज अभियान सैकड़ों युवाओं में देशभक्ति, आत्मविश्वास और संकल्प की चिंगारी जगा चुका है। आज यह यात्रा अपने समापन पर पहुँचेगी, लेकिन इसके प्रेरणादायक संदेश गांव-गांव और कॉलेजों में लंबे समय तक गूंजते रहेंगे।

# भाजपाईयों ने मनाई जनसंघ संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती



चित्रकूट ब्यूरोः भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद के सभी 11 मंडलों में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ श्यामा मुखर्जी द्वारा किए गए जनकल्याण के कार्यों पर चर्चा करते हुए उन्हें याद किया गया।

कर्वी नगर मंडल में आयोजित कार्यक्रम में कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी दीप अवस्थी ने कहा कि कहा कि डॉ मुखर्जी का जन्म ब्रिटिश भारत में छह जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ था। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू की कैबिनेट में मंत्री के रूप में भी काम किया, किन्तु बैचारिक मतभेद के कारण इस्तीफा दे दिया। डॉ मुखर्जी ने आजीवन देश को प्राथमिकता में रखकर काम किया तथा कभी अपने विचारों से समझौता नहीं किया।

गनीवां मण्डल में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि डॉ मुखर्जी महान विचारक, दूरदर्शी, शिक्षाविद थे। आज उनकी जन्म जयंती कार्यक्रम सभी मंडलों में मनाया जा रहा है। भाजपा पूर्णतया उनके विचारों पर चल रही है। डॉ मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक की और कश्मीर में विना बीजा के प्रवेश कर देश में चल रहे दोहरे मापदंड को खत्म करने का काम किया।

इसी प्रकार मऊ मंडल में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पहाड़ी मण्डल में पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, ऐंचवारा मंडल में पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, भरतकूप मण्डल में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मानिकपुर मंडल में रंजना उपाध्याय, रामनगर मंडल में चेयरमैन करवी नरेंद्र गुप्ता, बरगढ मंडल में ब्लाक प्रमुख मऊ सुशीला वर्मा, सरधुआ मंडल में राजापुर चेयरमैन संजीव मिश्रा व शिवरामपुर मंडल में पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी की उपस्थित में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जन्मजयंती कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, रामनगर गंगाधर मिश्रा, चेयरमैन मऊ अमित द्विवेदी, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, भाजपा नेता अश्विनी अवस्थी, अंजू वर्मा, मनोज तिवारी, हीरो मिश्रा, उज्वल गुप्ता, सुरेश अनुरागी, धीरेन्द्र सेंगर, सुमित मिश्रा, बृजेन्द्र शुक्ला, साधना सिंह, सुशील द्विवेदी, राकेश कोल, मनीष सिंह, बालाजी, फूलचंद राजपूत, राजा मिश्रा, महेश पांडेय, दीपक द्विवेदी, सोनू खंगार, मुन्नालाल प्रजापति, शिवाकांत पांडेय, राधेश्याम गुप्ता, मोहित मिश्रा, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, प्रमोद पटेल, श्रवण पटेल आदि मौजूद रहे।

## रक्तदान कर बचाई किशोर की जान

**– डेंगू की बीमारी से जूझ रहा था किशोर**



**बांदा।** रक्तदान कर समाजसेवी ने डेंगू से पीड़ित किशोर की जान बचाई है। घर वालों ने रक्तदाता का बेहद आभार जताया है।

सेवर्स आफ लाइफ के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने बताया कि इंदिरा नगर स्थित मल्टी हॉस्पिटल से महिला का कॉल आया उन्होंने बताया की 13 वर्षीय बालक को डेंगू हो गया है। परिवार के सभी लोग ब्लड डोनेट कर चुके है। अभी 3 यूनिट प्लेटलेट्स की और आवश्यकता है। जिसमे सलमान ने तत्काल ही ग्रुप में डिमांड डाली और रक्तदाता मोहम्मद खालिद से संपर्क किया। मोहम्मद खालिद फौरन ही महाराणा प्रताप चौराहा स्थित प्राइवेट अस्पताल के ब्लड बैंक पहुंचे और फैजल खान के लिए रक्तदान किया। रक्तदाता खालिद का आठवां डोनेशन था। रक्तदान में संस्था के अध्यक्ष सलमान खान, मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना मौजूद रहे हम सभी मरीज के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं।

# गोली लगने से घायल हुआ बदमाश

**– एसओजी तथा मटौंध पुलिस से हुई बदमाशों के बीच मुठभेड़**
**– मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए सात बदमाश**



बांदा : मुठभेड़ के दौरान पकड़ा गया बदमाश ।

**बांदा।** मटौंध थाना क्षेत्र के अंतर्गत बदमाशों तथा पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनो तरफसे कई राउण्ड गोलियां चली। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को गोली लगी है। घेराबंदी करते हुए पुलिस ने सात अंतर्जनपदीय बदमाशों को पकड़ा है। जिनके कब्जे से चोरी का माल व नगदी बरामद हुई है।

एसपी पलाश बंसल ने बताया कि शनिवार की रात कि सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना मटौंध,कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी दौरान खैराडा स्टेशन के पास कुछ संदिग्ध लोग आते दिखाई दिए जो पुलिस टीम को देखकर भागने को देख कर भागने लगे।पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर पकड़ने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक अभियुक्त मोहसिन के पैर में गोली लगी। गोली लगते ही वह ढेर हो गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही मोहसिन पुत्र मोमिना निवासी अब्दुल्ला खुर्द थाना लोधी नगर जनपद बागपत के अलावा हारुन पुत्र हामिद निवासी दोझा थाना बिनौली जनपद बागपत, इमरान पुत्र हामिद निवासी दोझा थाना बिनौली जनपद बागपत,मोहम्मद नूरुद्दीन निवासी दोझा थाना बिनौली जनपद बागपत,फारूक पुत्र हमीद निवासी दोजा थाना बिनौली जनपद बागपत,मनोज पुत्र चंद्रपाल निवासी कुचेसर थाना बाबू गढ़ जिला हापुर, इस्लामुद्दीन पुत्र सिराजुद्दीन निवासी खेड़ी कुरेरा थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया है। जाँच व पूछताछ में ज्ञात हुआ कि सभी लोग बसों, टैक्सियों, टेम्पों आदि में चौन खोलकर/बैग काटकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है। अभियुक्तों द्वारा कुछ दिनों पूर्व बांदा में बसों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर व मटौन्ध में अभियोग पंजीकृत है। एसपी पलाश बंसल ने बताया कि अभियुक्तों की कब्जे से 2 अवैध तमंचा 315 बोर,02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस, 150.05 ग्राम पीली धातु, 600.44 ग्राम सफेद धातु (चोरी की), 21055 रुपये बरामद हुए हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में मटौंध थानाध्यक्ष, एसओजी प्रभारी आनन्द सिंह प्रभारी, थाना कोतवाली नगर पुलिस मय टीम के शामिल रही। एसपी ने बताया कि अपराधियों का लंबा चौड़ा अपराधिक की इतिहास है।

## संदिग्ध अवस्था में एक युवक की हुई मृत्यु

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** संदिग्ध हालत में मृत अवस्था में युवक का शव पाया गया।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घटना की छानबीन की और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार

कोतवाली क्षेत्र स्थित हड़हा गांव का रहने वाला नौशाद खान 28 वर्ष पुत्र शफीक खान का शव घर के अंदर कमरे में पड़ा पाया गया।घटना के संदर्भ में परिजनो ने फांसी लगाने की बात कही।लेकिन जब मौके पर पहुंची कोतवाली को घटना पूरी तरह संदिग्ध प्रतीत हुई।इस दौरान पुलिस को नौशाद का शव नीचे फर्श पर पड़ा मिला।घटना को संदिग्ध मानते हुए उपनिरीक्षक अबरार ने सभी के बयान दर्ज किए।इसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाली निरीक्षक राम मोहन राय ने बताया कि शव को हिरासत में लेकर डाक्टरों का पैनल बनाकर वीडियो ग्राफी करा मृतक का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही प्रकाश में लाई जाएगी।

## चोरों ने सूने घर में घुसकर घर गृहस्ती का सामान सहित कुछ जेवरात पार किया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।**सूने घर में अन्दर प्रवेश कर चोरों ने घर गृहस्थी का सामान पार कर दिया।पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार

कोतवाली क्षेत्र के नहरी गांव के रहने वाले रामकिशोर पुत्र चुनुबद्दी दिल्ली चला गया था।चोरी की सूचना पड़ोसियों ने दी।घटना की सूचना पाकर पीड़ित रामकिशोर वापस घर आ गया।इस दौरान घर के जब अंदर गया तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था अलमारी तोड़कर सोने की झुमकीएमंगल सूत्रएकरधनीए चूड़ा और अन्य चांदी के जेवरात ले गए।पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर चोरों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## कौंग्रेस के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**चित्रकूट ब्यूरोः** कौंग्रेस समिति के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों और ब्लॉक अध्यक्षों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को जिला मुख्यालय स्थित केशरवानी धर्मशाला बस स्टैंड में आयोजित कियास गया।

समारोह कार्यक्रम में पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद सभी नवनियुक्त कौंग्रेस पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि कौंग्रेस पार्टी को जिले में मजबूत करने का काम करेंगे। संगठन सृजन अभियान के तहत गांवों पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने का काम किया जाएगा। पूर्व विधायक ने कहा कि विभाजनकारी सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए आप सभी को कड़ी मेहनत करना है और गांव-गांव में कांग्रेस का संगठन मजबूत करना है। जिस तरह से भाजपा सरकार सभी संस्थाएं बेचने व बंद करने का काम कर रही है। ऐसे में सभी जनता के बीच जाकर सरकार की दमनकारी नीतियों को बताएं और पार्टी को मजबूत करने का काम करें। इस दौरान समन्वयक आदित्य स्वरूप पांडेय ने कहा कि सभी लोग मिलकर जिले में कौंग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के विचारों को जनता तक पहुंचाकर संगठन को मजबूत किया जाएगा। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल नेकहा कि सभी लोग जिले में कौंग्रेस पार्टी को मजबूत करते हुए आगामी पंचायत चुनाव में जीत हासिल की जाएगी। इस मौके पर पीपीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडेय, कौंग्रेस नेता गज्जू प्रसाद फौजी, दिनेश द्विवेदी, शिव गुलाम वर्मा, अवधेश करवरिया, अनिल गुप्ता, विनय सिंह चौहान, कालीचरण राजपूत, विजयमणि त्रिपाठी, कामता प्रसाद द्विवेदी, सत्येंद्र सिंह, नरबेश सचान, हीरालाल मिश्रा, सविता पाल, यमुना शुक्ला, कुलदीप द्विवेदी, इंद्रपाल कोल, पंचवटी कोल, भगवान दीन समदरिया, प्रशांत गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, राजेश सिंह पटेल, चंद्रशेखर सिंह, हरिहर साहय विश्वकर्मा, कमलाकांत शुक्ला, नरेंद्र सिंह यादव, ललक पाल, मोहन सिंह, दयाशंकर निषाद, ज्ञानमती वर्मा, मेहंदी हसन, वीरेंद्र सिंह, योगेंद्र रैकवार, जग जाहिर पटेल, शिव शंकर खंगार, रामकृपाल वर्मा, अतुल राजपूत, शंकर शुक्ला, आलोक शुक्ला, उपेंद्र द्विवेदी, अंकित शुक्ला, गोरेलाल द्विवेदी, इंद्रजीत उपाध्याय, हरिओम पांडेय, चंद्र मोहन ओझा, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

# ऑनलाइन हाजिरी का शिक्षको ने जताया विरोध



बांदा : बैठक करते शिक्षक ।

**बांदा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर जिला कार्यकारिणी की एक बैठक राज किशोर शुक्ल (जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ बांदा) की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में मंडलीय मंत्री मेजर मिथलेश कुमार पाण्डेय ने प्रदेश सरकार द्वारा ऑनलाइन हाजिरी का विरोध प्रकट करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चार प्रकार से हाजिरी ली जा रही है पहले रजिस्टर में दूसरा बायोमेट्रिक द्वारा तीसरा मानव संपदा पोर्टल पर और अब उत्तर प्रदेश बोर्ड की ऑनलाइन पद्धति द्वारा। सर्व सम्मति से ऑनलाइन हाजिरी का विरोध किया गया। आज की बैठक में जनपद के विद्यालयों से जिन इकाई मंत्रियों द्वारा सदस्यता शुल्क सदस्यता प्रपत्र सहित जिला संगठन को दे दी गई है, उनको जिला संगठन द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। सदस्यता शुल्क देने वाले मधुसूदन दास इंटर कॉलेज जसपुरा,पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज गिरवा, पंडित जवाहरलाल नेहरू अखंड इंटर कॉलेज चंदवारा, सरस्वती इंटर कॉलेज अतर्रा, आदि के इकाई मंत्री सम्मानित किये गए। बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा आयोजित विभिन्न आंदोलनों मे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पूरा सहभागी रहेगा यह भी सहमति बनी। 20 अगस्त को होने वाले जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में धरना/प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सभी विद्यालय बढ़ चढ़कर सहयोग प्रदान करेंगे,जिला संगठन ऐसी आशा रखता है।

**बैठक कर बनाई धरना की रणनीति**

कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री भारत भूषण दिवाकर द्वारा किया गया। बैठक में जमुना प्रसाद पाण्डेय पूर्व जिला अध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद, सूरज कुमार प्रजापति संगठन मंत्री, रामचंद्र सोनकर पूर्व जिला मंत्री, बृजमोहन सिंह, बाबूलाल विश्वकर्मा, सेवानिवृत शिक्षक सुरेश चंद्र वर्मा, सत्येंद्र कुमार प्रवक्ता आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज, दिलीप सोनी, जुगल किशोर तिवारी, अमित कुमार अवस्थी, आशीष कुमार द्विवेदी, रमेश चंद्र पूर्व जिला मंत्री एवं नीरज शर्मा सरस्वती इंटर कॉलेज अतर्रा आदि उपस्थित रहे।

# पिता को जिंदा जलाने के मामले में बेटे को हुई उम्रकैद

**– वर्ष 2017 में पेट्रोल डालकर की थी पिता की जलाकर हत्या**
**– सजा के अलावा अदालत ने लगाया जुर्माना**

**बांदा।** पेट्रोल डालकर पिता को जिंदा जलाने के मामले में अदालत ने बेटे को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उसे जुर्माने से भी दण्डित किया है।

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ÷ऑपरेशन कन्विक्शन÷ के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में वर्ष-2017 में थाना तिन्दवारी क्षेत्र में पिता को पेट्रोल डालकर जिन्दा जलाकर मारने वाले पुत्र को आजीवन कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया। एसपी पलाश बंसल ने बताया कि थाना तिन्दवारी क्षेत्र के ग्राम भिंडौरा के रहने वाले रामखेलावन सिंह को उसके पुत्र विश्वनाथ प्रताप नें 29 सितंबर 2017 को मारपीट करते हुए पेट्रोल डालकर जिन्दा जला दिया जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस सम्बन्ध में मृतक की पत्नी पूनम सिंह की तहरीर पर थाना तिन्दवारी पर मुकदमा अपराध संख्या 187/17 धारा 302/323/452/504 भादवि पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना तत्कालिन प्र0निरी0 प्रतिमा सिंह द्वारा सम्पादित की गयी। विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। अभियोजक श्रवण तिवारी द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर महिला आरक्षी शिप्रा सचान तथा अमित कुमार तथा पैरोकार आरक्षी मुकेश वर्मा के अथक प्रयासों से न्यायालय द्वारा अभियुक्त विश्वनाथ प्रताप सिंह पुत्र रामखेलावन निवासी भिंडौरा थाना तिन्दवारी को सश्रम आजीवन कारावास व 22 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

# रिक्शे से जा रही छात्रा का खोया बैग



बांदा : छात्रा को बैग देते प्रभारी ।

बांदा। रिक्शे से जा रही छात्रा का बैग छूट गया। जिसकी शिकायत उसके द्वारा पुलिस से की गई। सत्यापन की मदद से पुलिस ने रिक्शा चालक को खोज निकाला। बैग को बरामद करते हुए छात्रा के सुपुर्द किया।

शनिवार को हर्षिका पुत्री राम प्रकाश निवासी बबेरू जो एलएलबी 4जी ईयर की एकलव्य महाविद्यालय की छात्रा है कल दोपहर लगभग 3 बजे मेडिकल कॉलेज से स्वराज कॉलोनी के लिए ई-रिक्शा पर बैठी हुई थी। स्वराज कॉलोनी पहुंचते ही उतर गई और ई-रिक्शा पर रखा हुआ अपना बैग उठाना भूल गई। घर पहुंचने के बाद उसको अपने बैग की याद आई जब तक काफी देर हो गई थी। रिक्शा वाला भी सवारी उतार कर जा चुका था काफी प्रयास करने के बाद नहीं मिला। रास्ते के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद रिक्शा पर लगा हुआ 27 नंबर का टैग दिखाई दे रहा था। यातायात प्रभारी संजय मिश्रा को इसकी जानकारी दी गई। यातायात प्रभारी के द्वारा रजिस्टर में रजिस्टर्ड नाम पता एवं कांटेक्ट नंबर के माध्यम से रिक्शा चालक से संपर्क किया गया। उसने बताया यह बैग छूट गया था और मैं दोबारा वापस वहां गया तो वहां कोई नहीं मिला फिर बैग अपनी गाड़ी सुरक्षित रख लिया जो आज भी सुरक्षित रखा हुआ है। यातायात प्रभारी के फोन होने के बाद तुरंत आया और वापस हर्षिका को बैग दिलाया गया। हर्षिका ने बैग मिल जाने पर सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया और कहां की इस प्रकार से पुलिस प्रशासन के द्वारा जनता की जो मदद की जा रही है वह तारीफके काबिल है वह स्वयं अपने परिवार, पड़ोसियों, कॉलेज में पढ़ने वाले सभी लोगों को इसकी जानकारी देगी की टोकन नंबर लगे हुए ई रिक्शों के इस्तेमाल करें और टोकन नंबर याद रखें सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। यातायात, पुलिस प्रशासन के द्वारा जो रिक्शो का रजिस्ट्रेशन करा नंबर टैग लगाएं गए हैं। उनका संपूर्ण बायोडाटा यातायात विभाग पास सुरक्षित है उनको जो टोकन नंबर दिया गया है उसमें नाम पता आधार कार्ड नंबर एवं मोबाइल नंबर फोटो आदि सम्मिलित है। संजय मिश्रा प्रभारी यातायात द्वारा के द्वारा बताया गया है कि वर्तमान में करीब 3000 से अधिक ई रिक्शा रजिस्टर्ड है 2700 के लगभग जिनके सभी कागज पूर्ण है उनको लाल टोकन दिया गया और जिनके पास वाहनों के कागज नहीं है लगभग संख्या 300 है जिनको नीला टैग दिया हुआ है सभी का पूर्ण बायोडाटा हमारे पास सुरक्षित है। यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए हम सभी नगर एवं जनपद की जनता से अपील करते हैं कि जिन ई रिक्शों में टैग लगे हुए हैं केवल उन्हीं ई रिक्शों पर ही बैठने का प्रयास करें और बैठने से पूर्व ई रिक्शा टोकन नंबर जो आगे भी और पीछे भी लगा हुआ है उसको याद रखें ताकि किसी भी प्रकार की घटना घटित होने पर टोकन नंबर के माध्यम से उसका पता लगाया जा सके। जिसका की आज हर्षिका को फायदा मिला और खोया हुआ बैग वापस दिलाया गया है।

**– बारकोड की मदद से पुलिस ने बैग को किया बरामद**

# डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर संगोष्ठी संपन्न

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**अतर्रा बांदा।** आज देश की एकताए अखंडता एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रणेता डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में मंडल अतर्रा के शक्ति केंद्र गांधीनगर श्रीराम.जानकी मंदिर सुलक थोक अतर्रा मे सभी कार्यकर्ताओं के साथ डां श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इंद्रपाल पटेल रहे।

राष्ट्रीय एकता के सशक्त प्रतीक डॉण् मुखर्जी जी ने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया

एक निशानए एक प्रधानए एक संविधान यह एक राजनीतिक नारा नही था इसे पूरा करने के लिए इस महामानव ने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर उन्होंने देश को एक राष्ट्रवादी विचारधारा वाला वैकल्पिक राजनीतिक मंच दिया। मातृभूमि के सच्चे उपासक डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जीवन व उनके विचार सदैव सभी देशवासियों को प्रेरणा देते रहेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह ने किया कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दीनदयाल द्विवेदी ने किया कार्यक्रम में उपस्थित संजय सिंह पूर्व अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी गिरजेश तिवारी मंडल प्रवासी जिला मंत्री देवेंद्र भदौरिया जिला कार्यालय प्रभारी दिलीप तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वारिका लखेराए राम मूर्ति शुक्लाए दिनेश गुप्ताए शिवमोहन गुप्ता अतर्रा बार एसोसिएशन निण्अध्यक्ष अमर सिंह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भारत लाल कोटार्य चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक अनुराग द्विवेदी जिला कार्यसमिति सदस्य आत्माराम शुक्ला जिला सोशल मीडिया सह संयोजक सुरेंद्र सिंह चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक रमेश शर्मा जिला अनुसूचित मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विनोद बर्मा जिला अध्यक्ष प्रवासी मजदूर संघ रवि साहू एंव मंडल पदाधिकारीए शक्ति केंद्र संयोजक एप्रभारीए प्रवासी ए बूथ अध्यक्ष एवं मण्डल के मोर्चो के अध्यक्ष महामंत्री वरिष्ठ जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बन्दियो के जमानत प्रार्थना पत्र उच्च न्यायालय में प्रस्तुत करने के दिए गए निर्देश



**महोबा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा0 विदुषी सिंह के आदेशानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तेन्द्र पाल द्वारा जिला उपकारागार का औचक निरीक्षण किया गया। बन्दियों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में जेलर उपकारागार को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। जिला उपकारागार में निरूद्धबंदियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने आदि समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित करते हुए जेल के बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया तथा कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पात्र बंदियों के विधिक सहायता प्रदान किए जाने हेतु सदैव तत्पर हैं। कुछ बन्दियो के जमानत प्रार्थना पत्र उच्च न्यायालय मे प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिए गए। जो बन्दी अत्यन्त गरीब है तथा अपना निजी अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते उन्हे निःशुल्क लीगल एड डिफेंस काउन्सिल नियुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जेलर द्वारा बताया गया कि उपकारागार मे कुल 308 बन्दी निरूद्ध है। तत्पश्चात पाकशाला तथा बैरकों का निरीक्षण किया तथा निरंतर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। जेलर द्वारा बताया गया कि प्रातःकाल बन्दियों को नास्ते मे चायए गुड चना दिया गया था तथा सुबह के भोजन हेतु उरद चना मिक्स दालए रोटी एवं आलू.पालक की सब्जी तैयार की गयी है। निरीक्षण के दौरान लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम के चीफरामऔतार सिंहए डिप्टी रामनरेश नरेश यादवए व असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा व योगेन्द्र सिंहए जेलर शिवमूरत सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# गर्भवती महिलाओं की जिंदगी से हो रहा खिलवाड, ग्रामीणों ने कार्यवाही की उठाई मांग



**महोबा ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार भले ही भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रही हो लेकिन जिले में बैठे जिम्मेदारों पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है स

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक पोषाहार आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा वितरित करवा रही है जिससे गर्भवती महिलाओं के शिशु को बेहतर पौष्टिक आहार मिल सके जिससे स्वस्थ गर्भवती महिलाएं रह सके और शिशु स्वस्थ रहें लेकिन जिम्मेदारों के आशीर्वाद से आंगनबाड़ी कार्यकत्री गर्भवती महिलाओं को पोषाहार वितरण नहीं करती है अगर गर्भवती महिलाओं द्वारा शिकायत की जाती है तब भी फर्जी आख्या लगाकर निस्तारण किया जाता है स मामला ब्लॉक कबरई अंतर्गत ग्राम पंचायत मझलवारा के आंगनबाड़ी केंद्र का है जहां फर्जी निस्तारण पर बाल विकास परियोजना अधिकारी से वार्ता की गई तो उन्होंने मौके पर आकर जांच कर कार्रवाई की बात कि शनिवार को मौके पर आकर पूर्व का गर्भवती महिलाओं का पोषाहार वितरण कराया गया स जबकि लापरवाही आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर कोई कार्यवाही नहीं की गई और गर्भवती महिलाओं को अपने ही सामने एक्सपायरी डेट के पैकेट वितरण कर दिए गए स सोचने वाली बात है कि इन पैकेटो का सेवन करने से गर्भवती महिलाओं पर क्या असर पड़ेगा स ग्राम के जागरूक लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आपेक्षित करते हुए कहां है कि ऐसे भ्रष्ट जिम्मेदार अधिकारियों पर और लापरवाह आंगनबाड़ी के ऊपर कार्यवाही करें ।

स्वतंत्र भारत
कानपुर सोमवार , 7 जुलाई 2025 | 10
मध्यांचल समाचार
इटावा/फर्रुखाबाद/औरैया/मैनपुरी/एटा/कन्नौज/फिरोजाबाद/आगरा/मथुरा/अलीगढ़

**ज़िक्रे शहीद ए आज़म कार्यक्रम आज**
इटावा। ज़िक्रे शहीद ए आज़म का आयोजन मौलाना अब्दुल वाजिदअशरफी की सरपरस्ती में आज 7 जुलाई दिन सोमवार को रात में बाद नमाज़ इशां बाह अड्डा पर किया गया है। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक हाजी मुईन उद्दीन गुड्डू मंसूरी ने देते हुए बताया कि मुख्य अतिथि हज़रत सैय्यद खालिद अनवर होंगे तथा अध्यक्षता मौलाना कमालउद्दीन अशरफी जीलानी किछौछा शरीफ करेंगे। मौलाना ज़ाहिद रजा कादरी भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन इंतख़ाब आलम रौनक करेंगे। सूफ़ी अब्दुल सत्तार कमरुद सैय्यद हाशिम नईमी नदीम अहमद बरकाती एडवोकेटए हफ़िज़ कैफ़रजाए आज़म कादरीए हादी हसन नईमी कलाम पेश करेंगे।

# कंपोजिट विद्यालय में आईसीटी लैब का शुभारंभ फीता काटकर किया गया



छिबरामऊ कन्नौज निगोह खास के कंपोजिट विद्यालय में आईसीटी पफीता काटकर शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी खंड विकास अधिकारी ने किया।

विगत 10 वर्षों से प्रधान अध्यापक के पद पर तैनात रहे विनोद कुमार मिश्र को कुंवरपुर बनवारी में नई तैनाती मिलने पर विद्यालय परिवार द्वारा विदाई दी गई उसके बाद में कंपोजिट विद्यालय में आईसीटी लैब का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी खंड विकास अधिकारी दीपंकर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि कंप्यूटर की शिक्षा का जीवन में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी दीपंकर आर्य ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा से ही कंप्यूटर की शिक्षा मिलने से छात्र.छात्राओं का भविष्य उज्जवल होगा आगे बढ़ाने के रस्ताएं खुलेंगे इस अवसर पर स्कूल के समस्त स्टाफ ने खंड शिक्षा अधिकारी खंड विकास अधिकारी को प्रतीक चिन्ह भेंट किया कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अनूप मिश्रा पूर्व माध्यमिक शिक्षा संघ अध्यक्ष प्रभात दुबे राजेश पाठक सुशील दुबे राम मिश्रा शैलेश मिश्रा अरुणेश चतुर्वेदी अमित गुप्ता श्यामवीर शाक्य इंद्रेश यादव पप्पू यादव दिनेश चंद्र रवींद्र शुक्ला गौरव अग्निहोत्री अंशुल त्रिपाठी प्रवीण पाल आशुतोष राजपूत रामकिशोर पांडे ए सीमा यादव रूबी कुमारी प्रभाकांत मिश्रा अनूप दुबे शरद कुमार दुबे संध्या साधना आदि लोग मौजूद रहेउर्मित ।

# मोहर्रम को मातम के साथ ताजिए दफन किए गए

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** मुहर्रम की दस तारीख यानी आशूरा पर हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में तख्त ताजियों और अलम का जुलूस गमजदा माहौल में निकाला गया। मौलाना सदाकत हुसैन सैंथली अकरम ईरानी और आफ्ताब हुसैन के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया स शहर के ठंडी सड़क स्थित मेहंदी बाग शिया कर्बला में शिया मुसलमानों ने मातम कर गम मनाया यह सभी लोग काले कपड़ों में थे। इस दौरान सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय के नेतृत्व में जगह.जगह भारी पुलिस फेर्स तैनात रही।अकीदतमंदों ने शहर के मुख्य बाजार से ताजिये निकाले। शिया समुदाय का अलम अब्बास का जुलूस निकाला मेहंदी बाग ठंडी सड़क घेर शामू खा जीआईसी कॉलेजए बूरावाली



गली घूमना चौक पक्कपुल तिकोना चौकी रकाबगंज तिराहा कर्बला जाकर वहां मजलिस के साथ संपन्न हुआ।
इन मोहल्लों में भी ताजिया और अलम लेकर कर्बला जाते हैं वहां रीति रिवाज से दफ्न करते हैं मोहल्ला गढ़ी अब्दुर मजीद खान मनिहारी नखासा छावनी लिजीगंज खटकपुरा भाऊटोला बजरिया भीकमपुरा बहादुरगंज तराई शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस फोर्स मौजूद रहा। करबला मैदान पर सभी ताजिये और अलम नम आंखों से दफ्न किये गये।

## खबर एक नज़र

### अमृतपुर पीएचसी पर 136 का उपचार कर दवाएं दी गई



**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सकों ने 136 मरीज का उपचार कर उन्हें दवाई दी गई साथ ही परीक्षण भी करवाया गया आयोजित मेले में क्षेत्र के विभिन्न अमृतपुर बलीपट्टी नगला हुषा दौलतियापुर करनपुर दत्त सहित करीब 20 किलोमीटर की परिधि से मरीज पहुंचे।136 मरीजों का इलाज किया गया जिन्हें पूरी तरह निःशुल्क अंग्रेजी दवाएं उपलब्ध कराई गईं। मेले में 36 मरीजों की पैथोलॉजी जांच भी की गई जिसमें मलेरिया के 12 टाइफाइड के 4 बलगम के 5 शुगर ;डायबिटीजद्ध के 13 और हीमोग्लोबिन की कमी से पीड़ित 2 मरीजों की पहचान हुई। निःशुल्क दवाओं और जांच से गरीबों को बड़ी राहत मिली डॉण् गौरव वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए वरदान साबित हो रहा है। हमारी कोशिश है कि हर रविवार को अधिक से अधिक मरीजों को लाभ मिले और प्राथमिक स्तर पर ही बीमारियों की पहचान कर उन्हें उचित सलाह व उपचार दिया जाए

### पिता-पुत्र की हत्या में तीन सगे भाइयों समेत पांच का आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद।** अवैध शस्त्र से हत्या कर साक्ष्य मिटाने के मामले में जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार ने सूरज महावीर राजेश पुत्रगण रूपलाल लेखराम पुत्र सालिकराम बहादुर पुत्र रामचंद्र समस्त निवासीगण ग्राम दुदहा थाना शमशाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास से दंडित किया
बीते 22 वर्षों पूर्व थाना शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम
दुदहा के निवासी रामविलास पुत्र छदामीलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि आज से दो साल पहले मेरे गांव के रूपलाल पुत्र सालिकराम की लाश मेरे गांव के उत्तर दिशा में गंगा की कटरी में मिली थी जिसमें रूपलाल के लड़के महावीर ने मेरे भाई रूपराम वगैरहा से अंदरूनी रंजिश मानते थे आज मेरा भाई रूपराम व उनका लड़का रामपाल मक्का के खेत में निराई कर रहे थे अचानक शाम के समय मेरे गांव के सूरजपाल महावीर भंवर पाल अवधेश राकेश लेखराज बहादुर अपने घरों से रूपराम व रामपाल को गाली गलौज करते हुए खेतों की ओर गए सूरजपाल पर उसकी लाइसेंसी इकनाली बंदूक महावीर पर उसकी दोनाली बंदूक लेखराज पर देशी रायफल बहादुर पर देशी बंदूक भावरपाल पर टकोरा इन लोगों ने रूपराम रामपाल के पास जा कर गाली गलौज करते हुए अंधाधुंध फायरिंग करते हुए हुए रूपराम रामपाल की हत्या कर दी पास में ही खड़े अपने आयशर ट्रैक्टर लिफ्ट में पीछे शव को बांधकर गंगा की तरफले गए घटना को मैने व मेरे भतीजे भूरे पप्पू अरविंद आदि लोगों ने देखा था शोर शराबा किया तो मुलजिमानाओ धमकी दी अगर पास आए तो तुम्हे भी जान से मार डालेंगे परन्तु हम लोग हिम्मत करके कुछ दूरी आरोपियों ने मेरे भाई व भतीजे के शव को गंगा के सोते डाल दिया और अपना टैक्टर गंगा के किनारे खड़ा कर के भगा गए हम लोगों ने देखा तो दोनों लाशे तेज वहाब में बह गई पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया मुकदमा विचारण के समय भंवर पाल की मृत्यु अवधेश की पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड में पृथक हो गई थी बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह पंकज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश नीरज कुमार ने सूरजपाल महावीर राकेश को आजीवन कारावास व पच्चीस पच्चीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया लेखराम बहादुर को आजीवन कारावास व तीस तीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है

### शहीदाने कर्बला की यादगार में उठाए गए ताज़िए

**इटावा।** पहले मोहर्रम से लेकर दस मोहर्रम तक उठने वाले अलम जुल्फिक्कार व ताजियों का क्रम आज दस मोहर्रम को स्थानीय वाइस ख्वाजा कर्बला में ताजियों को सुपुर्दे खाक करने के साथ या हुसैनए या अली के गगन भेदी नारों के साथ गमगीन माहौल में समाप्त हो गया। इससे पूर्व इमामबाड़ोंए इमामबागाहों में कुरानख्वानी मजलिस व जिकरे शाहदतेन का दौर निरंतर चलता रहा।

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर मुहर्रम पर्व का सकुशल व शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित कराया गया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने मय पुलिस बल फ्लैग मार्च कर लोगों को कानून व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया। जनपद में मुहर्रम पर्व व आयोजित होने वाले जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशों के अनुपालन और कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम अभिवन रंजन श्रीवास्तवए अपर पुलिस अधीक्षक शीषचंद्रए सीओ सिटी अभयनरायन रायए शहर कोतवाल यशवंत सिंह रहे। दस मोहर्रम को ताजिए कर्बला जाने के लिए इमामबाड़ों इमामबारगाहों से उठकर स्थानीय मोहल्ला रामगंज चौराहा पर मय अपने अलमों और निशानों के साथ एकत्रित हुए। जहां पर बारह अखाड़ों के उस्ताद व खलीफाओं ने अपने शागिर्दों और शिष्यों के साथ सामूहिक रूप से हजरत इमाम हुसैन व शहीदानें कर्बला को अंतिम सलामी पेश की। रामगंज चौराहे से अलमोंए जुल्ककारों और ताजियों के काफिलों ने वाइसख्वाजा स्थित कर्बला की और कूच किया। कर्बला मार्ग पर अक़ीदतमंद श्रद्धालुजनों ने सैकड़ो जगह लंगर वितरण करने की व्यवस्था की थी।

जिसमें शीतल पेयए चायए कॉफी व बिरयानी आदि खाद्य पदार्थों की व्यवस्था थी। ताजिए अलम व जुल्फिक्कारों के साथ चल रहे काबाए मदीना व कर्बला के तुगरे आकर्षण के मुख्य केंद्र बिंदु बने हुए थे। इसके अलावा आधा सैकड़ा छोटे बड़े ताजिए भी थे। जिनमें मेवाती टोलाए गाड़ीपुराए नौरंगाबादए सराय कटरासेवा कलीए कूंचाशीलचंद्र सरायए कटरा पुर्दल खांए अड़ार थडी के सफेद ताजिआ थेए जिनमें मोर का ताजियाए हंस की चोंच वाला ताजियों के सफेद पन्नी पर अभ्रक पर मक्का मदीना व कर्बला के तुगरे महीन कारीगरी से तैयार किए गए थे। जिनकी नक्काशी और छठा देखने के लिए श्रद्धालुजनों का जन समुदाय सड़कों पर उमर पड़ा। इन ताजियों के अलावा रामगंज इमामबारगाह से उठा चांदी का शीशे की छतरी वाला ताजिया

दबगरानए पथवरियाए गाड़ीपुराए नईबस्तीए साबितगंजए शाहगंज के ताजिया थर्माकोल और रंग बिरंगी पन्नी के द्वारा जिसमें पोस्ती खाना दरीबालान पक्का तालाब से उठने वाले ताजिए शामिल थे। यह सारे ताजिए श्रद्धालुजनों के मुख्य केंद्र में थे। क़ौमी तहफ्फुज़ कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास ने बताया कि जिन मोहल्ले से अलम जुल्फिक्कार और ताज़िए उठाए गए थे उनकी व्यवस्था स्वयं उन मोहल्ला कमेटियों ने की थी जहां से हजरत इमाम हुसैन की यादगार में ताजिए रखे गए थे। जिला प्रशासन की व्यवस्था चाक चौबंद रही जिसकी सराहना सभी धर्म समुदाय के लोगों ने की।

# पूर्व राज्य मंत्री विधायक का जन्मदिन खाटू श्याम सेवा समिति ने केक काट कर धूमधाम से मनाया



**छिबरामऊ कन्नौज ।** पूर्व राज्य मंत्री विधायक का जन्मदिन खाटू श्याम सेवा समिति के बैनर के तले धूमधाम से मनाया गया। बिशुनगढ़ रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे का जन्मदिन खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता के नेतृत्व में खाटू श्याम समिति के सदस्यों ने धूमधाम से केक काटकर मनाया देर रात्रि में पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे पहुंची और केक काटा उपहार में खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

# डीएम के साथ स्वर्ग धाम पांचाल घाट पर नागरिकों ने वृक्षारोपण किया



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद ।स्वर्ग धाम पांचाल घाट में वन विभाग की ओर से वृक्षारोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें आशुतोष कुमार द्विवेदी ने शहर के गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने वृक्षारोपण किया

इस दौरान जिलाधिकारी ने जन सामान्य को पौधे भी वितरित किए इस मौके पर एसडीएम सदर रजनीकांत पांडेय फॉरेस्ट रेंजर अनूप कुमार वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश सक्सेना फर्रुखाबाद विकास मंच अध्यक्ष भैय्यन मिश्रा सतपाल सिंह रविंद्र प्रताप सिंह सिंह भूपेंद्र प्रताप सिंह रामदास गुप्त सौरभ पांडे सुनील बाजपेई श्यामेंद्र दुबे विनय दीक्षित सत्य पाल सिंह मनीष यादव ग्राम प्रधान सोता बहादुरपुर एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया इसके साथ ही पांचाल घाट पर वृहद भंडारे का आयोजन भी किया गया।

### मोहर्रम के अलविदाई ताजिये नम आंखों के बीच हुए सुपुर्द ए खाक

इटावा। शिया समाज के मोहर्रम के अलविदाई ताजिओ का जुलूस आलमपुरा से परम्परागत तरीके से मौलाना अनवारुल हसन जैदी के नेतृत्व व मुशीर हैदरए जीशान हैदर की देखरेख में अदबो एहतराम के साथ निकलाए ताजियों को बाइस ख्वाजा कब्रिस्तान में नम आंखों के बीच सुपुर्द ए खाक किया गया।

मोहर्रम के अलविदाई ताजिओ का जुलूस सुबह मोहल्ला आलमपुरा से उठा और कोतवाली चौराहाए जिला परिषद कार्यालयए तिकोनियाए पुल कहारानए नोरंगबाद चौराहाए शाही मस्जिद नोरंगबादए पक्का तालाब होते हुए बाइस ख्वाजा स्थित कब्रिस्तान पहुंचा जहां गमगीन माहौल में सुपुर्दे खाक किया गया। जुलूस में बड़ा ताजिया सहित दर्जनों छोटे ताजियेए अलमए इस्लामी परचम शामिल थे। शिया युवक व बच्चे हाथों में अलमए इस्लामी परचम और छोटे छोटे ताजिये लेकर आगे चल रहे थे। ताजियों के भ्रमण के दौरान शिया युवकों व बच्चों ने शाही मस्जिदए नोरंगबाद पुलिस चौकी के पास व पक्का तालाब पर छुरियों का मातम कर अपने आप को लहूलुहान कर कर्बला में इमाम हुसैन की मुसीबतों को याद किया। नोरंगबाद चौराहेए शाही मस्जिद के पास मौलाना अनवारुल हसन जैदी व मौलाना सज्जाद हैदर रब्बानी ने तकरीर की।

# डिग्री कॉलेज के प्रबंधक को एटा के गुप्ता पैलेस में अपहरण कर बंधक बनाकर मारपीट की

**- जबरन संस्था से लिखाया त्यागपत्र**

**-पीडित ने लगाई उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार**



**एटा।** यूं तो जनपद एटा के शहर में कई होटलों में जिस्मफरोशी और कई गैरकानूनी और सामाजिक कार्य करने के आरोप लगते रहे हैं।लेकिन एटा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौराहे पर स्थित गुप्ता पैलेस में अपहरण कर बंधक रखने की खबर सनसनीखेज है। लखनऊ के राजीव टंडन पुत्र केपी सिंह टंडन जो लाल पोख पाल सिंह स्मारक पार्थिव क्षेत्र विकास समिति अतरंजी खेड़ा अचलपुर एटा के तहत संचालित इंटर कॉलेज एवं महाविद्यालय में पिछले 20 वर्ष से प्रबंधक पद पर कार्यरत है। आरोप है कि विद्यालय में लाखों के घोटाले के संबंध में विद्यालय के अध्यक्ष शशांक प्रताप सिंह चौहान ने अपने तीन साथियों के सहयोग से राजीव टंडन को लखनऊ से अलंकार योजना के तहत होने वाले कार्यक्रम का बहाना बनाकर उनकी कार संख्या यूपी 32 एल एफ9007 में अपहरण कर एटा ले आए। इस बीच रास्ते में भी हाईवे पर कई जगह राजीव टंडन के साथ मारपीट की गई। एटा शहर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौराहे पर स्थित गुप्ता पैलेस के रूम नंबर 201 में बंधक बनाकर रखा।वहां टंडन की मारपीट जारी रही।तथा जायज एवं नाजाइज असलाहों का खौफ दिखाया। जान से मारने के खौफसे भयभीत कर संस्था में कार्यरत लिपिक रामनिवास एवं सहायक लिपिक अर्पण राजपूत से एक पत्र लिखवाकर जबरन त्यागपत्र लिखवा लिया। तथा होटल गुप्ता पैलेस से लखनऊ छोड़ दिया। घटना के संबंध में विस्तार से पीड़ित ने बताया कि उपरोक्त संस्था के अध्यक्ष शशांक प्रताप सिंह चौहान ने कई लाख का घोटाला एवं कई पदों पर फर्जी नियुक्ति कर रखी है। उपरोक्त संस्था की सचिव शैलजा सिंह चौहान लखनऊ में रहती हैं।मैं स्वयं उक्त संस्था का प्रबंधक लखनऊ रहता हूं।इस कारण एटा के अचलपुर स्थित कॉलेज में आना.जाना कम ही रहता है।कई फर्जी नियुक्तियों एवं घोटालों के संबंध में मुझे प्रबंधक राजीव टंडन व सचिव शैलजा सिंह चौहान को जानकारी हुई तो पूछताछ करने पर एहसास हुआ कि अध्यक्ष की नियत मे खोट बन गया। सचिव और प्रबंधक को रास्ते से हटाने का षणयंत्र बनकर विद्यालय में मनमाने तरीके से घोटाले और नियुक्तियां करतारहें। इसी उद्देश्य से कई बार प्रबंधक और सचिव को फँसाने की नापाक कोशिश की। जिसमे अध्यक्ष शशांक प्रताप सिंह चौहान एवं उनके गुर्गे कामयाब नहीं हुए।तो उन्होंने अपहरण कर इस तरह की घटना को अंजाम दिया।राजीव टंडन ने इस घटना को लेकर उच्च अधिकारियों से न्याय हेतु गुहार लगाई है।

### साजिद वारसी ने प्रशासन का आभार जताया

**इटावा।** दरगाह वारसी कमेटी के सदस्य साजिद हुसैन वारसी ने कटरा शहाब खां स्थित मेंहदी वाले चबूतरे से निकले मेंहदी के जुलूस एंव मोहर्रम के अलविदाई ताजियों को सकुशल सम्पन्न कराने पर जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। दरगाह वारसी कमेटी के सदस्य साजिद हुसैन वारसी ने कहा कि मेंहदी और अलविदाई ताजियों के जुलूस में जिला अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था बहुत बेहतर रही। एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तवए सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंहए एसडीएम सदर विक्रम राघवए सीओ सिटी अभय नारायण रायए शहर कोतवाल यशवंत सिंह ने जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराने में जो सराहनीय योगदान दिया उसके लिए वह बधाई के पात्र है। मेंहदी के जुलूस में सहयोग करने वालों का आभार जताया। उन्होंने यह भी बताया कि मेंहदी का जुलूस पिछले 70 वर्ष से कटरा शहाब खां स्थित मेंहदी वाले चबूतरे से उठ रहा है और आगे भी उठता रहेगा।

# डॉ मुखर्जी से प्रेरणा ले राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहे कार्यकर्ता

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अमृतपुर की ओर से भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के शुभ अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने डॉण् मुखर्जी के राष्ट्रवाद बलिदान और विचारधारा को स्मरण करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई




गोष्ठी में मुख्य वक्ता दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल ने डॉण् मुखर्जी के विचारों को आज के संदर्भ में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनका बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे उनके पदचिह्नों पर चलते हुए राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित रहें।

विधायक सुशील शाक्य ने डॉण् मुखर्जी को भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक बताते हुए कहा कि जम्मू.कश्मीर से धारा 370 हटने का सपना जिसे डॉण् मुखर्जी ने देखा था आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हुआ है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर सभी ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नीरज अवस्थी पूर्व अध्यक्ष अनुराग सिंह सेक्टर संयोजक बूथ अध्यक्ष समेत अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। गोष्ठी का समापन डॉण् मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लेने के संकल्प के साथ हुआ।

# संस्कार भारती के अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह सचिव गौरव मिश्रा बने

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद ।** संस्कार भारती चुनाव में मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष कानपुर बुंदेलखंड विनोद द्विवेदी ने संस्कार भारती समिति इकाई के नवीन निर्वाचित अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह सचिव गौरव मिश्रा बंटी कोषाध्यक्ष एवं कला विभाग संयोजक प्रमुखों को लोकतंत्र प्रणाली से चुनाव करते हुए उन्होंने कहा की रामराज की तरह भारत लाल को खड़ाऊ के समान दायित्व ग्रहण कर कला के माध्यम से समाज में कार्य सेवा भाव के साथ सौपा उन्होंने कहा संस्कार भारती कला के साथ.साथ वैचारिक चिंतन की संस्था है
वह समाज परिवर्तन एवं नवभारत के निर्माण में कार्य कर्ताओं कला साधको का सम्मान मेंअंतिम व्यक्ति के कला साधको का निर्माण कर उनका सम्मान करें सभी सदस्यों को अपने.अपने संकल्पों के साथ दायित्व पर ग्रहण कराया इस अवसर पर प्रान्तीय पदाधिकारी प्रान्तीय महामंत्री सुरेंद्र पांडे प्रान्तीय अध्यक्ष विनोद द्विवेदी ने लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव संपन्न कराया और वर्ष2025 . 26 के पदाधिकारी का चुनाव किया जिसमेंअध्यक्ष अनिल प्रताप सिंहसचिव गौरव मिश्राकोषाध्यक्ष नरेन्द्र नाथ मिश्रप्रचार प्रमुख कुलभूषण श्रीवास्तव को बनाया गया इसी तरह कला विभाग संयोजकमंचीय कला नवीन मिश्र नब्बू साहित्य कला महेश पाल सिंह उपकारी लोक कला शशिकांत पाण्डेय दृश्य कला अर्पण शाक्य भूपेन्द्र प्रताप सिंह कला धरोहर पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है



# या हुसैन की सदाओ संग कर्बला में दफन हुए ताजिये



**हलिया मिर्जापुर।** हजरत इमाम हुसैन (रजी.) की शहादत की याद दिलाने वाले मोहर्रम पर गमगीन माहौल में ताजिए दफ्न किए गए। इस मौके पर लोगों ने शर्बत पर फातिहा की और कुरान मजीद पढ़कर ईसाले सवाब भी किया। हलिया थाना क्षेत्र के 16 स्थानों में ताजिए रखकर अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हुसैन के नाम पर मजलिसों का आयोजन किया। जब कर्बला की तरफ जुलूस रवाना हुआ तो पूरा शहर या हुसैन की सदाओं से गूंज गया। क्षेत्र में मोहर्रम के मौके पर पूरा माहौल गमगीन दिखाई दिया। मोहर्रम की रात से ही ताजिए चौक पर रख दिए गए थे। सुबह तक हजरत इमाम हुसैन की याद में मजलिसों का सिलसिला जारी रहा शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल ताजिया कर्बला में दफ्न हुई है। ताजिया को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी लालगंज संजीव कुमार यादव, सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह हलिया क्षेत्र के चौक पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया ताजिया चौक से होकर मस्जिद हलिया बाजार होते हुए कर्बला पहुंची। वहीं सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, एसआई अच्छेलाल यादव, शिव जी यादव, महेंद्र यादव सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मी व महिला पुलिस कर्मी तैनात रही। वहीं अपने अपने हल्का क्षेत्र में संबंधित एसआई भी ड्यूटी पर तैनात रहे प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की थाना क्षेत्र के कुल 16 ताजिया कर्बला में शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल कर्बला में दफ्न हो गई है।

## डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व पर संगोष्ठी

**सीखड़ मिर्जापुर।** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में सीखड़ मंडल के मगराहा स्मृति सभागार में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्री विजय भारद्वाज पटेल ने किया एवं मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष भाजपा मिर्जापुर प्रेम शिला सिंह रही एव संचालन मंडल के महामंत्री आनंद शर्मा ने किया। उपस्थित कार्यकर्ता मंडल महामंत्री सरोज कुमार नीरज मंडल के वरिष्ठ नेता रमाशंकर राजभर मंडल उपाध्यक्ष रणवीर प्रताप सिंह, रीमा शर्मा, राजेश सिंह, जयप्रकाश सिंह, गौरव पाण्डेय, संतोष सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह, संजय मिश्रा, सुरेंद्र मिश्र, मनीष कुमार, अनूप सिंह एवं सभी बूथ अध्यक्ष एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धमौली वृक्षारोपण स्थल का वन्यजीव प्रतिपालक ने किया निरीक्षण




**हलिया मिर्जापुर।** स्थानीय वन क्षेत्र के हर्रा कम्पार्टमेंट नंबर पांच धमौलीं वन क्षेत्र के 17 हेक्टेयर में वन महोत्सव के तहत करायें गए वृक्षारोपण का रविवार को वन्यजीव प्रतिपालक कैमूर वन्यजीव प्रभाग चुर्क अरविंद कुमार ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश वनक्षेत्रधिकारी अवध नारायण मिश्र को दिया। वृक्षारोपण का नियमित रूप से देखभाल करना का भी निर्देश दिया। वर्ष 2024-25 में हर्रा कम्पार्टमेंट नंबर पांच धमौलीं वन क्षेत्र बीस हेक्टेयर में कराये गए वृक्षारोपण का पौधों का भी निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। वन्यजीव प्रतिपालक अरविंद कुमार ने बताया कि वन महोत्सव के तहत कराये गए वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया गया है। साथ ही पिछले वर्ष कराये गए वृक्षारोपण का भी निरीक्षण किया गया है इस दौरान रेंजर अवध नारायण मिश्र, डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी, वन्यजीव रक्षक शीतला बक्स सिंह, अंकुर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## 72 स्थानों पर राखी गई ताजिया पुलिस व्यवस्था भी चुस्त दुरुस्त

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना मऊ मोहर्रम पर्व को लेकर स्थानीय कस्बे में 33 ताजिया एवं कोतवाली में कल 72 ताजिया रखी गई है जबकि देर रात्रि रविवार को मिलन के पश्चात अलग-अलग कर्बला में दफन कर दी जाएगी मोहर्रम की दसवीं तारीख कर्बला के मंजर को याद कर मातम करते रहे या अली या हुसैन की सदाओ के बीच सीना जानी खुद को लहू लोहान कर लिया कर्बला के 72 शहीदों की याद में मोहर्रम की दसवें के दिन कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न गांव से ताजिया और आलम के साथ मातम करते हुए लोग जुलूस निकालकर कर्बला में ताजिया को दफन किया जाएगा इस मुहर्रम पर्व को देखते हुए यूपी जिला अधिकारी अभिषेक गोस्वामी तहसीलदार अनीश सिंह नायक तहसीलदार गौरव शाह नगर पंचायत मोहम्मदाबाद गोहाना के अधिशासी अधिकारी देवेश मिश्रा चेयरमैन प्रतिनिधि दीपक गुप्ता डायमंड गुंजन श्रीवास्तव पुलिस उपाधीक्षक शीतला प्रसाद पांडे कोतवाल रविंद्र नाथ राय उप निरीक्षक कस्बा राम अवध अरविंद कुमार यादव सरफराज खान माधुरी सागर अनिल सिंह सुरजीत सिंह विकास कुमार जितेश मिश्रा मंजेश कुमार समेत एवं पुलिस के जवान विभिन्न स्थान पर मोहर्रम के पर्व को संपन्न कराने हेतु पूरी तरह से मुस्तैद रहे जबकि देर रात्रि तक विभिन्न कर्बला में अलग-अलग क्षेत्र से आए ताजिया दार द्वारा दफन करने का सिलसिला जारी है

## बीडीओ ग्राम प्रधान व सचिव के साथ जुड़कर सुना मुख्यमंत्री के जनसंवाद

**हलिया मिर्जापुर।** स्थानीय विकास खंड सभागार में रविवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ग्राम प्रधान व सचिव के साथ मुख्यमंत्री से वर्चुअल जुड़कर मुख्यमंत्री के जनसंवाद को सुना। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधिओ जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत के सदस्यों से जुड़कर 9 जुलाई को होने वाले वृक्षारोपण के संबंध में जानकारी लिया। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा की 9 जुलाई को वृक्षारोपण अभियान में जुड़कर आप लोग एक पेड़ माँ के नाम जरूर लगाए साथ ही वृक्षारोपण का फोटो अपलोड करे। वृक्षारोपण के बाद वृक्षारोपण की सुरक्षा टी गार्ड से करे जिससे पौधे सुरक्षित रहे। इस दौरान बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया, सीएम फेलो गौरव सिंह, सचिव कौशलेन्द्र राय, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, आलोक राव, आलोक भारती, बाल कृष्ण, दिनेश कुमार, मनोज कुमार, सौरभ यादव, गौरव राणा, ग्राम प्रधान भटवारी राजेश कुमार, सहजी रविशंकर सिंह, गुर्गी रमेश मौर्य, हथेड़ा काशी मिश्र, थोथा राजेश यादव, सोनगढ़ा राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 212 मरीजों का हुआ उपचार



**हलिया मिर्जापुर।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 212मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर रीना कि देखरेख में 62मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 45मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में 11मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज के देखरेख में 53मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में 41 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया। नया इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 212मरीजों का उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान चिकित्सक डॉक्टर निर्मल, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार,सुभाष पटेल किशोर कुमार,राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया, आदि मौजूद रहें।

## उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रतीक्षालय का कराया जा रहा निर्माण

**हलिया मिर्जापुर।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना के अंतर्गत उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जन प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य 36.28 लाख रूपये की लागत से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जन प्रतीक्षालय का कार्य तेजी के साथ कराया जा रहा है उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जन प्रतीक्षालय भवन बन जाने से स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों व तीमारदारों को सुविधाएं मिलने लगेगा जन प्रतीक्षालय भवन का कार्य कार्यदाई संस्था द्वारा कार्य तेजी के साथ कराया जा रहा है।

## या हुसैन के नारों के बीच सुपुर्द-ए-खाक हुई ताजिया

**चुनार मिर्जापुर।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों निकाली गई ताजिया गमी के माहौल में कर्बला में सुपुर्दे-ए-खाक हो गई इस दौरान या हुसैन के नारों से गूंज रहा था। नगर के दरगाह शरीफ गंगेश्वरनाथ स्थित नवाब साहब कि कोठी, बेलबीर, पीरवाजी शहीद, लाल दरवाजा, चौक, सर्राफ बाजार आदि मोहल्लों व ग्रामीण क्षेत्र के सीखड़, रामगढ़, धनैता, मझरा, पचराव, सुरसी, आराजी लाइन आदि गांवों से गमी के माहौल में ताजिया निकाली गई जो देर शाम कर्बला में दफ्ना दी गई। इस दौरान युवकों ने लाठी डंडे,तलवार आदि से अपने कला करतब का खूब प्रदर्शन किया। ताजियेदारों के लिए नगर में जगह जगह पानी, नाश्ता आदि कि व्यवस्था किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य,निरीक्षक अपराध शाखा सत्येंद्र कुमार यादव, चौकी प्रभारी कस्बा सुजीत कुमार सेठ, उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार यादव, श्रीभगवान दलबल के साथ मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया

**राजगढ़ मिर्जापुर।** विकासखंड राजगढ़ के ब्लॉक मुख्यालय सभागार में रविवार को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मड़िहान विधायक रमा शंकर सिंह पटेल ने कार्यक्रम के शुरुआत में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंडल अध्यक्ष डॉ सुनीता सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए जिले के महामंत्री एवं विशिष्ट अतिथि दिनेश वर्मा ने डॉक्टर मुखर्जी के जीवन काल पर विस्तार से प्रकाश डाला। महामंत्री ने कहा कि हमारे देश के आजादी में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का विशेष योगदान है। डॉ मुख़र्जी ने एक ही देश में दो तरह के राष्ट्रीय ध्वज दो तरह के संविधान का विरोध किया था। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के विरोधाभास के कारण उन्होंने पार्टी से इस्तीफा भी दे दिया। देश के आजादी हेतु जन संघ पार्टी का निर्माण किया।सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामाशंकर पटेल ने बताया कि हमारे देश के आजादी में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का विशेष योगदान रहा। उनके योगदान को हमारा देश कभी नहीं भूल सकता। सभा का संचालन सुजीत केसरी ने किया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार पांडे, राजबहादुर सिंह, सहेद्र मौर्य महामंत्री राजगढ़, रामनरेश विश्वकर्मा, हेमलता सिंह, संध्या सिंह मंत्री महिला जिला मोर्चा, उषा लता पाण्डेय, धीरेंद्र सिंह, श्रवण सिंह, धर्मेंद्र सिंह पटेल, सूरज सोनकर प्रधान, जन्मेजय सिंह ग्राम प्रधान, शत्रुघ्न सिंह, संतोष पाठक, राधा वल्लभ दुबे, अशोक सिंह, बिहारी साहू सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

चुनार (मिर्जापुर)।एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक, चुनार द्वारा एपेक्स ट्रस्टी एवं वरिष्ठ स्पाइन सर्जन डॉ एस के सिंह के नेतृत्व मे सुरभि शोध संस्था, रामबाग मे निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बीपी, वजन, शुगर, दांतों एवं आखों की जाँच कर स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अनुपमा सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.संजीव सिंह, न्यूरोलॉजिस्ट विशेषज्ञ डॉ एस.के.पोद्दार, मेडिकल ऑफिसर डॉ राजेंद्र ने बुजुर्गो, पुरुष, महिलाओं एवं बच्चो को उचित परामर्श देते हुए आयुर्वेद, फार्मेसी, पैरामेडिकल एवं नर्सिंग शिक्षण संस्थानों के सहयोग से किया गया।शिविर मे 111 मरीजों का हुया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर जरुरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। एपेक्स के चेयरमैन प्रो. डॉ. एस.के. सिंह ने कहा कि इस प्रकार के शिविर से न केवल स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलता है बल्कि छात्रों को भी व्यावहारिक अनुभव और जनसेवा का अवसर मिलता है। शिविर का संयोजन ऐपेक्स के प्रबंधक नवीन सिंह एवं संचालन पीआरओ प्रवीण, ऑपटोमेट्रिस्ट करन, टेक्नीशियन त्रिलोक, नर्सिंग संध्या, शिल्पा, पूजा, दिलीप के सहयोग से किया गया।

## ट्रक से बिहार जा रही 5 लाख रुपए की 69 पेटी अवैध अंग्रेजी/देशी शराब बरामद

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** मईल पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत एक ट्रक वाहन से लगभग 5 लाख रुपए कीमत की 69 पेटी अवैध अंग्रेजी/देशी शराब बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बरहज अंशुमान श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में मईल पुलिस द्वारा ने संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पिण्डी तिराहे के पास लावारिश खड़े एक ट्रक वाहन सं0-क्क7ञ3489 से विभिन्न धारिताओं अंग्रेजी व देशी शराब 69 पेटी अवैध देशी शराब बंटी बबली, 13 पेटी बीयर बडवाइजर, 3.18 पेटी बीयर किंग फीशर, 8 पेटी अंग्रेजी शराब ऑफिसर च्वाइस अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस प्रकार पुलिस टीम द्वारा बरामद की गयी शराब की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपए व बरामद वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपए है। पुलिस टीम में उ.नि. सुमित कुमार राय, इजहार अहमद, सुनील कुमार पाल और हरिगोविन्द सिंह शामिल हैं।

## विहिम के नवनियुक्त मंडल प्रभारी का हुआ जोरदार स्वागत

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** विश्व हिंदू महासंघ के नव नियुक्त मंडल प्रभारी बृजेश कुमार तिवारी के प्रथम जनपद आगमन पर विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीगण ने खरोह चौराहे से लेकर सुभाष चौक पर जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। सुभाष चौक पर श्री तिवारी ने नेता जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान नव नियुक्त मंडल प्रभारी बृजेश तिवारी ने कहा कि पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज के आशीर्वाद से प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है। मैं उसको पूरी मेहनत और लगन से पूरा करुंगा। स्वागत करने वाले में नीरज शाही, सुभाष तिवारी, संजय तिवारी, अमित सिंह ,गुड्डू पहलवान, राजेश कुमार मिश्रा, बृजेश तिवारी, बीरबल चौहान, रमेश विश्वकर्मा, घनश्याम मणि, प्रेम प्रकाश, अनिल मणि, अजय मणि, योगेश्वर उपाध्यक्ष, विनय, रमेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## समय व नियम के अनुपालन का गुण हो - विभाग प्रचारक

**चुनार मिर्जापुर।** स्वयं सेवक के अंदर अनुशासन, समय व नियमों के अनुपालन का गुण होना आवश्यक है। विभाग प्रचारक कौशल किशोर ने नगर खंड के वन विहार कार्यक्रम में कहा कि पहले हम कार्यकर्ता होते हैं उसके बाद स्वयंसेवक। उनके अंदर स्वयं अनुशासन और संघ द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने के साथ समय से स्थल पर पहुंचना चाहिए। संघ अच्छे लोगों को खोजकर उनके अच्छाई को समाज के लिए उपयोग करता है। उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम समाज को संघ से परिचित कराने एवं उन्हें संघ के साथ जोड़ने के उद्देश्य से होता है। इस दौरान नगर संघ चालक गोविंद, सह विभाग कार्यवाह रामबालकी, जिला कार्यवाह अमित, जिला प्रचारक आलोक, जिला संपर्क प्रमुख अवनिंद्र, नगर कार्यवाह विवेक, संपर्क प्रमुख राकेश, नगर व्यवस्था प्रमुख धीरज, जगदीश गुप्ता, आलोक सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह, जगदीश गुप्ता, अमित, संजय, बचाऊ लाल सेठ, मुन्ना पांडेय, सुधीर, संजय सोनकर, अंशु राय, विकास कश्यप, अमित सहित बड़ी संख्या में स्वयं सेवक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मी निलम्बित

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने गौरीबाजार थाने में तैनात मुख्य आरक्षी ज्ञानप्रकाश श्रीवास्तव, आरक्षी विजय शंकर यादव तथा थाना सलेमपुर में तैनात आरक्षी सूबेदार यादव को ड्यूटी के दौरान कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया है।

## पौधेरोपण के महत्व के लिए संगोष्ठी कर लोगों को किया जागरूक



**हलिया मिर्जापुर।** क्षेत्र के परसिया कला गांव में वृक्षारोपण के महत्व के लिए वन विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन रविवार को ग्रामीणो को जागरूक करते हुए कहा कि मानव जीवन के लिए पेड़-पौधे बहुत जरूरी है। इसके बिना हम मानव जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। पशु-पक्षियों के जीवन के लिए भी यह अति आवश्यक है। लेकिन शहरों का विस्तार और आधुनिक होते समाज के कारण अंधाधुंध पेड़ों की कटाई हो रही है। जिसके कारण पर्यावरण प्रदूषण बढ़ते जा रहा है और मानव जीवन पर खतरा मंडराने लगा है। मानव जीवन व पशु-पक्षियों को बचाने को लेकर सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर पौधारोपण के लिए चारों ओर बल दिया जा रहा है। जो पौधारोपण के महत्व को बखूबी समझते हैं। ये निरंतर पौधारोपण करते हैं और दूसरों को भी पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्हीं में से चंद लोग ये हैं।

पेशे से सफाई कर्मी रामा आसरे यादव प्रतिदिन एक पौधे प्रति दिन लगा रहे है एक पेड़ माँ के नाम पर जरूर लगाए इस दौरान वन दरोगा सन्नी सिंह, श्रवण कुमार संत, वन्यजीव रक्षक राजकुमार वर्मा, नीटू शर्मा, वाचर प्रभु नारायण मौर्य सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## अतिकुपोषित परिवार को सहभागिता योजना में दूधारू गाय देगी सरकार

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** विकास खंड बैतालपुर अन्तर्गत स्थापित अस्थाई निराश्रित गौआश्रय स्थल बलटिकरा का पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने निरीक्षण के दौरान जानकारी दिया कि कुपोषित बच्चों के स्वजन को मुख्यमंत्री निराश्रित व बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार दुधारू गाय देगी। इसके लिए अभियान चलाकर परिवार वालों का चयन किया जाएगा। कुपोषण को दूर करने के लिए सरकार की पहल पर अतिकुपोषित बच्चों के परिजनों को गोशाला से निश्शुल्क गाय उपलब्ध करायी जाएगी। इतना ही नहीं गो-पालन के लिए 1500 रुपए प्रतिमाह भी दिए जाएंगे।

## परंपरा, आस्था व शांति के साथ मनाया मोहर्रम का पर्व



**(अतरौलिया)आजमगढ़।** नगर पंचायत अतरौलिया सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मोहर्रम का पर्व पूरी परंपरा, श्रद्धा और सौहार्द के साथ मनाया गया। हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में आयोजित यह पावन अवसर शांति और भव्यता का प्रतीक बना रहा। नगर की गलियां ताजियों की सजावट, ढोल-ताशों की गूंज और अंजुमनों द्वारा पढ़े गए नौहे-नात से गुलज़ार रहीं। धर्म, न्याय और बलिदान का संदेश देने वाला यह पर्व रंग-बिरंगी पन्नियों, थर्माकोल और शीशे से सजे भव्य ताजियों के साथ श्रद्धा व सादगी से मनाया गया। कसाई मोहल्ला, मोमिनपुरा उत्तरी व दक्षिणी, हैदरपुर, बौडरा, देहुला सल्तनत,

**ताजियों की भव्य सजावट, खेलकूद प्रदर्शन व नौहाख्वानी ने दी कर्बला की याद**

अतरैठ, कोयलसा और बूढ़नपुर सहित अनेक गांवों में ताजियादारों ने अपने हुनर और भक्ति का अनूठा प्रदर्शन किया। मासूम बच्चों द्वारा सजाए गए धर्माकोल के ताजिये ने लोगों का ध्यान खींचा, तो वहीं मोमिनपुरा के शैफ, अब्दुल्ला, मुस्ताक अहमद, सद्दाम हुसैन और अजीजुर्रहमान ने शीशे व थर्माकोल से तैयार ताजियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। करबला की याद ताजा करने वाले लाठी, तलवार, डंडे और शैफ के पारंपरिक खेलों ने माहौल को भावुक बना दिया। अंजुमनों द्वारा पढ़े गए नौहे और नातों ने श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं। ÷कत्ल-ए-हुसैन असल में मरगे-यजीद है, इस्लाम ज़िंदा होता है हर कर्बला के बाद, जैसे इमामी शेरों की गूंज ने माहौल को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। ताजियों को देखने के लिए नगर पंचायत से लेकर हैदरपुर स्थित करबला तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सांझ होते-होते सभी स्थानों पर ताजियों को विधिपूर्वक कर्बला में दफन किया गया। सम्पूर्ण आयोजन क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन, अंजुमनों और नगरवासियों के सहयोग से शांतिपूर्ण और गरिमामय तरीके से सम्पन्न हुआ, जो अतरौलिया की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक बन गया। जोलहा टोला निवासी अब्दुल्ला ने बताया कि ताजिया पूरे नगर का भ्रमण करते हुए हैदरपुर स्थित कब्रिस्तान के कर्बला के मैदान में जा रही है जहां सभी ताजियादारों का मिलन होगा ,तत्पश्चात ताजिए को कर्बला में दफन किया जाएगा। ताजिए में भाईचारे का महत्व है जिसे हम सभी लोग मिलकर मनाते हैं।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

# ब्राजील में भारत माता के जयकारों के बीच पीएम मोदी का भव्य स्वागत

**रियो डी जेनेरियो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय दौरे पर ब्राजील पहुंच गए हैं। ब्राजील में पीएम मोदी 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। ब्राजील पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत हुआ।

### भारतीय समुदाय से की मुलाकात

प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय से मुलाकात की। इस दौरान भारतीय समुदाय के लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाए। पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बच्चों को भी दुलारा। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में भारतीय समुदाय ने पारंपरिक नृत्य कर उनका स्वागत किया। इस दौरान एक नृत्य प्रस्तुति ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित थी, जिसमें बैकग्राउंड संगीत में ये देश नहीं मिटने दूंगा के आवाज आ रही थी। ब्राजील के एक बैंड ने भक्ति संगीत गाए। प्रधानमंत्री मोदी चार दिवसीय दौरे पर ब्राजील में ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और साथ ही ब्राजील का राजकीय दौरा भी करेंगे। पीएम मोदी ब्रिक्स सम्मेलन से इतर कई अहम द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।




### अर्जेंटीना में किया गया सम्मान

**ब्यूनस आयर्स।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान 'की टू द सिटी' (शहर की चाबी) सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान भारत और अर्जेंटीना के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया। यह सम्मान विश्व के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को ही दिया जाता है जो किसी शहर के साथ विशेष संबंध बनाते हैं या उस शहर में सांस्कृतिक, राजनीतिक या आर्थिक जुड़ाव बढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मान के प्रति आभार जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ब्यूनस आयर्स के सिटी गवर्नमेंट प्रमुख जॉर्ज मैकरी से 'की टू द सिटी' प्राप्त करना मेरे लिए गौरव की बात है। यह सम्मान भारत-अर्जेंटीना संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को मान्यता देता है।

# अमेरिकी हमलों के बाद पहली बार सामने आए खामेनेई

### ईरान के लोग बोले- खून की हर बूंद आपके लिए

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच छिड़े 12 दिन के युद्ध के बाद अब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई पहली बार जनता के सामने आए हैं। शनिवार को तेहरान में एक धार्मिक कार्यक्रम में खामेनेई की मौजूदगी दिखी। बीते दिनों अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए थे, जिसके बाद से खामेनेई सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आ रहे थे। उनकी मौजूदगी को लेकर अफवाहें भी उड़ रही थीं। लेकिन अब उनकी तस्वीरें सामने आ चुकी हैं।
86 साल के खामेनेई को काले कपड़ों में मंच पर बैठे देखा गया। उनके सामने मौजूद भीड़ हाथ हवा में उठाकर नारेबाजी कर रही थी कि हमारे खून की हर बूंद हमारे नेता के लिए है। ईरान के सरकारी टीवी ने बताया कि यह कार्यक्रम तेहरान की इमाम खोमैनी मस्जिद में हुआ। यह मस्जिद ईरान के इस्लामिक क्रांति के संस्थापक के नाम पर बनी है। यह कार्यक्रम शिया मुसलमानों के लिए बेहद अहम इमाम हुसैन की शहादत



की बरसी पर आयोजित किया गया था। खामेनेई बीते कुछ दिनों से सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर थे। उनकी आखिरी सार्वजनिक उपस्थिति इजरायल के हमलों से ठीक दो दिन पहले हुई थी, जब वह सांसदों से मिले थे। हालांकि, पिछले हफ्ते उनका एक रिकॉर्डेड वीडियो सामने आया था, लेकिन उनकी शारीरिक स्थिति को लेकर सवाल उठ रहे थे। अब सार्वजनिक मंच पर नजर आने के बाद यह साफ हो गया है कि वह सक्रिय हैं और देश के हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

## एक नज़र

### डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में चूक

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में भारी चूक की घटना सामने आई है। अमेरिकी वायु रक्षा एजेंसी नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड ने शनिवार को एक नागरिक विमान को एफ-16 फाइटर जेट की मदद से इंटरसेप्ट किया। यह विमान ट्रंप के बेडमिंस्टर स्थित गोल्फ क्लब के ऊपर से उड़ान भर रहा था, जो कि उस समय अस्थायी नो-फ्लाई जोन घोषित किया गया था। नोराड के मुताबिक, यह दिन भर में पांचवीं ऐसी घुसपैठ थी। इंटरसेप्ट के दौरान एफ-16 ने हेडबट रणनीति अपनाई, जिसमें लड़ाकू विमान नागरिक विमान के आगे उड़ता है ताकि उसकी ओर ध्यान आकर्षित हो सके। इसके बाद विमान को सुरक्षित रूप से वर्जित हवाई क्षेत्र से बाहर निकाल दिया गया।

### अमेरिका ने दलाई लामा को दी जन्मदिन की बधाई

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दलाई लामा को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। दलाई लामा रविवार को 90 साल के हो गए। अमेरिका के विदेश विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अमेरिका तिब्बतियों के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं पीएम मोदी ने भी दलाई लामा को जन्मदिन की बधाई दी है। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट ने एक बयान में कहा, अमेरिका तिब्बतियों के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम तिब्बतियों की विशिष्ट भाषाई, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के प्रयासों का समर्थन करते हैं, जिसमें हस्तक्षेप के बिना धार्मिक नेताओं को स्वतंत्र रूप से चुनने और उनका सम्मान करने की उनकी क्षमता भी शामिल है।

### टेक्सास में बाढ़ ने ली 51 लोगों की जान

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास में शुक्रवार तड़के आई अचानक बाढ़ में कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक 'समर कैंप' में शामिल हुई 27 लड़कियां अब भी लापता हैं। केर काउंटी में बाढ़ के कारण 15 बच्चों सहित कम से कम 43 लोगों की मौत हो गई तथा आसपास की क्षेत्रों में भी कई लोग मारे गए। ग्वाडालूप नदी का जलस्तर 45 मिनट में 26 फुट बढ़ गया, पेड़ उखड़ गए, वाहन बह गए और कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। बाढ़ के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में वर्षों से 'समर कैंप' आयोजित किए जाते हैं जहां प्रतिवर्ष हजारों बच्चे आते हैं। हंट इलाके में ग्वाडालूप नदी किनारे के 'मिस्टिक कैंप' की 27 लड़कियां लापता हैं।

### '16 साल तक बलात्कार पीड़ितों के शव लगाए ठिकाने'

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां धर्मस्थल मंदिर प्रशासन के साथ काम करने वाले एक पूर्व सफाईकर्मी ने कई सनसनीखेज दावे किए हैं। व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उसे सालों तक बलात्कार पीड़ितों के शवों को जलाने और दफनाने के लिए मजबूर किया गया था। उसने हाल ही में स्थानीय पुलिस से संपर्क कर अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इस व्यक्ति ने बताया कि लगभग एक दशक बाद वह अपराधबोध और पीड़ितों को न्याय दिलाने की इच्छा के कारण सामने आया है। उसने दावा किया कि ये शव कई महिलाओं और स्कूल छात्राओं के थे, जिनका 1998 से 2014 के बीच धर्मस्थल और आसपास के इलाकों में बलात्कार कर हत्या की गई थी। दक्षिण कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक अरुण के. ने बताया कि व्यक्ति ने अपनी पहचान गोपनीय रखने का अनुरोध किया है, और अदालत से ज़रूरी इजाज़त मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### बिहार : चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं महुआ मोइत्रा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सांसद महुआ मोइत्रा ने बिहार में वोटर लिस्ट (मतदाता सूची) की खास जांच के चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। उनका कहना है कि यह आदेश गलत है और इससे कई लोगों के वोट देने का अधिकार छिन सकता है। चुनाव आयोग ने 24 जून, 2025 को एक आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि बिहार में वोटर लिस्ट की गहन जांच (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) होगी। इसका मतलब है कि जिन लोगों के नाम पहले से वोटर लिस्ट में हैं और जो कई बार वोट दे चुके हैं, उन्हें भी अपनी नागरिकता साबित करने के लिए नए दस्तावेज दिखाने होंगे। इन दस्तावेजों में माता-पिता की नागरिकता का सबूत भी शामिल है। अगर वे ऐसा नहीं कर पाते, तो उनका नाम वोटर लिस्ट से हटाया जा सकता है। महुआ की याचिका में कहा गया है कि यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 19(1)(ए), 21, 325, 326 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 तथा निर्वाचक पंजीकरण (आरईआर) नियम, 1960 के प्रावधानों का उल्लंघन करता है।

# नया रोल : एलन मस्क अब खेलेंगे सियासी पारी

**वाशिंगटन।** अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने घोषणा की है कि वह अमेरिका में एक नई, तीसरी प्रमुख राजनीतिक पार्टी स्थापित करने जा रहे हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी

### अमेरिका में बनाई तीसरी पार्टी

### ट्रंप को सीधी टक्कर देने के मूड में

साझा की। मस्क ने अमेरिका के दो-पक्षीय राजनीतिक ढांचे को खुली चुनौती दी है। उनके इस कदम से रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों ही पार्टियां चिंता में पड़ गई हैं।
मस्क ने इस नई पार्टी की घोषणा ऐसे समय में की है, जब उनके और डोनाल्ड ट्रंप के बीच राजनीतिक और सार्वजनिक विचारों में गहरे मतभेद उजागर हुए हैं। यह नई पार्टी एक संभावित गेम-चेंजर के रूप में सामने आ रही है। मस्क की पार्टी उन मतदाताओं को आकर्षित कर सकती है जो तकनीक के शौकीन, स्वतंत्रता के समर्थक और मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था से असंतुष्ट हैं। यह वही



समूह है जो कुछ हद तक ट्रंप का भी समर्थन करता रहा है। मस्क की छवि एक ऐसे दूरदर्शी नेता की बन रही है जो पारंपरिक राजनीति से अलग, कुछ नया और क्रांतिकारी करने का वादा करता है। यह उन मतदाताओं के लिए बेहद आकर्षक हो सकता है जो वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था से ऊब चुके हैं।
यदि मस्क की पार्टी बड़े चुनावों में अपने उम्मीदवार उतारती है, तो यह रिपब्लिकन पार्टी के वोट बैंक को खंडित कर सकती है, खासकर उन राज्यों में जहां चुनावी मुकाबला बहुत करीबी होता है। यहां वोटों का थोड़ा-सा बंटवारा भी नतीजों को पूरी तरह बदल सकता है।

# तालिबान को मान्यता देने की जल्दी नहीं : पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वे फिलहाल अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता देने की जल्दबाजी नहीं कर रहे हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि कोई भी फैसला देश के हितों को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। पाकिस्तान का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब एक दिन पहले ही रूस ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता देने का एलान कर दिया है। रूस के फैसले के बाद क्षेत्र के अन्य देश भी इस पर विचार कर सकते हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफाकत अली खान ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि रूस का तालिबान को मान्यता देने का फैसला उनके लिए चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि रूस बीते कुछ समय से ऐसे संकेत दे रहा था कि वह तालिबान शासन को मान्यता दे सकते हैं। रूस का मानना है कि अफगानिस्तान में अब तालिबान का शासन है और इस बात को स्वीकार करने के अलावा कोई और चारा नहीं है। रूस की सरकार का मानना है कि तालिबान सरकार से बातचीत से आतंकी खतरे से निपटने में मदद मिलेगी और साथ ही भू-रणनीतिक हितों में भी फायदा होगा।

# युद्ध में यूक्रेन का 70 फीसदी बुनियादी ढांचा तबाह

**कीव/मास्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध, जो फरवरी 2022 में शुरू हुआ, अब तक दोनों पक्षों के लिए बेहद महंगा साबित हुआ है। विश्व बैंक, यूएनडीपी और यूक्रेनी सरकार के अनुसार 70त्न से अधिक सार्वजनिक बुनियादी ढांचा या तो नष्ट हो चुका है या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त है। देश की जीडीपी में

### रूस को भी 300 अरब डॉलर की क्षति

### लाखों टन गोला-बारूद इस्तेमाल

2022-23 के बीच 30 से 40 प्रतिशत की गिरावट आई और लगभग 80 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। दोनों पक्षों की ओर से सैनिकों को मिलाकर 5 से 6 लाख लोग हताहत हुए हैं।
इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज (आईआई एसएस) और रैंड कॉरपोरेशन की रिपोर्टों के अनुसार युद्ध में यूक्रेन को अब तक लगभग 550 से 600 अरब डॉलर (करीब 50 लाख करोड़ रुपये) की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आर्थिक क्षति हो चुकी है। यह क्षति मुख्यतः बुनियादी ढांचे की तबाही, ऊर्जा संयंत्रों और औद्योगिक



इकाइयों के विध्वंस, कृषि भूमि के खनन और जमीनी युद्ध के चलते हुई है। हालांकि 3 साल 4 महीने पहले शुरू हुए इस भीषण युद्ध में यूक्रेन को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इस युद्ध की मारक परिणतियां अब युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं रहीं। एक तरफ जहां हजारों सैन्य और असैन्य संरचनाएं मलबे में तब्दील हो चुकी हैं, वहीं दूसरी ओर दोनों देशों की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर भी इसका गहरा असर पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञ संस्थानों और पर्यावरण आकलन एजेंसियों के अनुसार इस युद्ध में अब तक लाखों टन गोला-बारूद का इस्तेमाल हुआ है, जिससे पूर्वी यूरोप के कई शहरों की पहचान ही मिट गई है। रूस को भी इस युद्ध में कम आर्थिक झटका नहीं लगा है। आईएमएफ, ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स और कार्नेगी मॉस्को सेंटर जैसी संस्थाओं के अनुसार रूस को अब तक लगभग 250 से 300 अरब डॉलर की आर्थिक क्षति हुई है। यह क्षति मुख्य रूप से पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रतिबंधों, विदेशी निवेशकों के पलायन, निर्यात में गिरावट और युद्ध के बढ़ते खर्चों के रूप में सामने आई है। तेल और गैस निर्यात पर निर्भरता ने रूस की मुद्रा को अस्थिर किया और घरेलू मुद्रास्फीति में भी वृद्धि दर्ज की गई। रूस के लगभग 2 लाख सैनिक हताहत हुए हैं। यूक्रेन को भी करीब 4 लाख सैनिकों की क्षति उठानी पड़ी है।

# राफेल लड़ाकू विमान के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा चीन

**पेरिस।** फ्रांस की सैन्य और खुफिया एजेंसियों ने अपनी एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि चीन अपने दूतावासों के जरिए फ्रांस के लड़ाकू विमान राफेल फाइटर जेट के खिलाफ

### फ्रांसीसी खुफिया रिपोर्ट में दावा

### भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर फैलाई जा रहीं फर्जी खबरें

दुष्प्रचार कर रहा है और उसकी क्षमता पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रहा है। खासकर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए संघर्ष के बाद इस दुष्प्रचार में तेजी आई है। चीन, राफेल लड़ाकू विमानों की बिक्री को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है।
रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन के दूतावासों में तैनात डिफेंस अताशे विभिन्न देशों को राफेल लड़ाकू जेट नहीं खरीदने पर जोर दे रहे हैं। खासकर इंडोनेशिया को मनाने की कोशिश हो रही है, जो राफेल जेट खरीदने पर विचार कर रहा है। इतना ही नहीं चीन अपने लड़ाकू विमानों का प्रचार कर रहा है और विभिन्न देशों पर उन्हें खरीदने के लिए जोर डाल रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद मई में भारत और पाकिस्तान के बीच भीषण संघर्ष हुआ था, जिसमें मिसाइलों और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। सैन्य विशेषज्ञ अब इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि पाकिस्तान के चीन में निर्मित हथियारों खासकर लड़ाकू विमानों ने भारत के फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के खिलाफ कैसा प्रदर्शन किया। पाकिस्तान का दावा है



कि उसने भारत के पांच लड़ाकू विमान गिराए, जिनमें तीन राफेल जेट भी शामिल हैं। हालांकि फ्रांस के वायुसेना प्रमुख जनरल जेरोम बेलेंजर ने कहा कि भारत ने संभवतः तीन लड़ाकू विमान खोए, जिनमें एक राफेल, एक सुखोई और एक मिराज 2000 शामिल है। फ्रांस ने अभी तक जितने भी देशों को राफेल लड़ाकू जेट बेचे हैं, उनमें पहली बार राफेल के निशाना बनने की बात सामने आई है। बेलेंजर ने कहा कि लड़ाकू विमान अगर गिरा है, तो इस बारे में उस देश से सवाल पूछा जाना चाहिए। फ्रांस के हथियार निर्यात में बड़ा हिस्सा राफेल और उससे जुड़े उपकरण हैं। यह फ्रांस का विभिन्न देशों से संबंध बेहतर करने का भी प्रमुख जरिया है। खासकर एशिया में, जहां चीन अपना दबदबा बढ़ा रहा है। हालांकि इन दिनों फ्रांस को चीन के दुष्प्रचार से जूझना पड़ रहा है। जिसमें पाकिस्तान और चीन दोनों शामिल हैं। इसके तहत सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल की जा रही हैं, जिनमें फर्जी तस्वीरों के जरिए राफेल के मलबे को दिखाया जा रहा है। साथ ही एआई जेनरेट कंटेंट और वीडियो गेम की क्लिप दिखाकर राफेल को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के बाद एक हजार से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट बनाए गए, जो चीन की सैन्य तकनीक को बेहतर बताने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि अभी ये पता नहीं चला है कि सोशल मीडिया पर इस दुष्प्रचार में चीन की सरकार शामिल है या नहीं।

# इजरायल ने ठुकराया हमास का संघर्ष विराम प्रस्ताव

**तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम की कोशिशें जारी हैं। दोनों पक्षों के बीच कतर द्वारा

### मांगों को मानने से किया इंकार

मध्यस्थता की जा रही है। कतर ने संघर्ष विराम के लिए प्रस्ताव तैयार किया है, लेकिन हमास ने उसमें कुछ बदलाव किए हैं, जिस पर इजरायल ने आपत्ति जताई और प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। इजरायली प्रधानमंत्री ने वार्ताकारों की एक टीम को कतर भेजा है, जो संघर्ष विराम प्रस्ताव में बदलाव पर बात करेगी। हमास ने शुक्रवार को अमेरिका और इजरायल के समर्थन वाले प्रस्ताव को समर्थन दिया था, जिसमें समझौते के 60 दिनों में आधे जीवित इजरायली बंधकों और आधे मृत इजरायलियों को लौटाने की बात है। ये रिहाई पांच चरण में होगी। हमास ने इस प्रस्ताव में कथित तौर पर तीन बदलाव करने की मांग की है।
जिसके तहत हमास स्थायी तौर पर संघर्ष विराम पर वार्ता जारी रखने की मांग कर रहा है। साथ ही गाजा में राशन की आपूर्ति पूरी तरह से शुरू करने और आईडीएफ के पूर्व के संघर्ष विराम की स्थिति में लौटने की मांग कर रहा है। इजरायल ने हमास की इन मांगों को ठुकरा दिया है। हालांकि आगे बातचीत जारी रखने का फैसला किया है और अपने प्रतिनिधिमंडल को रविवार को दोहा रवाना किया।

### गाजा में 47 लोगों की मौत

इजरायल और हमास के बीच लगभग दो साल से चल रहे संघर्ष में गाजा के हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को भी हुए इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 47 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हमले उस समय हुए जब लोग खाना पाने के लिए कतार में खड़े थे। अस्पतालों में घायलों की भरमार है और इलाज के संसाधन कम पड़ रहे हैं।

# एक खास प्रेम कहानी 'तुम से तुम तक' आज से

भारतीय समाज में रिश्ते और शादी अक्सर परंपराओं के दायरों में तय होते हैं - जहां उम्र, आर्थिक स्थिति और सामाजिक पृष्ठभूमि जैसी बातें सबसे ज्यादा मायने रखती हैं। लेकिन प्यार किसी नियम को नहीं मानता - वो अपनी राह खुद बनाता है, और कई बार हर दायरे को पार करता चला जाता है। इसी जज़्बे को लेकर ज़ी टीवी, जो हमेशा कहानियों के नए-नए रूप दिखाता आया है, अब अपने दर्शकों के लिए एक नया और बेहद दिलचस्प फिक्शन शो लेकर आ रहा है - 'तुम से तुम तक' - जो आज के दौर के एक अनोखे रिश्ते को बेहद खूबसूरती से दर्शाता है। इस शो की कहानी अनु और आर्यवर्धन के अनोखे रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है - अनु, एक 19 साल की मिडल क्लास लड़की है, जबकि आर्यवर्धन 46 साल के एक सफल और आत्मनिर्भर बिज़नेस टायकून हैं। दोनों की उम्र, हैसियत और रहन-सहन में बड़ा फर्क है लेकिन इन दोनों के दिलों में प्यार अपनी जगह बना ही लेता है और समाज के हर तय नियम को चुनौती देता है। यह शो ज़ी टीवी की ब्रैंड फिलॉसफी 'आपका अपना ज़ी टीवी' के तहत एक अहम पेशकश है, और यह ज़ी कन्नड़ के बेहद सफल शो 'जोथे जोथियाली' से प्रेरित है। ज़ी टीवी पर 'तुम से तुम तक' का प्रसारण सोमवार सात जुलाई से रोज रात साढ़े आठ बजे होगा। पॉपुलर एक्टर शरद केलकर इस शो में आर्यवर्धन की भूमिका निभा रहे हैं। वो एक ऐसे



बिज़नेसमैन बने हैं जो प्रभावशाली होने के साथ-साथ ज़मीन से जुड़े हुए हैं, और अपनी सूझबूझ, विनम्रता और शालीनता से सभी का दिल जीत लेते है। वहीं निहारिका चौकसे, अनु का किरदार निभा रही हैं - एक चुलबुली, ईमानदार और सभी की प्यारी लड़की, जो अपने परिवार के लिए एक अच्छे भविष्य का सपना देखती है। अनु प्यार की परवाह करती है, लेकिन ज़िंदगी की ज़िम्मेदारियों को भी अच्छे से समझती है।

# 'वसुधा' में कुंवर विक्रम का चाकू फाइट सीन!

पॉपुलर शो 'वसुधा' की कहानी इन दिनों बड़े रोमांचक मोड़ पर है, जहां किरदारों के जज़्बात, रिश्तों की गहराई और हर पल का ड्रामा दर्शकों को बांधे हुए है। इस हफ्ते शो में एक ऐसा सीक्वेंस दिखेगा, जो एक्शन,



इमोशन और सस्पेंस से भरपूर होगा। इसमें एक चाकू फाइट सीन के साथ माधव यानी कुंवर विक्रम सोनी की दमदार वापसी हो रही है। यह एक ऐसा पल होगा, जहां उसका जज़्बा, हिम्मत और फर्ज़ सबकी परीक्षा एक साथ है। टीवी पर अक्सर फाइट सीन्स को कोरियोग्राफ करके फिल्माया जाता है, लेकिन यह सीन उससे बिल्कुल अलग है। इसमें हर कदम, हर वार, हर बचाव एक सच्ची भावना से निकला है। माधव यह लड़ाई किसी निजी बदले के लिए नहीं, बल्कि दिव्या (शुभांशी रघुवंशी) को बचाने के लिए लड़ रहा है, जिसे अगवा कर लिया गया है। इस बेहद थका देने वाले सीन की तैयारी के लिए कुंवर विक्रम ने शो की स्टंट टीम के साथ कड़ी ट्रेनिंग ली। उन्होंने शुरुआती तौर पर तीन घंटे तक लगातार प्रैक्टिस की, और दो मेजर सीक्वेंसेज़ के लिए कुल मिलाकर लगभग पांच घंटे की मेहनत की। एक सीन में चाकू से चाकू की लड़ाई थी, जबकि दूसरे में माधव को एक हथियारबंद गैंग का सामना करना था। इस ट्रेनिंग में नाइफहैंडलिंग टेक्निक्स, फुटवर्क, पार्टनर कोऑर्डिनेशन और रियलिस्टिक लेकिन असरदार मूवमेंट्स पर खास फोकस रहा। कुंवर के लिए सबसे चैलेंजिंग हिस्सा था - स्टाइलिश लेकिन ज़मीन से जुड़ी चाकूबाज़ी को दिखाना। ये उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव था। अपनी परफॉर्मेंस को और बेहतर बनाने के लिए उन्होंने हाल ही में आई एक्शन फिल्म 'किल' से इंस्पिरेशन ली। मालूम हो कि वसुधा हर रात सवा दस बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

बाजार दर्पण

